
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



# दैनिक समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 279 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 17 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया


## बिहार के मुखिया के लिए आई बहार,हो जायेंगे मालामाल, सरकार ने भेजे करोड़ों रुपए।

समाज जागरण बिहार हेड(राजेंद्र कु.पांडेय की रिपोर्ट) पटना :बिहार के पंचायत मुखिया अब मालामाल हो गए हैं। दरअसल, नीतीश सरकार ने इनके खाते में पैसे भेजे हैं। इससे पहले कि आप अपने दिमाग पर ज्यादा जोर डालें, आपको बता दें कि ये पैसे मुखिया को पेयजल, स्वच्छता और विकास कार्य में खर्च करने के लिए दिया गया है। सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायती



राज संस्थाओं के अकाउंट में 1921 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। इनमें 1343 करोड़ रुपये ग्राम पंचायतों को मिले हैं। जबकि पंचायत समितियों और जिला परिषदों को 288-288 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। 15 वें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत ये राशि दी गई है, जिसे पंचायती राज विभाग ने सीधे पंचायतों के अकाउंट में भेजा है।ये राशि पंचायतों को दो अलग-अलग मदों में भुगतान की गई है, जिसमें एक मद टाइड है और अनटाइड। टाइड मद में 60 प्रतिशत राशि भेजी गई, जबकि अनटाइड मद में 40 प्रतिशत राशि ट्रांसफर किए गए हैं। सरकार ने कुछ योजनाओं की लिस्ट तैयार की है, जिसके तहत टाइड मद की राशि खर्च की जाएगी। इनमें पेयजल आपूर्ति, जल संरक्षण, गली-नाली पक्कीकरण, स्वच्छता, खुले में शौचमुक्त के सतत रखरखाव से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। वहीं, अनटाइड मद की राशि की बात करें तो इसे अलग-अलग विकास कार्यों में खर्च किया जाएगा, जिसका फैसला ग्राम सभा में लिया जाएगा। अनटाइड राशि खेल के मैदान, सामुदायिक भवन निर्माण, शवदाह गृह, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में सुविधाओं का विकास पर खर्च होंगे। अनटाइड मद की राशि का उपयोग वार्ड से आए प्रस्ताव पर भी किया जा सकेगा।

## वजीरगंज के मध्य विद्यालय मुगीर्याचक के बाहर में बम विस्फोट, 2 छात्र घायल 4 बेहोश

समाज जागरण वजीरगंज(गया) वजीरगंज प्रखंड उत्क्रमित मध्य विद्यालया मुगीर्याचक के प्रांगण के बाहर में एक बम ब्लास्ट हुआ। जिसके



कारण बम के छर्रे लगने से 2 बच्चे घायल हो गए है वही अन्य चार बच्चे बेहोश हो गए।

सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार वजीरगंज थाना अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुगीर्याच्क मे यह विस्फोट उस समय हुआ जब कक्षा संचालन के बाद बाहर खेल रहा था।बम विस्फोट की वजह से 2 बच्चे घायल हो गए हैं। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है. मौके पर बम निरोधी दस्ता पहुंचकर जांच में जुट गया है. पुलिस भी मौके पर पहुंचकर बम विस्फोट का जायजा लिया जिसमें 2 बच्चे समेत 7 घायल सभी बच्चो को इलाज लिए स्थानीय सीएचसी लाया जहाँ बच्चे का प्राथमिक उपचार हुआ। आवाज सुनकर 4 बच्चे बेहोश : बताया जाता है कि पूर्वाह्न करीब 10.30 बजे प्राथमिक विद्यालय मुर्लियाचक में अचानक विस्फोट हुआ. देशी बम के छर्रे लगने से दो बच्चे घायल हो गए. विनोद मांझी का 10 वर्षीय पुत्र सत्येन्द्र कुमार और दुलारचंद मांझी का 9 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार छर्रे लगने से घायल हैं. सत्येन्द्र कुमार चौथी कक्षा का छात्र है जबकि नीरज कुमार तीसरी कक्षा का छात्र है. वहीं बम की आवाज सुनकर 4 बच्चे बेहोश हो गए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है.

पुलिस प्रशासन ने क्या कहा- एसएसपी हरप्रीत कौर ने बताया है कि, "वजीरगंज के एक सरकारी स्कूल में बम विस्फोट की सूचना है जिसमें दो छात्र घायल हुए हैं. मौके पर बम निरोधक दस्ते को भेजा गया है. मामले की छानबीन की जा रही है." इधर, ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात गांव में दो-तीन विस्फोट हुआ था। इस मौके पर एडिशनल मनीष कुमार,,डीएसपी घुरण मण्डल, वजीरगंज थानाध्यक्ष राम एकबाल प्रसाद यादव,एस आई अनिल कुमार सिंह ,बीडीडीएस राजू जी, एसएसबी के डी समबाल, कंपनी कमांडर बैक्टेष एन आदि मौजूफ थे।

## इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र की संदिग्ध स्थिति में मौत पंखे से लटका मिला शव, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर जांच की मांग की हैं

समाज जागरण मुरारी झा

दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज के तीसरे वर्ष के छात्र की लाश कॉलेज




प्रशासन को उसके रूम से मिला। छात्र नयन यादव जो शक्लदीप यादव के पुत्र हैं उसकी उम्र 23 वर्ष है और वह नवादा जिले के रहने वाले हैं मृतक छात्र के मित्र अविनाश कुमार ने बताया कि शाम 8:00 बजे जब वह दूध लाने के लिए उठाने गया तो गेट अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद नहीं उठा तो उसने अन्य मित्रों एवं शिक्षक को बुला लिया। शिक्षकों के कहने के बाद जब रूम का घर दरवाजा तोड़ा गया तो उसका शव पंखे से बेल्ट के सहारे लटका पाया गया। बाद में उसे कैंसर हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तत्काल मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। वह लोग नवादा से सुबह आए शव को पोस्टमार्टम में पुलिस भेजकर मामले की जांच कर रही है। अर्जुन का कहना था कि मृतक का हमेशा पढ़ने में ध्यान लगा रहता था। उसका किसी से झगड़ा नहीं था। ऐसे में परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। डीएसपी मामले की तहकीकात में जुट गए है। जहां पुलिस अनुसंधान के क्रम में छात्र कें दोस्त एवं कॉलेज प्रशासन से भी पूछताछ की जा रही है।

# भाजपा ने एक बार फिर चौंकाया,

## NDA की तरफ से जगदीप धनखड़ को बनाया उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार

राष्ट्रपति चुनाव के साथ-साथ उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर भी सियासी गलियारों में चर्चाएं जोरों पर हैं. इस बीच भाजपा ने आज शनिवार को जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार घोषित कर सभी को चौंका दिया है. जगदीप धनखड़ वर्तमान में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल हैं.

राष्ट्रपति चुनाव के साथ-साथ उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर भी सियासी गलियारों में चर्चाएं जोरों पर हैं. इस बीच भाजपा ने आज शनिवार को जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार घोषित कर सभी को चौंका दिया है. जगदीप धनखड़ वर्तमान में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल हैं. उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम को भाजपा संसदीय पैनल द्वारा अंतिम रूप दिया गया. भाजपा संसदीय पैनल के सदस्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह सहित अन्य शामिल थे. भाजपा संसदीय दल की बैठक आज शनिवार को पार्टी मुख्यालय पर हुई.



### कौन हैं जगदीप धनखड़?

जगदीप धनखड़ तीन दशक से अधिक समय से सार्वजनिक जीवन में हैं. 1989 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू से सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया. इसके बाद, उन्होंने 1990 में संसदीय मामलों के राज्य मंत्री के रूप में भी कार्य किया. 1993 में, वे अजमेर जिले के किशनगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से राजस्थान विधानसभा के लिए चुने गए. जुलाई 2019 में, उन्हें पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था, जहां उन्होंने कड़ी मेहनत की और लोक कल्याण के मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए एक पीपुल्स गवर्नर के रूप में अपनी पहचान बनाई.

### 6 अगस्त को होगा उपराष्ट्रपति चुनाव

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 19 जुलाई है और चुनाव 6 अगस्त को होना है. इससे पहले रामनाथ कोविंद और एम वेंकैया नायडू दोनों ने देश के दोनों सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर आसानी से चुनाव जीता था. नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है. एनडीए के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू हैं जबकि विपक्ष के यशवंत सिन्हा हैं. चुनाव 18 जुलाई को और मतदान 21 जुलाई को होगा.

## शासन की नीतियों को आगे बढ़ाना मेरी पहली प्राथमिकता - मीनाक्षी सिंह

आगरा।शासन की नीतियों को आगे बढ़ानो मेरी पहली प्राथमिकता होगी यह कहना हैं आगरा विकास प्राधिकरण की नवागत सहायक अभियंता विधुत यांत्रिक, मीनाक्षी सिंह का। पदभार संभालने के बाद एक विशेष भेट में उन्होंने बताया कि आगरा विकास प्राधिकरण का राजस्व बढ़ानो उनको प्रयास होगा । शासने की नीति का असर जमीन स्तर पर दिख सके इसके लिये वह हरसंभव प्रयास करेंगी ।जिससे सरकार की छवि औड्ड बेहतर



तरीके से दिख सके । मीनाक्षी मूल रूप से मध्य प्रदेश के सागर जिले की रहने वाली है । सागर के ही इंदिरा गांधी गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी० टेक किया है । वह विकास प्राधिकरण सेवा की 2021 बैच की अधिकारी है ।

प्राधिकरण में इनकी गिनती साफ-सुथरी और तेज तर्रार अधिकारीयो में शुमार की जाती है । इसी काबिलियत के चलते आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने संपति के सहायक प्रभारी का दायित्व भी सौंपा है ।

## नोएडा कांग्रेस टीम ने प्रमोद तिवारी का जन्मदिन मनाया

देव मणिशुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के सदस्य सतेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद एवं सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के 'जन्मदिन' के शुभअवसर पर उनके दिल्ली स्थित आवास पर जाकर पगड़ी एव पटका पहनाकर एव केक काटकर काँग्रेस कार्यकर्ताओ ने बड़ी धूमधाम से जन्मदिन मनाया।



सभी काँग्रेस कार्यकर्ताओ ने श्री तिवारी जी के लिए भगवान से दीघार्यु एव अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने सभी काँग्रेस कार्यकर्ताओ का ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुये कहा है कि आप सभी ने जन्मदिन को यादगार बनाया उसके लिए सभी का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूँ एक जुटता के साथ मिलकर काँग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए सँघर्ष करते रहिए। बधाई देने वालो में प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा,प्रदेश सदस्य लियाकत चौधरी,काँग्रेस नेता यतेंद्र शर्मा, नेता दयाशंकर पांडेय, सचिव जीतू शर्मा,सतपाल चाचा सहित अन्य सैकड़ों नेताओ ने प्रमोद तिवारी जी को जन्मदिन की बधाई दी।

## *बम-बम भोले के जयकारों के साथ निकली कांवड़ पद यात्रा*

## फरदहिया से छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए निकली कांवड़ यात्रा

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

सिंगाही। तहसील निघासन के अन्तर्गत आने वाले ग्राम फरदहिया में देव स्थान बरम बाबा पर सभी भक्त पूजन कर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए ढखेरवा सरयू नदी तट से 16जुलाई को दोपहर लगभग 1 बजे कांवड़ में शिव भक्त श्रद्धालुओं ने जल भरकर गोला शिवमंदिर के लिए काँवड़ यात्रा पैदल जाने



के लिए प्रस्थान कर रही है जो सोमवार को प्रातः काल सभी कांवड़िए श्रद्धालु शिवलिंग पर जल चढ़ाएंगे। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में ग्राम फरदहिया से भारी संख्या में श्रद्धालुओ की कावड़ यात्रा छोटी काशी जाने के लिए प्रस्थान करती थी ,परन्तु पिछले वर्ष 2020 - 21 कोविड-19 के चलते कांवड़ यात्रा में नहीं जा पाये थे ।वहीं इस वर्ष थोड़ी राहत के चलते वर्तमान समय मे श्रद्धालु फिर भारी संख्या में और सावधानी पूर्वक कावड़ यात्रा ग्राम फरदहिया से छोटी काशी जाने को तैयार हुए है जो शनिवार को ढखेरवा सरयू तट से जल भरकर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए स्थान बरम बाबा पर पूजन आदि करके गोला के लिए प्रस्थान कर रहे हैं जो सोमवार को गोला गोकर्णनाथ में शिव जी को जलाभिषेक करेंगे। विनोद राज, भोले मौर्य आदि अनेक शिव भक्त छोटी काशी के लिए प्रस्थान कर रहे है।

## योग करें निरोग रहें

### *श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने किया योग*

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह हरदोई।मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों को स्वस्थ व निरोग रहने के लिए योग कराने



की परंपरा शुरू की गई है बच्चों को योग शिक्षिका आरती वर्मा व प्राची सिंह तोमर के द्वारा प्रतिदिन योग कराया जाएगा। योग शिक्षिका आरती वर्मा का कहना है कि योग हमारे देश के प्राचीन संस्कृत का गौरव है जिसकी वजह से भारत विश्व का गुरु रहा है योग करने से रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ती




है जिससे शरीर स्वस्थ और बलवान बना रहता है। योग लगातार करने से रक्तचाप और ह्रदयगति के नियंत्रण में मदद मिलती है योग करने से शरीर हष्ट पुष्ट बनता है इसके अलावा योग करने से हमारा शरीर लचीला व बलिष्ठ बनता है और मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। कहना कि बच्चों को प्रतिदिन योग करना चाहिए जिससे शरीर तो स्वस्थ रहेगा ही दिमाग भी तेज होता है तथा पढ़ाई में मन लगता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में बच्चों को प्रतिदिन कराया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक अखिलेश सिंह के अलावा उप प्रबंधक मुकेश सिंह प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी ,भूमिका सिंह, विनीता शुक्ला ,कविता गुप्ता, अर्पिता सिंह, बीना गुप्ता ,रचना प्रजापति, प्रियांशी आनंद आदि ने सहयोग किया।






## केजरीवाल सरकार की लापरवाही से सड़कों पर जलजमाव व जाम से थमी गई दिल्ली -आदेश गुप्ता

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-प्रदेश जनता पार्टी भारतीय के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने केजरीवाल सरकार पर नाकामी व लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि आज हुई बारिश के बाद दिल्ली के कई इलाकों में जलजमाव होने पर केजरीवाल सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि दिल्ली




के नालों से गाद न निकालने के कारण थोड़ी भी बारिश में जलजमाव होना शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब भी केजरीवाल के कामों को धरातल पर परखने की बारी आती है तो वहां केजरीवाल हमेशा फेल होते हुए दिखाई देते हैं। आज हुई बारिश के बाद मयूर विहार फेज-3, अक्षरधाम, जीटीबी नगर, आईटीओ, बुराड़ी, लक्ष्मीनगर, सरदार पटेल मार्ग जैसे महत्वपूर्ण चौराहों पर ट्रैफिक तजाम में लोग घंटों फंसे रहें। पानी सड़कों पर होने कारण कारें रेंगती हुई नजर आई। गुप्ता ने कहा कि राजौरी गार्डन, पश्चिमभ पंजाबी बाग, अशोक नगर, द्वारका, जंगपुरा, नेहरू नगर, आनंद विहार, विश्वास नगर, सीआर पार्क, सफदरजंग एन्क्लेव, करोल बाग, पहाड़गंज, सब्जी मंडी, आजादपुर, जहांगीरपुरी और किंग्सवे कैंप जैसे इलाकों में रहने वाले लोगों को बारिश से हुए जलजमाव से भारी परेशानी झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल और उनके मंत्री बारिश से पहले सिर्फ सड़कों का मुआयना करते हैं लेकिन काम करने की बारी आती है तो हाथ खड़े कर लेते हैं। ऐसे ही करके दिल्ली को पिछले आठ सालों से गुमराह करने का काम केजरीवाल कर रहे हैं।

## हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्त दान किया गया

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- साउथ दिल्ली के अगस्त क्रांति मार्ग पर,आज हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पंचशील सर्विस स्टेशन जोकि एचपीएल का पेट्रोल पंप है। यहां के कर्मचारियों ने देश के जवानों के लिए रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन एसडीएमसी सुभाष भड़ाना व विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रेटर कैलाश की पूर्व पार्षद



शिखा राय ने शिरकत की। इस मौके पर आए अतिथियों ने पेट्रोल पंप के कर्मचारियों को सूखे राशन की किट का वितरण किया। साथ ही एनजीओ सेंटर फॉर वॉटर सैनिटेशन एंड हेल्थ फॉर वूमेन की अध्यक्ष आभा बहादुर ने कर्मचारियों व ग्राहकों को सेनेटरी पैडों का वितरण भी किया। उक्त कार्यक्रम में पंचशील सर्विस स्टेशन के प्रोपराइटर हेमंत वालिया ने ग्राहकों को जूस, चॉकलेट का भी वितरण किया। साथ ही उक्त कार्यक्रम को एक सप्ताह तक चलाने की बात कही। इस मौके पर पेट्रोल पंप के कर्मचारी संजय चौधरी ने आगंतुक लोगों का आभार भी प्रकट किया।

## सूखा कुड़ा और गिला कुड़ा को अलग-अलग करके ही दिया करेः नोएडा प्राधिकरण

नोएडा समाज जागरण नोएडा प्राधिकरण ने लोगों से अपील की है कि सूखा और गिला कुड़ा को अलग-अलग करके ही गाड़ी में डाले। प्राधिकरण के सामान्य प्रशासन में अधिकारी श्री इंदू प्रकाश सिंह नें आज स्वयं गाड़ियों में डाले गए कुड़े का निरीक्षण करते दिखे जिसका टवीट स्वयं श्री सिंह ने अपने ट-वीटर हैण्डल के




माध्यम से किया ।यह तस्वीर नोएडा सेक्टर 12 वाई ब्लाक की है।

बताते चले कि नोएडा प्राधिकरण के द्वारा डोर-टू-डोर कचरा उठाने की व्यवस्था की हुई है। जिसके लिए गाड़ी गाना बजाते हुए आती है। ह्लआया रे कचरा वाला आया रेह्व और कचरा लेकर चली जाती है। लेकिन गाड़ी में आज भी कचरा मिक्स करके डाले जाते है, या यह कहे कि प्राधिकरण के जागरुकता अभियान के बावजूद भी लोगो नें गिला कचरा और सूखा कचरा को अलग-अलग रखने की जेहमत उठाना उचित नही समझा है। जिसके कारण आज भी देखा जा सकता है कि एक ही डिब्बा में गिला और सूखा दोनों प्रकार के कचरे को रखे जाते है। नोएडा प्राधिकरण के सामान्य प्रशासन अधिकारी श्री प्र-काश नें इसी तरफ लोगों के ध्यान खिचने की कोशिश की है। अधिकारी के द्वारा किए गए इस निरीक्षण कार्य को काफी लोगों नें सराहा है।

## बढ़ती जीएसटी के विरोध में व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। सरकार द्वारा बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने की बजाय ऊपर से गरीब जनता की खाने पीने की वस्तुओं पर भी टैक्स लगा दिया। इसी समस्या को लेकर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के व्यापारियों ने शनिवार को देश के प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह को सौंपा ।



जीएसटी काउंसिल की 47 वीं बैठक में सभी प्रकार के अनब्रांडे प्रीपैक्स प्रीलेविल अनाज दाल अरहर , गेहूं चना मुरमुरे ऑर्गेनिक गुड आटा जैसी आवश्यक उपयोग में आने वाली आवश्यक वस्तुओं पर 5% कर मंडी समिति में खड़े अनाजों पर फूड लाइसेंस की अनिवार्यता को वापसी दिए जाने एवं वेयरहाउस में रखे जाने वाले कृषि उत्पादन एवं 1000 रुपए तक होटल के कमरों पर प्रस्तावित 12% जीएसटी वह अस्पतालों पर 5000 से अधिक के बेड पर लगाए गए 5% अतिरिक्त कर को वापसी लिए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री सुजीत कुमार बंसल प्रदेश मंत्री सरदार गुरुचरण सिंह मोहन कैलाश चंद मित्तल नगर अध्यक्ष ललित गर्ग नगर महामंत्री संजीव जैन उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल गुप्ता सुनील वर्मा प्रखर अग्रवाल आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

22 may 2022:Layout 1 7/17/2022 2:23 AM Page 2



# साधना पथ (भाग 198)



देव मणि शुक्ल

साधकों सद्भावनायुक्त मनुष्य ही हमको आपको सामाजिक प्रतिष्ठा और मान-सम्मान देने वाले हैं। उनके दृष्टिकोण एवं विचारधारा पर हमारी आपकी अच्छी सफलता निर्भर है।

साधकों जैसा कि हमारे , आपके आसपास वाले समझते हैं, वैसे ही वास्तव में हम आप हैं। समाज में हमारे आपके प्रत्येक कार्य की सूक्ष्म अलक्षित तरंगें निकला करती हैं, जो दूसरों पर प्रभाव डालती हैं ।भलाई , अच्छाई आदि सद्व्यहार वह धन है जो रात-दिन बढ़ता है। यदि दैनिक व्यवहार में हम आप यह नियम बना लें, कि हम जिन लोगों के सम्पर्क में आयेंगे, उनके साथ सद्भावनायुक्त व्यवहार करेंगे, तो स्मरण रखिये हमारे आपके मित्र और हितैषियों की संख्या बढ़ती ही जायेगी। हम आप दूसरों के प्रति जितनी प्रेम उदारता और सहानुभूति दिखलायेंगे, उनसे दस गुनी उदारता और सहानुभूति प्राप्त करेंगे। सद्व्यवहार दूसरे के अहं-भाव की रक्षा करना वह आकर्षण है, जो दूर तक अपना प्रभाव डालता है। धीरे-धीरे उदारता मनुष्य के चरित्र का एक आवश्यक गुण बन जाती है।

उदार मनुष्य दूसरों से प्रेम अपने स्वार्थ साधन के हेतु नहीं करता, वरन् उनके कल्याण के लिए करता है। उदार व्यक्ति में प्रेम सेवा का रूप धारण कर लेता है।उदार व्यक्ति दूसरे के दुःख से स्वयं दुःखी होता है। उसे अपने दुःख-सुख की उतनी अहं की रक्षा करना चाहता है। सभी में कुछ न कुछ मात्रा में गर्व, मान अपने आप को बहुत श्रेष्ठ समझने की उच्च भावना है। अपने को सज्जन, उच्चतम, पवित्र, ईमानदार, सच्चा, बहादुर, कुलीन समझता है। अपनी समझदारी तर्क शक्ति, ज्ञान, पूर्णता उच्चता में नगण्य से नगण्य व्यक्ति को विश्वास है।किसी से यह न कहिए कि तुम नीच हो, तुममें समझदारी, ज्ञान, सतर्कता, नहीं है। तुम कठोर, कमजोर, दुर्बल, डरपोक हो और सोचने-समझने की भी शक्ति नहीं है।

इस तरह के नकारात्मक अभावयुक्त शब्द अपने विषय में कोई भी सुनना पसन्द नहीं करता। दूसरों के गर्व को चूर्ण करने वाले ऐसे अनेक शब्द पारस्परिक वैमनस्य, कटुता, शत्रुता और लड़ाई के कारण बनते हैं।

दूसरों से इस प्रकार चर्चा कीजिए कि जिससे उसके सम्मान और गर्व की रक्षा होती चले। वह यह अनुभव करे कि आप उसकी इज्जत करते हैं, उसकी राय की कद्र व इज्जत करते हैं, उससे कुछ सीखना चाहते हैं।

यदि किसी व्यक्ति के मन पर अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से यह बात बैठ जाय कि आप उसका सम्मान करते हैं, तो वह सदैव आपकी प्रतिष्ठा करता रहेगा।

हम आप लोगों की प्रशंसा, अभिवादन करना सीखें। प्रशंसा इस प्रकार से की जाय कि दूसरा यह न समझ सके कि उसे बनाया जा रहा है। प्रशंसा से दूसरा अत्यन्त उत्साहित होता है तथा अपना हृदय खोलकर रख देता है।

जितना ही मनुष्य दूसरे की प्रशंसा करता है, उतनी ही उसमें अच्छा काम करने की शक्ति आती है, यहाँ तक कि कुछ समय के पश्चात आपको अप्रत्यक्ष रूप से वह प्रेम करने लगता है। गुण-ग्राहक बनिए।

दूसरों में जो उत्तम बातें हैं, उसे व्यवहार में लाने के लिए अवसर तकिए। तनिक-सी गुण-ग्राहकता से दूसरा व्यक्ति एकदम आपकी ओर आकर्षित हो जाता है।

एक बात और जब हम, आप उसमें दिलचस्पी व उसकी महत्ता स्वीकार कर रहे हैं, गुणों की तारीफ कर रहे हैं, तो वह अनायास ही हमसे आपसे प्रभावित हो जाता है। सम्भव है कि कोई किसी समय हतोत्साहित हो रहा हो और आपकी गुण ग्राहकता से उसका टूटता साहस पुनः जागृत हो जाय और इस कारण वह आपकी ओर आकर्षित हो।

जब हम लोगों को गुणग्राहक दृष्टि से निरीक्षण करने लगते हैं तो हर प्राणी में कितनी ही अच्छाइयाँ, उत्तमताएँ और विशेषताएँ दीख पड़ती हैं।

# सत्यमेव जयते

सत्यमेव जयते भारत का 'राष्ट्रीय आदर्श वाक्य' है, जिसका अर्थ है- "सत्य की सदैव ही विजय होती है"। यह भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के नीचे देवनागरी लिपि में अंकित है। 'सत्यमेव जयते' को राष्ट्रपटल पर लाने और उसका प्रचार करने में पंडित मदनमोहन मालवीय की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही थी। वेदान्त एवं दर्शन ग्रंथों में जगह-जगह सत असत का प्रयोग हुआ है। सत शब्द उसके लिए प्रयुक्त हुआ है, जो सृष्टि का मूल तत्त्व है, सदा है, जो परिवर्तित नहीं होता, जो निश्चित है। इस सत तत्त्व को ब्रह्म अथवा परमात्मा कहा गया है।

**इतिहास**

सम्पूर्ण भारत का आदर्श वाक्य 'सत्यमेव जयते' उत्तर भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश के वाराणसी के निकट स्थित सारनाथ में 250 ई. पू. में मौर्य सम्राट अशोक द्वारा बनवाये गए सिंह स्तम्भ के शिखर से लिया गया है, किंतु इस शिखर में यह आदर्श वाक्य नहीं है। 'सत्यमेव जयते' मूलतः 'मुण्डकोपनिषद' का सर्वज्ञात मंत्र है। 'मुण्डकोपनिषद' के निम्न श्लोक से 'सत्यमेव जयते' लिया गया है-

**सत्यमेव जयते नानृतं सत्येन पंथा विततो देवयानः।**
**येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा यत्र सत्सत्यस्य परमं निधानम्॥**

**आदर्श सूत्र वाक्य**

प्राचीन भारतीय साहित्य के 'मुण्डकोपनिषद' से लिया गया यह आदर्श सूत्र वाक्य आज भी मानव जगत की सीमा निर्धारित करता है। 'सत्य की सदैव विजय हो' का विपरीत होगा- 'असत्य की पराजय हो'। सत्य-असत्य, सभ्यता के आरम्भ से ही धर्म एवं दर्शन के केंद्र बिंदु बने हुये हैं। 'रामायण' में भगवान श्रीराम की लंका के राजा रावण पर विजय को असत्य पर सत्य की विजय बताया गया और प्रतीक स्वरूप आज भी इसे 'दशहरा' पर्व के रूप में सारे भारत में मनाया जाता है तथा रावण का पुतला जलाकर सत्य की विजय का शंखनाद किया जाता है। विश्व प्रसिद्ध महाकाव्य 'महाभारत' में भी एक श्रीकृष्ण के नेतृत्व और पाँच पाण्डवों की सौ कौरवों और अट्ठारह अक्षौहिणी सेना पर विजय को सत्य की असत्य पर विजय बताया गया। कालांतर में वेद और पुराण के विरोधियों ने भी सत्य को 'पंचशील' व 'पंचमहाव्रत' का प्रमुख अंग माना।[2]

# बुनियादी शिक्षा,संस्कृति की राष्ट्र के आर्थिक तथा नैतिक विकास में महती भूमिका

बुनियादी, नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है' शिक्षित सुसंस्कृत नागरिक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं 'जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें' बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता' वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।



संजीव ठाकुर लेखक चिंतक
स्तंभकार रायपुर छत्तीसगढ़

# दयानंद सरस्वती

महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती (जन्म- 12 फरवरी, 1824 - गुजरात, भारत; मृत्यु- 30 अक्टूबर, 1883 अजमेर, राजस्थान) आर्य समाज के प्रवर्तक और प्रखर सुधारवादी संन्यासी थे। जिस समय केशवचन्द्र सेन ब्रह्मसमाज के प्रचार में संलग्न थे लगभग उसी समय दण्डी स्वामी विरजानन्द की मथुरा पुरी स्थित कुटी से प्रचण्ड अग्निशिखा के समान तपोबल से प्रज्वलित, वेदविद्यानिधान एक संन्यासी निकला, जिसने पहले-पहल संस्कृतज्ञ विद्वात्संसार को वेदार्थ और शास्त्रार्थ के लिए ललकारा। यह संन्यासी स्वामी दयानन्द सरस्वती थे।

**परिचय**

प्राचीन ऋषियों के वैदिक सिद्धांतों की पक्षपाती प्रसिद्ध संस्था, जिसके प्रतिष्ठाता स्वामी दयानन्द सरस्वती का जन्म गुजरात की छोटी-सी रियासत मोरवी के टंकारा नामक गाँव में हुआ था। मूल नक्षत्र में पैदा होने के कारण पुत्र का नाम मूलशंकर रखा गया। मूलशंकर की बुद्धि बहुत ही तेज थी। 14 वर्ष की उम्र तक उन्हें रुद्री आदि के साथ-साथ यजुर्वेद तथा अन्य वेदों के भी कुछ अंश कंठस्थ हो गए थे। व्याकरण के भी वे अच्छे ज्ञाता थे। इनके पिता का नाम 'अम्बाशंकर' था। स्वामी दयानन्द बाल्यकाल में शंकर के भक्त थे। यह बड़े मेधावी और होनहार थे। शिवभक्त पिता के कहने पर मूलशंकर ने भी एक बार शिवरात्रि का व्रत रखा था। लेकिन जब उन्होंने देखा कि एक चुहिया शिवलिंग पर चढ़कर नैवेद्य खा रही है, तो उन्हें आश्चर्य हुआ और धक्का भी लगा। उसी क्षण से उनका मूर्तिपूजा पर से विश्वास उठ गया। पुत्र के विचारों में परिवर्तन होता देखकर पिता उनके विवाह की तैयारी करने लगे। ज्यों ही मूलशंकर को इसकी भनक लगी, वे घर से भाग निकले। उन्होंने सिर मुंडा लिया और गेरुए वस्त्र धारण कर लिए। ब्रह्मचर्यकाल में ही ये भारतोद्धार का व्रत लेकर घर से निकल पड़े। इनके जीवन को मोटे तौर से तीन भागों में बाँट सकते हैं:

घर का जीवन(1824-1845),
भ्रमण तथा अध्ययन (1845-1863) एवं
प्रचार तथा सार्वजनिक सेवा। (1863-1883)

महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

स्वामी दयानन्द जी के प्रारम्भिक घरेलू जीवन की तीन घटनाएँ धार्मिक महत्त्व की हैं :

चौदह वर्ष की अवस्था में मूर्तिपूजा के प्रति विद्रोह (जब शिवचतुर्दशी की रात में इन्होंने एक चूहे को शिव की मूर्ति पर चढ़ते तथा उसे गन्दा करते देखा),

अपनी बहिन की मृत्यु से अत्यन्त दुःखी होकर संसार त्याग करने तथा मुक्ति प्राप्त करने का निश्चय।

इक्कीस वर्ष की आयु में विवाह का अवसर उपस्थित जान, घर से भागना। घर त्यागने के पश्चात 18 वर्ष तक इन्होंने संन्यासी का जीवन बिताया। इन्होंने बहुत से स्थानों में भ्रमण करते हुए कतिपय आचार्यों से शिक्षा प्राप्त की।

शिक्षा

बहुत से स्थानों में भ्रमण करते हुए इन्होंने कतिपय आचार्यों से शिक्षा प्राप्त की। प्रथमतः वेदान्त के प्रभाव में आये तथा आत्मा एवं ब्रह्म की एकता को स्वीकार किया। ये अद्वैत मत में दीक्षित हुए एवं इनका नाम 'शुद्ध चैतन्य" पड़ा। पश्चात ये सन्न्यासियों की चतुर्थ श्रेणी में दीक्षित हुए एवं यहाँ इनकी प्रचलित उपाधि दयानन्द सरस्वती हुई।

**स्वामी विरजानन्द के शिष्य**

सच्चे ज्ञान की खोज में इधर-उधर घूमने के बाद मूलशंकर , जो कि अब स्वामी दयानन्द सरस्वती बन चुके थे, मथुरा में वेदों के प्रकाण्ड विद्वान प्रज्ञाचक्षु स्वामी विरजानन्द के पास पहुँचे। दयानन्द ने उनसे शिक्षा ग्रहण की। मथुरा के प्रज्ञाचक्षु स्वामी विरजानन्द, जो वैदिक साहित्य के माने हुए विद्वान थे। उन्होंने इन्हें वेद पढ़ाया । वेद की शिक्षा दे चुकने के बाद उन्होंने इन शब्दों के साथ दयानन्द को छुट्टी दी "मैं चाहता हूँ कि तुम संसार में जाओं और मनुष्यों में ज्ञान की ज्योति फैलाओ।" संक्षेप में इनके जीवन को हम पौराणिक हिन्दुत्व से आरम्भ कर दार्शनिक हिन्दुत्व के पथ पर चलते हुए हिन्दुत्व की आधार शिला वैदिक धर्म तक पहुँचता हुआ पाते हैं।

**हरिद्वार में**

गुरु की आज्ञा शिरोधार्य करके महर्षि स्वामी दयानन्द ने अपना शेष जीवन इसी कार्य में लगा दिया। हरिद्वार जाकर उन्होंने ह्यपाखण्डखण्डिनी पताकाह्ल फहराई और मूर्ति पूजा का विरोध किया। उनका कहना था कि यदि गंगा नहाने, सिर मुंडाने और भभूत मलने से स्वर्ग मिलता, तो मछली, भेड़ और गधा स्वर्ग के पहले अधिकारी होते। बुजुर्गों का अपमान करके मृत्यु के बाद उनका श्राद्ध करना वे निरा ढोंग मानते थे। छूत का उन्होंने जोरदार खण्डन किया। दूसरे धर्म वालों के लिए हिन्दू धर्म के द्वार खोले। महिलाओं की स्थिति सुधारने के प्रयत्न किए। मिथ्याडंबर और असमानता के समर्थकों को शास्त्रार्थ में पराजित किया। अपने मत के प्रचार के लिए स्वामी जी 1863 से 1875 तक देश का भ्रमण करते रहे। 1875 में आपने मुम्बई में ह्यआर्यसमाजह्ल की स्थापना की और देखते ही देखते देशभर में इसकी शाखाएँ खुल गईं। आर्यसमाज वेदों को ही प्रमाण और अपौरुषेय मानता है।

**हिन्दी में ग्रन्थ रचना**

आर्यसमाज की स्थापना के साथ ही स्वामी जी ने हिन्दी में ग्रन्थ रचना आरम्भ की। साथ ही पहले के संस्कृत में लिखित ग्रन्थों का हिन्दी में अनुवाद किया। ह्यऋग्वेदादि भाष्यभूमिकाह्ल उनकी असाधारण योग्यता का परिचायक ग्रन्थ है। ह्यसत्यार्थप्रकाशह्ल सबसे प्रसिद्ध ग्रन्थ है। अहिन्दी भाषी होते हुए भी स्वामी जी हिन्दी के प्रबल समर्थक थे। उनके शब्द थे - ह्यमेरी आँखें तो उस दिन को देखने के लिए तरस रहीं हैं, जब कश्मीर से कन्याकुमारी तक सब भारतीय एक भाषा को बोलने और समझने लग जायेंगे।ह्ल अपने विचारों के कारण स्वामी जी को प्रबल विरोध का भी सामना करना पड़ा। उन पर पत्थर मारे गए, विष देने के प्रयत्न भी हुए, डुबाने की चेष्टा की गई, पर वे पाखण्ड के विरोध और वेदों के प्रचार के अपने कार्य पर अडिग रहे।

इन्होंने शैवमत एवं वेदान्त का परित्याग किया, सांख्ययोग को अपनाया जो उनका दार्शनिक लक्ष्य था और इसी दार्शनिक माध्यम से वेद की भी व्याख्या की। जीवन के अन्तिम बीस वर्ष इन्होंने जनता को अपना संदेश सुनाने में लगाये। दक्षिण में बम्बई से पूरा दक्षिण भारत, उत्तर में



कलकत्ता से लाहौर तक इन्होंने अपनी शिक्षाएँ घूम-घूम कर दीं। पण्डितों, मौलवियों एवं पादरियों से इन्होंने शास्त्रार्थ किया, जिसमें काशी का शास्त्रार्थ महत्त्वपूर्ण था। इस बीच इन्होंने साहित्य कार्य भी किये। चार वर्ष की उपदेश यात्रा के पश्चात ये गंगातट पर स्वास्थ्य सुधारने के लिए फिर बैठ गये। ढाई वर्ष के बाद पुनः जनसेवा का कार्य आरम्भ किया।

**आर्य समाज की स्थापना**

1863 से 1875 ई. तक स्वामी जी देश का भ्रमण करके अपने विचारों का प्रचार करते रहें। उन्होंने वेदों के प्रचार का बीडा उठाया और इस काम को पूरा करने के लिए संभवतः 7 या 10 अप्रैल 1875 ई. को 'आर्य समाज' नामक संस्था की स्थापना की[2]। शीघ्र ही इसकी शाखाएं देश-भर में फैल गई। देश के सांस्कृतिक और राष्ट्रीय नवजागरण में आर्य समाज की बहुत बड़ी देन रही है। हिन्दू समाज को इससे नई चेतना मिली और अनेक संस्कारगत कुरीतियों से छुटकारा मिला। स्वामी जी एकेश्वरवाद में विश्वास करते थे। उन्होंने जातिवाद और बाल-विवाह का विरोध किया और नारी शिक्षा तथा विधवा विवाह को प्रोत्साहित किया। उनका कहना था कि किसी भी अहिन्दू को हिन्दू धर्म में लिया जा सकता है। इससे हिंदुओं का धर्म परिवर्तन रूक गया।

**हिन्दी भाषा का प्रचार**

स्वामी दयानंद सरस्वती ने अपने विचारों के प्रचार के लिए हिन्दी भाषा को अपनाया। उनकी सभी रचनाएं और सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ 'सत्यार्थ प्रकाश' मूल रूप में हिन्दी भाषा में लिखा गया। उनका कहना था - "मेरी आंख तो उस दिन को देखने के लिए तरस रही है। जब कश्मीर से कन्याकुमारी तक सब भारतीय एक भाषा बोलने और समझने लग जाएंगे।" स्वामी जी धार्मिक संकीर्णता और पाखंड के विरोधी थे। अतः कुछ लोग उनसे शत्रुता भी करने लगे। इन्हीं में से किसी ने 1883 ई. में दूध में कांच पीसकर पिला दिया जिससे आपका देहांत हो गया। आज भी उनके अनुयायी देश में शिक्षा आदि का महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

**अन्य रचनाएँ**

स्वामी दयानन्द द्वारा लिखी गयी महत्त्वपूर्ण रचनाएं - सत्यार्थप्रकाश (1874 संस्कृत), पाखण्ड खण्डन (1866), वेद भाष्य भूमिका (1876), ऋग्वेद भाष्य (1877), अद्वैतमत का खण्डन (1873), पंचमहायज्ञ विधि (1875), वल्लभाचार्य मत का खण्डन (1875) आदि।

**महापुरुषों के विचार**

स्वामी दयानन्द सरस्वती के योगदान और उनके विषय में विद्वानों के अनेकों मत थे-

डॉ. भगवान दास ने कहा था कि स्वामी दयानन्द हिन्दू पुनर्जागरण के मुख्य निमार्ता थे।

श्रीमती एनी बेसेन्ट का कहना था कि स्वामी दयानन्द पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने 'आर्यावर्त (भारत) आर्यावर्तियों (भारतीयों) के लिए' की घोषणा की।

सरदार पटेल के अनुसार भारत की स्वतन्त्रता की नींव वास्तव में स्वामी दयानन्द ने डाली थी।

पट्टाभि सीतारमैया का विचार था कि गाँधी जी राष्ट्रपिता हैं, पर स्वामी दयानन्द राष्ट्रह्मपितामह हैं।


फ्रेञ्च लेखक रोमां रोलां के अनुसार स्वामी दयानन्द राष्ट्रीय भावना और जन-जागृति को क्रियात्मक रुप देने में प्रयत्नशील थे।

निधन

स्वामी दयानन्द सरस्वती का निधन एक वेश्या के कुचक्र से हुआ। जोधपुर की एक वेश्या ने, जिसे स्वामी जी की शिक्षाओं से प्रभावित होकर राजा ने त्याग दिया था, स्वामी जी के रसोइये को अपनी ओर मिला लिया और विष मिला दूध स्वामी जी को पिला दिया। इसी षड्यंत्र के कारण 30 अक्टूबर 1883 ई. को दीपावली के दिन स्वामी जी का भौतिक शरीर समाप्त हो गया। लेकिन उनकी शिक्षाएँ और संदेश उनका ह्यआर्यसमाजह्ल आन्दोलन बीसवीं सदी के भारतीय इतिहास में एक ज्वलंत अध्याय लिख गए, जिसकी अनुगूँज आज तक सुनी जाती है।

## गणेश गीता (गीता भाग 115)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

श्री गणेश जी राजा वरेण्य को दान के संबंध में बता रहे हैं` सात्विक दान के विषय में बताने के बाद राजसी दान क्या है अब इसके विषय में कहेंगे`

उपकार फलं वापि ,,
कांक्षद्भिर्दीयते नरैः`
क्लेशतोदीयमानं वा,
भक्त्या राजसमुच्यते`

हे राजन्! उपकार तथा फल की इच्छा से दिया गया दान ,कष्ट से दिया गया दान ,भक्ति के कारण दिया गया दान राजसी दान कहा जाता है`

अकाल देशतो अपात्रे अवज्ञा,
दीयते तु यत्`
असत्कारच्च यद्दत्तं
तद्दानं तामसी स्मृतं`

राजन् ! जो दान देश खिल रहित ,अपात्र में अवज्ञा पूर्वक दिया जाता है ,जो दान अपमान पूर्वक दिया जाता है ,वह तमोगुणी दान कहा जाता है`

अब ज्ञान के विषय। में गजानन भगवान बता रहे हैं`




ज्ञान भी तीन प्रकार का होता है`

ज्ञानं च त्रिविधं राजन् ,
श्रृणुष्व स्थिर चेतना`
त्रिधा च कर्म कतार्रं,
ब्रवीमि ते प्रसंगतः`

ज्ञान भी भेद से तीन प्रकार का होता है ` राजन् मन लगाकर सुनो !कर्म और कर्ता भी तीन प्रकार हैं वह सब मैं प्रसंग से कहता हूं`

नाना विधेषु भूतेषु,
मामेकं वीक्षते तु यः`
नाशवत्सु च नित्यं मां,
तज्ज्ञानं सात्विकं नृप`

हे राजन् ! जो सभी प्राणियों मे मुझको ही देखता है। नाशवान भूतों में भी मेरी नित्यता को स्वीकार करता है , वह सात्विक ज्ञान है`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## संक्षिप्त न्यूज

### उड़ान एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन ने आलगापुर पब्लिक एचएस स्कूल में एक दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रम आयोजित किया।

**सॉफ्ट स्किल्स डेवलप करें और अपने कॉन्फिडेंस और एम्प्लॉयबिलिटी को बढ़ावा दें प्रोजेक्ट नाम सॉफ्टीफाइव के तहत यह पहला प्रोग्राम।**

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः इस परियोजना के पीछे मुख्य विचार छात्रों की कक्षा के अंदर और बाहर जो कुछ भी उन्होंने समझा है उसे व्यक्त करने की क्षमता को बढ़ाना है। यह परियोजना आठवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों को सभी युक्तियों और प्रशिक्षण के साथ प्रशिक्षण देगी जो छात्रों के सभी व्यक्तित्व विशेष रूप से उनके संचार कौशल में सुधार करेगी।



नेतृत्व प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम का मुख्य विचार उन छात्रों के समग्र विकास में परिवर्तनकारी परिवर्तन लाना है जो 21 वीं सदी की सभी चुनौतियों का सामना अनुभवात्मक शिक्षा, पारंपरिक मूल्यों और प्राप्त करने के लिए 'सॉफ्टीफाइव' के पसंदीदा अनुप्रयोग के माध्यम से कर सकते हैं। व्यक्तिगत और संगठनात्मक लक्ष्य। विशेष रूप से, छात्रों के बीच एक उद्यमशीलता की मानसिकता विकसित करने के लिए, जो 21 वीं सदी के लिए बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम का मुख्य फोकस समस्याओं को हल करने और नई अत्यधिक गतिशील, तेज-तर्रार और परस्पर जुड़ी दुनिया के अवसरों का फायदा उठाने के लिए कल्पना, आविष्कार और पहल की क्षमता विकसित करना था। कार्यक्रम में दो सॉफ्ट स्किल ट्रेनर साहिदुल इस्लाम चौधरी और मिन्हाजुद्दीन ए के मजूमदार ने भाग लिया, जिन्होंने बहुत ही स्पष्ट रूप से चर्चा की कि कैसे आत्मविश्वास विकसित किया जाए और करियर को दिशा दी जाए। ट्रेनर साहिदुल ने स्पोकन इंग्लिश और व्यक्तित्व विकास के बारे में चर्चा की। तकनीकी ज्ञान के प्रशिक्षक मुजाकिर हुसैन ने भी विज्ञान और पॉलिटेक्निक में करियर के अवसरों पर एक सत्र प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कक्षा 11वीं और 12वीं के कुल 150 विद्यार्थी उपस्थित थे। यू ई र एफ ने छात्रों के साथ बातचीत करने का अवसर देने के लिए प्रिंसिपल श्री नासिर हुसैन का आभार व्यक्त किया।


### दिल्ली पुलिस ने मेवात में छापेमारी कर कुख्यात बदमाश को किया गिरफ़्तार

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-साउथ वेस्ट दिल्ली के कापसहेडा थाने की पुलिस टीम ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में दो पहिया वाहनों की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले कुख्यात ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार करते हुए कई मामलों का खुलासा किया है। इसकी गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने 10 चोरी की मोटरसाइकल को बरामद किया और आरोपी की पहचान नवाज शरीफ उर्फ बबल के रुप में हुई है ।आरोपी मूल रुप से हरियाणा के मेवात इलाके के नूंह का रहने वाला है ।आरोपी के ऊपर पहले से ही लूट, डकैती, चोरी और हत्या जैसे संगीन मामले दर्ज हैं ।साउथ वेस्ट दिल्ली के डीसीपी मनोज सी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीएस कापासहेड़ा क्षेत्र में 3 आरोपियों द्वारा लगातार दो डकैती की घटनाओं को अंजाम दिया गया, जो डकैती करने के बाद अपनी बाइक से द्वारका की ओर भाग गए थें। लगभग 26000 रूपए की लूट की वारदात को इन लोगों ने अंजाम दिया था हालांकि इस पूरे मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था और उनसे लगातार पूछताछ की गई जिसमें एक इनका साथी फरार बताया गया और तीनों आरोपी मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में भी शामिल थें। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एसीपी अजय वेदवाल ने इंस्पैक्टर विजय सिंह के नेतृत्व में छापेमारी के लिए एक टीम का गठन किया। जिसमें एसआई विनोद कुमार, एएसआई उमेद सिंह, हैड कांस्टेबल अनिल लांबा, अमरजीत सिंह, नीरज, अमित कुमार और कांस्टेबल विजय को शामिल किया गया ।आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम हरियाणा के मेवात पहुंची और आरोपी नवाज शरीफ उर्फ बबल को गिरफ्तार कर लिया। निशानदेही पर 10 मोटरसाइकिल और स्कूटर बरामद किए गए।



### गोकलपुरी दबंग, बुराड़ी बुल्स, तिमारपुर टाइटंस, करावल नगर हीरोज पहुंची सेमीफाइनल में

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीःश्री हंस सांसद खेल महोत्सव क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने-अपने लीग मैच जीत कर गोकलपुरी दबंग, बुराड़ी बुल्स, तिमारपुर टाइटंस, करावल नगर हीरोज सेमीफाइनल में पहुंची हैं। जिनका फाइनल के लिए फाइनल मुकाबला 24 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल मैदान अरुण जेटली फिरोजशाह कोटला मैदान पर होगा ।सुबह के सेमीफाइनल मैच में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए आयोजक सांसद मनोज तिवारी व दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त संजय सिंह और साउथ इंडियन अभिनेत्री प्राची तहलान,उद्यमी रोम्पी भाटिया भाजपा नेता जयभगवान गोयल मौजूद रहें ।इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद कुमार, मोहन गोयल आयोजन समिति के पदाधिकारी मनोज त्यागी, संजीव उपाध्याय, कृष्णा चौबे, वीरेंद्र खंडेलवाल, आनंद त्रिवेदी, पवन वशिष्ठ, जगत नारायण गुप्ता ,आरडी शर्मा, अश्वनी शर्मा, गंगाराम माहोर, विकास त्यागी ,प्रवीण निमेष, रामनिवास सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें ।सेमीफाइनल मैचों में आज सुबह के मैच में बुराड़ी वुल्स ने टॉस जीता एवं पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और 19.5 ओवरों में 126रन बनाए एवं गोकलपुर दबंग की टीम के सामने 127रनों का लक्ष्य रखा। जिसका पीछा करते हुए गोकलपुर दबंग की टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 13 ओवरों में 2विकेट खोकर 101रन बनाए। मैच जीतने के लिए 42वाल में 25 रनों की आवश्यकता थी,लेकिन तेज वारिस के चलते मैच रोकना पड़ा। बाकी बचे और शाम का मैच रद्द करना पड़ा ।अब बचे सेमीफाइनल मैच 17जुलाई को होंगे।



# संपति विवाद में 85 वर्षीय पिता को न्यायालय से मिला न्याय।

**नोएडा समाज जागरण**

ऐसे तो कहते है कि पुत्र पिता के लिए बुढापे की लाठी होते है लेकिन आज के युग में ऐसे भी पुत्र है जिसे सिर्फ पिता के संपति से मतलब है। ऐसे ही एक मामले में जिला गौतमबुद्धनगर न्यायालय नें एक 85 वर्षीय पिता को न्याय देते हुए पुत्र को एक सप्ताह के अन्दर मकान खाली करने का आदेश दिया है।

बता चले कि मामला नोएडा सेक्टर 12 की है जहाँ पर श्री रामआसरे गाँधी जो कि 85 वर्षीय वृद्ध भारतीय नागरिक है और मकान नंबर ए-29 सेक्टर 12 नोएडा में निवास करते है। वही विपक्षी कोई और नही बल्कि उनका अपना ही पुत्र है और पुत्र वधु है जो कि वर्तमान में इसी मकान में रहते है और कब्जा करने की नियत रखते है।

माननीय न्यायालय नें माना कि प्रतिवादी पक्ष को अपना जबाब दाखिल करने के लिए बार-बार मौका दिया गया लेकिन उनके द्वारा इस संबंध में कोई जबाब प्रस्तुत नही किया गया। वादी पक्ष के द्वारा न्यायालय को बताया गया कि इस हालात में जब उनको सहारा कि जरूरत है और जीवन रक्षक दवाओं पर निर्भर है इस समय में उनका शांति भंग किया जाता है। इसलिए प्रार्थी ने मकान खाली कराये जाने की प्रार्थना की है ताकि बांकि के जीवन शांतिपूर्ण माहौल में पूरा करे।



माननीय न्यायालय नें प्रतिवादी पक्ष को एक सप्ताह के अन्दर मकान को खाली करने और प्रार्थी के मर्जी के बिना कोई भी वातार्लाप न करने तथा उनका मानसिक उत्पीड़न न हो ऐसा सुनिश्चित करने के आदेश दिए है। आदेश के प्रमाणित प्रति नोएडा थाना सेक्टर 24 थानाध्यक्ष को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया कि है कि आदेश के पालन कराकर अनुपालन आख्या 7 दिनों के अन्दर न्यायालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

# असम करीमगंज जिले के इचाबील में निकासी अभियान।

## पहले दिन प्रशासन के बुलडोजर ने (९०) घरों को तबाह कर दिया। बेघरों के बीच रोना हि रोना।

**असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण:**

अग्रिम तैयारी के अनुसार लगभग बारह सौ बीघा शासकीय खास व इचाबील की सीलिंग भूमि के अतिक्रमण को मुक्त कराने के लिए शनिवार को दिन भर प्रशासन का बुलडोजर नियत समय से करीब छत्तीस घंटे पहले इचाबील में जगह-जगह घूमता रहा. पाथारकान्दी समूह का ए टी सी चाय बागान। इस दिन, प्रशासन द्वारा कुल नब्बे आवासीय घरों को ध्वस्त कर दिया गया था। इससे बहुत से भूमिहीन परिवारों में मातम छा गया। आंखों के सामने मकानों को उजाड़ता देख कई बेहोश हो गए। बच्चों की चीख-पुकार से पूरा इलाका भारी हो गया। हालांकि, भारी संख्या में अर्धसैनिक बल के साथ बार्ज और सेफ गाड्र्स के साथ सेना के जवानों की मौजूदगी में छिटपुट घटनाओं के बीच सर्कल प्रशासन ने लोगों को निकालने का अभियान चलाया. इस दिन अंचल अधिकारी अर्पिता दत्तमजुमदार के नेतृत्व में बीस जेसीबी को निकासी अभियान में लगाया गया था.

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ महिला पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया था। डीआईजी कंकंजज्योति शैकिया एसपी पद्मनाव बरुआ एएसपी पार्थप्रतिम दास डी एएसपी (मुख्यालय) गीतार्थ देवाशर्मा एडीसी जेम्स आइंड मुख्यालय एडीसी बिपुलकुमार



दास ओसी चिरंजीतकुमार बारा व अन्य उपस्थित थे। ऑपरेशन के दौरान डीसी मृदुलकुमार यादव ने जमीन पर पूरे हालात का जायजा लिया. प्रशासन ने सुबह 10 बजे से इलाके के इचाबिल और इच्छापार मौजा में रानोंगदेही मेजाज में लोगों को निकालने का अभियान शुरू किया. पहले दिन की निकासी दोपहर 3 बजे तक पूरी की. हालांकि क्षेत्र के कुछ लोग प्रशासन के इस अभियान से खुश हैं, लेकिन कई लोग प्रशासन की ऐसी गर्मागर्म नीति से नाराज हैं, जिसमें स्थानीय भूमिहीन लोगों को बिना पुनर्वास के बेदखल करना भी शामिल है. इसके अलावा, यह आरोप लगाया जाता है कि बेदखली अभियान की शुरूआत में, कई स्थानीय निवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी जमीन से संबंधित तथ्य दिखाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। यहां तक कि जब प्रशासन ने निर्धारित समय से लगभग छत्तीस घंटे पहले अचानक निष्कासन अभियान शुरू किया, तो कई लोगों ने शिकायत की उनके घरेलू सामान को कहीं और ले जाना संभव नहीं था। हालांकि, बेदखली से पहले, पिछले दो दिनों में कई लोगों के प्रभावित भूमि छोड़ने और कहीं और शरण लेने की खबरें आई हैं। इस बीच शनिवार की छापेमारी के बाद जब सीओ अर्पिता दत्तमजुमदार से पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा कि जनता की शिकायत के आधार पर प्रशासन को सभी कानूनों और विनियमों के अनुसार डेढ़ महीने की लंबी अवधि के बाद अतिक्रमणकारियों को हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा. प्रशासन द्वारा किसी के साथ कोई अन्याय नहीं किया गया है। परीकर सरकार सरकारी जमीन पर कब्जा हटाने के लिए कटिबद्ध है। इसके अलावा, माइक्रोफोन के माध्यम से यह घोषणा की गई थी कि प्रशासन अगले सत्रह दिनों के बाद निकाले जाने वाले पांच मौजों पर छापेमारी करेगा। कई लोग खबरों के चलते आज को लेकर सवाल उठा रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि विस्थापितों में से किसी को भी जमीन के वैध दस्तावेज नहीं मिले हैं। प्रशासन अभियान चलाएगा। इसके चलते प्रशासन को उन्हें हटाना पड़ रहा है।

# कानपुर के एसपी आउटर ने बिल्हौर के झगड़े में 19 को कराया गिरफ्तार

## कानपुर में आउटर पुलिस की सतर्कता से सांप्रदायिक हिंसा का शिकार होने से बचा बिल्हौर

– झगड़े में दो घायल , २5 के खिलाफ मुकदमा, फोर्स तैनात

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां के बिल्हौर कस्बे के पंतनगर मोहल्ले में पुरानी खुन्नस और वर्चस्व को लेकर दो छात्र गुटों के बीच पुलिस की सतर्कता से बहुत बड़ा बवाल होते बच गया। घटना में सरिया, चाकू, तलवार और ईट पत्थर से हमला कर झगड़ा करने में पुलिस ने 19 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। साथ ही अन्य की तलाश में छापे मारे जा रहे है।

पुलिस के मुताबिक घटना में दो युवकों की गर्दन, हाथ और शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोट आई है। जिसपर पीड़ित पक्ष की तहरीर पर सात नामजद और 15 से ज्यादा अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अगर पुलिस इस घटना में तत्काल प्रभावी कार्रवाही नहीं करती तो इससे और भी बड़ा साम्प्रदायिक बवाल हो सकता था। घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंच कर हर तरह के अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही और पीड़ितों की सहायता के लिए भी चर्चित निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी एस पी आउटर तेज स्वरूप सिंह ने ना केवल हालातों को पूर्ण रूप से नियंत्रित किया बल्कि 19 आरोपियों को गिरफ्तार कराने में भी सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर चौबेपुर, शिवराजपुर, ककवन और बिल्हौर थाने से फोर्स बुलाकर तैनात की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पंतनगर मोहल्ला निवासी मोहर सिंह के पुत्र प्रथम अपने साथी राहुल कुमार के साथ साइकिल से किसी काम से जा रहा था। तभी पूर्व सभासद टोनी और भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर रहमान के घर के सामने वाली गली में बाइक से आए कुछ लोगों ने उक्त दोनों को घेर लिया। बस यहीं से झगड़े की शुरूवात हुई। घटना में त्वरित प्रभावी कार्रवाही से हालातों पर पूर्ण नियंत्रण पाने वाले और हर तरह के अपराधियों के खिलाफ सफल मोर्चा खोले लोकहित में अपनी धुन के पक्के तेज तर्रार और व्यवहार कुशल एस पी कानपुर आउटर तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि घटना में एक पक्ष की तहरीर पर 10 नामजद और 15 से ज्यादा अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं।

### उल्टी दस्त, खसरा, मलेरिया,पीलिया जैसे रोगों से बचाव के लिए सावधानी रखने की अपील

*समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो*

बालाघाट ।वर्षा ऋतु में प्रदूषित पेयजल से हैजा, उल्टी-दस्त, पेचिस, खसरा, पीलिया जैसी बीमारियां होती है। वर्षा के मौसम में नदी, तालाब जैसे जल स्त्रोतों के आसपास ग्रामीणों के मल त्याग करने से मानव मल में मौजूद रोगाणु पानी में मिल जाते है साथ ही नदी तालाबों में पशुओं को नहलाने से भी अनेक रोगाणु पानी में फैल सकते है। जब यही पानी पीने के लिए या भोजन बनाने में प्रयोग में लाते है तो ये रोगाणु शरीर में प्रवेश कर के लोगों को कई प्रकार की बीमारियों से पीड़ित करते है। इन्हीं रोगाणुओं से मुख्य रूप से दस्त, हैजा, टाईफाईड, पीलिया, खूनी पेचिस, तथा आंव दस्त जैसी कई बीमारियां होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा मनोज पांडेय ने जिले की जनता से अपील की है कि वर्षा ऋतु में जलजनित रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां रखें और स्वच्छता का पालन करें।

सीएमएचओ डा. पांडेय ने अपील में कहा है कि हमें हमेशा शुद्ध जल स्त्रोत का प्रयोग करना चाहिए। पानी को हमेशा दोहरे कपड़े से छानकर इस्तेमाल करने से कई प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। कुंओं के पानी में नियमित ब्लीचिंग पाउडर डाला जाना चाहिए। पीने के पानी का रख-रखाव इस प्रकार से हो कि पीने के पानी को हमेशा साफ बर्तन में ही रखा जावें, प्रतिदिन पानी के बर्तन को साफ करें ताकि उसमें काई न जमने पाए। पीने के पानी को हमेशा ढककर रखें। बर्तन में से पीने का पानी निकालने के लिए लम्बे हेण्डिल वाले बर्तन का प्रयोग करें। पीने के पानी में हाथ नहीं डालना चाहिए।एक घड़े या मटकें में एक क्लोरिन गोली पीसकर डालना चाहिए। आधे घण्टे तक इसे ढककर रखने के बाद ही पानी पीने के लिए उपयोग करना चाहिए, यह गोलियाँ प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं ग्राम की आशा कार्यकर्ता के पास निःशुल्क उपलब्ध है। दूषित पानी से होने वाली बीमारियों में दस्त रोग प्रमुख है, उल्टी-दस्त होने पर ओ.आर.एस. पैकेट एक लीटर स्वच्छ व शुद्ध पानी में घोलकर रोगी को पिलाना शुरू कर देना चाहिए। दस्त लगने के 24 घण्टे के अन्दर यह घोल अधिक से अधिक मात्रा में पिलाना चाहिए व 24 घण्टे के बाद बचा हुआ घोल फैक कर अगले दिन दूसरे पेकेट का घोल बनाना चाहिए। मॉ का दूध पीने वाले शिशु को दूध पिलाना बंद नहीं करना चाहिए। दस्त के साथ उल्टियां शुरू होने पर शीघ्र ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता या चिकित्सक को बताकर उपचार लेना चाहिए। ओ.आर.एस. पैकेट सभी स्वास्थ्य कार्यकताओं, आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकताओं के पास निःशुल्क उपलब्ध रहते है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने किया आनलाईन निरीक्षण

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट ।खाद्य सुरक्षा प्रशासन बालाघाट की टीम द्वारा ईट राइट चैलेंज-2 के अंतर्गत मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट की जांच के लिए किरनापुर स्थित टिंकू आइसक्रीम का निरीक्षण किया गया। ऑनलाइन निरीक्षण के दौरान दही एवं पनीर के नमूने जांच हेतु लेकर भेजे गए। बकोड़ा स्थित दिनशा मिल्क कलेक्शन सेंटर का ऑनलाइन निरीक्षण करते हुए दूध के नमूने जांच हेतु लिए गए एवं स्वच्छता संबंधी कमियों के लिए सुधार नोटिस दिया गया। भेंडारा डोंगरमाली स्थित तुमसरे मिल्क चिलिंग सेंटर का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया एवं दूध के 2 नमूने जांच के लिए लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे वाजिद मोहित एवं संध्या मार्को की टीम द्वारा 'फॉस्कोरिस' मोबाइल ऐप के द्वारा ऑनलाइन निरीक्षण किया गया है। एफएसएसएआई के द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को खाद्य सामग्री तैयार करने वाले दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की सूची निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराई जाती है और अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर फॉस्कोरिस मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन निरीक्षण की जानकारी फोटो सहित भरना होता है ।यह मोबाइल जीपीएस के द्वारा संबंधित दुकान की स्थिति भी बताता है।



### जिला व जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं उप सरपंच के निर्वाचन के लिए सम्मिलन की तिथियां निर्धारित

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट। मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा ग्राम पंचायतों के उपसरपंच के निर्वाचन के लिए सम्मिलन की तिथियां निर्धारित कर दी गई है । जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए आगामी 29 जुलाई को जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों का सम्मिलन आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए प्रथम चरण में 27 जुलाई एवं तृतीय चरण में 28 जुलाई को जनपद पंचायत के निर्वाचित सदस्यों का सम्मिलन आयोजित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों के उप सरपंच के निर्वाचन के लिए तीन चरणों में 24 जुलाई, 25 जुलाई एवं 26 जुलाई को ग्राम पंचायतों के निर्वाचित पंचों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के पंच एवं जिला व जनपद पंचायत के सदस्यों के निर्वाचन की तारीख से 15 दिनों के भीतर उपसरपंच, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए सम्मिलन आयोजित किए जाने का प्रावधान है।

### बिरसा जनपद पंचायत के क्षेत्र क्र. 13 की निर्वाचित सदस्य का अपहरण, मामला दर्ज

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट ।त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संपन्न होते ही बीजेपी और कांग्रेस के पदाधिकारी अपने अपने पार्टी का जनपद पंचायत अध्यक्ष बनाने के जुगाड़ में लग गये है ।जिसके लिए शाम, दाम,दंड और भेद का इस्तेमाल खूब हो रहा है ।चुनाव आयोग ने जैसे ही ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपसरपंच के निर्वाचन कराने की तारीख का ऐलान किया तभी से दोनों पार्टियों ने निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपने खेमे में लाने का जुगाड़ में लग गयी है ।जिसका एक मामला बिरसा जनपद के ग्रामपंचायत जमुनिया निवासी और क्षेत्र क्रमांक 13 की निर्वाचित सदस्य मनोरमा मात्रे के पति अघनलाल मात्रे ने अपनी पत्नी के अपहरण का आरोप चार लोगों के ऊपर लगाकर बिरसा पुलिस थाना में मामला दर्ज कराया है जिससे क्षेत्र में राजनीति गमार्ने के साथ जोरो से चर्चा हो रही है कि आखिर एक सीधी साधी गृहणी का कोई कैसे अपहरण कर सकता है ?लेकिन सच्चाई कुछ और है ।सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार यह मामला सीधे सीधे राजनीतिक का है जिन चार लोगों के ऊपर आरोप लगाया गया है वह भी जनपद पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

**चार लोगों के ऊपर मामला दर्ज**

सिंघनपुरी निवासी अघनलाल मात्रे ने बताया कि 14 जुलाई की शाम 4 बजे के करीब मेरी पत्नी का अपहरण कर लिया गया जब मैं घर पर नही था ।सविता धुर्वे,हेमंत साहू और लक्ष्मी प्रीत कांवरे तीनो निर्वाचित जनपद पंचायत सदस्य है और इनका सहयोगी वजुल खान बिरसा निवासी मेरे ग्राम जमुनिया आये और मेरे पत्नी को मीटिंग है बोलकर अपने साथ ले गए जिसका अभी तक कोई अता पता नही है ।जिसके बाद अघन लाल मात्रे अपनी पत्नी नवीन निर्वाचित जनपद पंचायत सदस्य मनोरमा मात्रे के अपहरण की रिपोर्ट बिरसा पुलिस थाना पहुँच कर दर्ज कराई जिसपर पुलिस हरकत में आ गयी और अपहरणकर्ताओं की चंगुल से छुड़ाने के लिए छानबीन शुरू कर दी।

**खरीद फरोख्त का आरोप**

वही इस मामले पर भाजपा के बिरसा मंडल अध्यक्ष विनोद हरिद्वाज ने बताया कि यह मामला अपहरण का तो है लेकिन हमें भरोसा ही नही पूरा यकीन है कि मनोरमा मात्रे का अपहरण कर खरीद फरोख्त करने की कोशिश होगी,क्योंकि बीजेपी समर्पित जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या अधिक है जिससे कांग्रेस खरीद फरोख्त और सदस्यों का अपहरण तक करवा रही है जो गैरकानूनी है। इनका कहना है.... सिंघनपुरी निवासी अघनलाल मात्रे ने लिखित शिकायत किया है कि उनकी निर्वाचित पत्नी मनोरमा मात्रे का चार लोगों ने अपहरण कर लिया है ।जिसकी छानबीन जारी है। भारत नोटिया,पुलिस थाना प्रभारी बिरसा

# हरेला उत्सव के उपलक्ष्य में जीटीवी हास्पिटल में वृक्षारोपण किया गया

(हरेश उपाध्याय, रवि कुमार) दिल्लीः-उत्तर पूर्वी दिल्ली के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल जीटीवी में,"हरेला उत्सव"के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन राम निवास गोयलअध्यक्ष दिल्ली विधान सभा द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक एवं रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष कुलदीप कुमार भी मौजूद रहें ।कार्यक्रम के दौरान फलदार वृक्षों जैसे आम, ग्वावा, मौसमी सहित विभिन्न पेड़ लगाए गए। राम निवास गोयल ने इस अवसर पर बोलते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला ।वृक्षारोपण अभियान चिकित्सा निदेशक जीटीबीएच डॉक्टर सुभाष गिरि के मार्गदर्शन में किया गया।




चिकित्सा निदेशक जीटीबीएच ने बताया कि अभियान के आयोजन के लिए इस दिन को चुनने का कारण हरेला उत्सव की शुरूआत है, जो पूरे भारत में, विशेष रूप से उत्तराखंड में मनाया जाता है ।हरेला का अर्थ है 'हरे रंग का दिन' और भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करने के लिए श्रावण (हिंदू चंद्र कैलेंडर का पांचवां महीने) में मनाया जाता है ।उत्तराखंड में कुमाऊं क्षेत्र के लोग,इसको हरियाली व समृद्धि से जोड़ते हैं। डॉक्टर गिरि ने आगे जोर देकर कहा कि सभी को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

स्थानीय आरडब्ल्यूए,नर्सिंग यूनियन और आरकेएस सदस्यों की भागीदारी से इस वृक्षारोपण अभियान को और अधिक सफल बनाया गया ।उन्होंने जीटीबीएच परिसर में लगाए गए पौधों की देखभाल करने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया।

### भुगतान ना मिलने से नाराज आशा कार्यकत्रियों गई अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

-भुगतान हो जाएगा तभी काम पर वापस आएंगे किया ऐलान

--.आशा कार्यकत्रियों ने सीडीओ कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

आगरा ।नगरीय क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों ने उनको भुगतान ना होने पर मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। अपना भुगतान न होने नाराज आशा कार्यकत्रियों ने अब अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई है। उन्होंने ऐलान किया है कि जब तक उनका भुगतान नहीं हुआ तब तक वह काम पर नहीं लौटेंगे धरना स्थल पर पत्रकारों से बातचीत में उत्तर प्रदेश आशा बहू संघे की जिला जिलाध्यक्षे पप्पी धनगर ने बताया कि अर्बन क्षेत्र की आशाओं को जनवरी 2022 से प्रोत्साहन राशि नहीं दी जा रही है। अपनी मांगों को लेकर आशो कार्यकत्रियों द्वारो 4 जुलाई से अपने अपने क्षेत्र के यूपीएचसी सेंटरों पर धरना दिया जो रहा है। इन समस्याएं को लेकरे आशा कार्यकत्रियों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारो 13 जून 2022 को मीटिंग के दौरान यह आश्वासन दिया गया था कि 20 दिन में उनका पूर्ण भुगतान कर दिया जाएगा, परंतु डेढ़ माह बीत जाने के बाद कोई भी किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि इसी मांग को लेकर आज संजय प्लेस पर उत्तर प्रदेश आशा बहू संघ जनपद शाखा आगरा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया।, धरना स्थल परे एसीएमओ डॉक्टर संजीव बर्मन एवं डॉक्टर पीके शर्मा, डीसी पीएम विजय सिंहे को सीएमओ के निर्देश से उक्त अधिकारियों ने आश्वासन दिया की 8 दिन में आपका पूर्ण भुगतान करा दिया जाएगा। समस्त आशाओं ने यह तय किया है कि हमारा पूर्व भुगतान हो जाएगा तभी हम काम पर वापस आएंगे।

### कानपुर में फिर सांप्रदायिक बवाल की कोशिशः फोर्स तैनात

सुनील बाजपेई कानपुर। बीती तीन जून को हुई हिंसा पर नियंत्रण पाने के बाद शहर में एक बार फिर साम्प्रदायिक बवाल की असफल कोशिश की गई। घटना में खास बात यह है पिछली बार भी जुमे का दिन था और इस बार भी माहौल बिगाड़ने के लिए जुमे का दिन ही चुना गया।

और सबसे खास बात यह भी कि पिछली 3 जून को हुई घटना के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहर में थे और इस बार भी उनके कानपुर आगमन से एक दिन पहले बाइक सवारों ने दो भाइयों को घेर कर हमला बोल दिया गया। हमलावर उन्मादी नारे लगा रहे थे। उनके हाथों में लाठी-डंडे, राड, चाकू व तमंचे थे। घायल भाइयों को पुलिस ने सीएचसी भेजा। गंभीर रूप से घायल छोटे भाई को एलएलआर अस्पताल रेफर किया है।

सूचना पर पुलिस आयुक्त विजय सिंह मीना, मंडलायुक्त डा. राजशेखर जहां घायल को देखने अस्पताल पहुंचे। वहीं आइजी प्रशांत कुमार और जिलाधिकारी विशाख जी घटनास्थल गये। फिलहाल एहतियातन घटनास्थल पर एक कंपनी पीएसी और क्यूआरटी टीमें तैनात की गई हैं। पुलिस के मुताबिक हालात सामान्य हैं।

### जलालाबाद बी आर सी में तैनात अनुदेशक का कारनामा

कन्नौज में एक शिक्षा विभाग के अनुदेशक का कारनामा सामने आया है। यह अनुदेशक जलालाबाद के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर तैनात है जहां प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों के आधार कार्ड निशुल्क बनाए जाने का कार्य विभाग द्वारा किया जा रहा है । आज कस्बा के रहने वाले दिलीप कुमार अपनी बेटी को लेकर बी आर सी पहुंचे और वहां तैनात अनुदेशक आशीष कुमार से आधार कार्ड बनाये जाने की अपनी बात कही की उसकी बच्ची का आधार कार्ड बनना है तो पहले उक्त अनुदेशक ने साफ तौर पर मना कर दिया कि उसके यहां आधार कार्ड नहीं बनाए जा रहे जब उसने बोला हम पता कर के आए है तो अनुदेशक ने दो सौ रुपए की डिमांड कर दी । जब पीड़ित ने कहा कि हम तुम्हारी शिकायत करेगे तो अनुदेशक आशीष कुमार आग बबूला हो गया और उसने कहां चाहे जहां शिकायत कर दो अब हम तुम्हारा आधार कार्ड नहीं बनाएंगे । और ज्यादा बहस की तो अभी पुलिस को बुला कर पकड़बा देगे हो जाओगे ठीक ए बी एस ए साहब से बात हो गई उन्होंने बोला ज्यादा जबरदस्ती कर रहा हो तो पुलिस बुला लेना । उसने पीड़ित दिलीप को धमकी देते हुए कहा कि देखे मेरा क्या करा लोगों ।दिलीप ने यह बात मोहल्ला में आकर कई लोगो को बताई ।



जब इस मामले में ए बी एस ए से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उसने कहा कि हमने पुलिस के लिए ऐसा कुछ नहीं बोला और पैसे लेने की बात है तो गलत है अभी हम तहसील दिवस में है फिर बात करते है।

### ग्रामीण मण्डल के महामंत्री के मौत पर भाजपा नेताओं ने परिवार जनों को शोक संवेदना व्यक्त की।

करनैलगंज(गोंडा)। भाजपा ग्रामीण मंडल के महामंत्री मैन बहादुर सिंह के देहावसान पर भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने ग्राम पारा में पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की। वहीं बीते दिनों सेना के जवान महेश सिंह के दुर्घटना में निधन पर उनके आवास पर जिले की भाजपा टीम ने जाकर परिवार जनों को सांत्वना दिया तथा हरसंभव संरक्षण का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश रायचंदानी, जिला मंत्री विनय शर्मा, दीपक गुप्ता, आशीष सोनी, शिवप्रकाश सिंह, देवेन्द्र दीक्षित, कुंवर बहादुर सिंह, आशीष गिरि, बृजेश शर्मा, लक्ष्मी नारायण खेतान, चंद्र कुमार शर्मा तथा संतोष सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

22 may 2022:Layout 1 7/17/2022 2:23 AM Page 5



# शरारती तत्वों ने मंदिर में प्रतिबंधित मांस फेंका, इलाके में तनाव

## – डीएम एसपी मामले की गंभीरता को देखते हुए पहुंचे मौके पर


अजय दुबे कन्नौज/दैनिक समाज जागरण

कन्नौज। अराजक तत्वों ने एक शिव मंदिर में प्रतिबंधित सिर व मांस के टुकड़े फेंक दिए। जब सुबह पूजा करने पहुचें मंदिर के पुजारी ने नजारा देखा तो भयभीत हो गए। देखते ही देखते यह खबर पूरे इलाके में फैल गई। और गुस्साए ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया। रोड जाम की सूचना पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। डीएम, एसपी समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने फेके गए प्रतिबंधित मास के टुकड़े को गायब कर दिया इससे हिंदू समाज के लोगों में आक्रोश पनप गया। शनिवार की सुबह ग्राम रसूलाबाद के किनारे बने शिव मंदिर में अराजक तत्वों ने प्रतिबंधित मांस के टुकड़े फेंक दिए। मंदिर के पुजारी जगदीश (65) जब सुबह पूजा करने पहुंचे तो मंदिर का नजारा देख कर भयभीत हो गए। गांव के राजन पुत्र गिरीश चंद्र ने घटना की सूचना फोन से पुलिस को दी। मंदिर के पुजारी जगदीश ने बताया कि मौके पर पुलिस ने आकर प्रतिबंधित मांस के टुकड़ों को गायब कर दिया। जिससे हिन्दू समाज के लोगों में आक्रोश पनप गया।

गुस्साए लोगों ने तालग्राम-इंदरगढ़ मार्ग को जाम कर दिया। जाम लगने की सूचना पर सीओ तिर्वा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुचं गए। लोगों को समझाया। तब जाकर लोगों ने जाम खोला।

सावन के पवित्र महीने में शिव मंदिर में प्रतिबंधित गोवंश



का सर फेंकने की सूचना पर डीएम राकेश कुमार मिश्रा, एसपी डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंच गए। लोगों को समझाने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने साफ तौर पर कहा कि इसके पीछे जो लोग भी होगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। देर शाम आई जी एवं कमिश्नर कानपुर भी घटना स्थल पर पहुंचे और पूरी घटना कि जानकारी अधिकारियों से की।

# सपा का बिजली विभाग के खिलाफ हल्ला बोल , रिश्वत खोरी और बिजली कटौती को लेकर दिया ज्ञापन

अजय दुबे कन्नौज कन्नौज।समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में जिले की ध्वस्त बिजली व्यवस्था को लेकर बिजली कार्यालय मकरंद नगर पर धरना प्रदर्शन करके अधिशाषी अभियंता की गैरमौजूदगी में अवर अभियंता को सौपा इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने बिजली विभाग पर जाति धर्म के नाम पर शोषण करने का आरोप लगाते हुए कहा बिजली विभाग कार्यालय दलालो का पनाहगाह बन गया है गाँव गलियों से आने वाले गरीब लोगों का बिल सही कराने के नाम पर शोषण किया जाता है महीने का बिल तो पूरा आता है परन्तु बिजली हर 15 मिनट के लिये आती है और आंख मारकर चली जाती है एक तरफ वर्षा न होने के कारण फसल सूख रही है तो दूसरी तरफ बिजली की भीषण कटौती ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी इसलिय हम समाजवादी लोग बिजली विभाग से मांग करते है कि सूखती फसलो को देखते हुए बिजली की सुचारू व्यवस्था की जाए जिससे सूखती फसलो को बचाया जा सके अगर ऐसा नही होता है तो समाजवादी लोग आमजनमानस के लिये सड़को पर उतरने के लिये मजबूर हो जाएंगे इस मौके अवधेश कुशवाहा संजय दुबे दरोगा कटियार अमित मिश्रा सत्येन्द्र यादव सुरजीत यादव राकेश बबलू गोविंद मनीष कुशवाहा वीर पाल सभासद अनंत यादव धर्मेन्द्र कुशवाहा इन्तजार आरिफ रंजीत अतुल मौर्य गौतम कुशवाहा मुनि कुशवाहा अनुराग मिश्रा सभासद आदि लोग मौजूद रहे




# अटल टिंकरिंग लैब से विद्यार्थियों की विज्ञान की समझ मजबूत होगी: ए के खन्ना

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तूरी। मस्तूरी ब्लॉक में स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परसदा में नीति आयोग के सहयोग से अटल टिंकरिंग लैब बना है जिसका उद्घाटन शनिवार को डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल सीजी जोन ई रीजनल ऑफिसर श्री ए के खन्ना ने ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक ए के खन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस लैब को इसलिए शुरू किया है कि भारत के स्कूली शिक्षा लेने जा रहे स्कूली छात्रों को आत्मनिर्भरता के साथ साइंस के पहलुओं से जोड़ा जा सके। जिससे वे अपना और अपने स्कूल का नाम रोशन कर सकें।

केंद्र सरकार शिक्षण संस्थानों को और अच्छा बनाने के लिए और हर बच्चे को तकनीकी सक्षमता देने के लिए यह सहायता दे रही है। इस आयोजन में स्थानीय नागरिक और स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा अभिभावक भी मौजूद रहे। लैब विशेषज्ञ की ओर से स्कूल प्रबंधन को लैब से जुड़ने वाले फायदे और लैब की उपयोगिता बताई। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परसदा वेद में अटल टिंकरिंग लैब आने से छात्र-छात्राएं उत्साहित हैं।

### दूसरे स्कूल भी शामिल हो सकेंगे

आयोजन में स्कूल प्रबंधन ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल टिंकरिंग लैब में डीएवी स्कूल के छात्र-छात्राओं के अलावा अन्य स्कूल के छात्र-छात्राएं भी हिस्सा ले सकेंगे।




### क्या है अटल टिंकरिंग लैब

अटल टिंकरिंग लैब भारत सरकार की ओर से देश की शिक्षा व्यवस्था में पेराडाइम शिफ्ट लाने के उद्देश्य से लांच की गई है। ताकि छात्र-छात्राओं को अविष्कार, नए विचार और वैज्ञानिक पहलुओं पर बढ़ावा दिया जा सके। इस लैब के जरिए 3डी प्रिटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स के नए तरीकों से छात्र छात्राओं को रूबरू होने का मौका मिले।

इस लैब के जरिए छात्र छात्राओं को प्राथमिक शिक्षा के दौरान ही तकनीक के आधुनिकतम प्रारूप से जुड़ने का मौका आसानी से मिल सके। अटल टिंकरिंग लैब को स्थापित करने का सुझाव भारत के नीति आयोग ने केंद्र सरकार को दिया था। जिसके बाद इस लैब को देशभर के स्कूलों में पहुंचाने का काम किया जा रहा है। ताकि बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के दौरान ही तकनीकी रूप से मजबूत किया जा सके।

# पैसो के विवाद मे पत्नी, सास, ससुर और साला ने मिलकर दामाद की चाकू डंडा मारकर हत्या...ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख मस्तूरी - मस्तूरी थाना क्षेत्र के ग्राम वेद परसदा निवासी श्याम लाल साहू की पुत्री राजेश्वरी बाई साहु की शादी 12 वर्ष पूर्व जयरामनगर खैरा निवासी संतोष साहु पिता कालीदीन साहु उम्र 36 वर्ष से हुई थी जिसके बाद मृतक संतोष साहु शादी के बाद से अपने गृह ग्राम की सभी सम्पति को बेचकर अपने ससुराल वेद परसदा मे ही रहने लगा था मृतक द्वारा अपने ससुर को करीब 8 लाख 43 हजार रुपये जमीन बिक्री के नाम पे बिक्रिनामा के रूप मे दिये थे। जिसको वापस मांगने पर ससुर और दामाद के बिच आये दिन विवाद होता था। शनिवार दोपहर 12 बजे के आसपास फिर से दामाद और ससुरालियों के बिच फिर से झगड़ा होने लगा। इतने मे विवाद इतना बढ़ा की दामाद को पत्नी ससुर,सास एवं साले ने मिलकर लाठी डंडे और चाकू से सर एवं अन्य जगहों मे ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद सडयंत्र के तहत मृतक की पत्नी राजेश्वरी ने डायल112 को फोन कर मृतक की जमीन मे गिरने की जानकारी दिया एवं डायल 112 को बुलाया गया जब डायल 112 मौके पर पहुचे तब मृतक संतोष के बेटे शिवम् साहु उम्र 11 वर्ष ने बताया की उसके पापा की उसकी मम्मी और नाना नानी एवं मम्मी ने मिलकर लाठी डंडा एवं चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी जब मस्तूरी पुलिस को हुई तब वहां घटनास्थल पहुंच आरोपियों को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया। उसके बाद तत्काल मस्तूरी सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र पहुंच पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्डम के लिए भेजने की तैयारी कर रहे थे तभी जब मृतक के परिजनों को ज्ञात हुआ की संतोष साहू की हत्या हो गई है और शव को पीएम के लिए मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे रखा गया है तब मृतक के परिजनों ने शव को अपने कब्जे मे लेकर अपनी मांगो को लेकर मस्तूरी जांजगीर मेन रोड पर शव को बीच सड़क मे रख चक्काजाम कर दिया।



# पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मेला सम्पन्न।

करनैलगंज(गोंडा)। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रथम संरक्षा महा सम्मेलन में स्टेशन मास्टर उत्तम कुमार शोला को अवार्ड व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लखनऊ के बहुउद्देशीय हाल में गुरुवार को आयोजित संरक्षा महासम्मेलन एवं प्रतियोगिता में करनैलगंज में रहे स्टेशन मास्टर उत्तम कुमार शोला को दो अलग-अलग प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया। उन्होंने संरक्षा स्लोगन में प्रथम पुरस्कार तथा संरक्षा कविता में द्वितीय स्थान हांसिल किया। जिसके निमित्त मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उत्तम कुमार शोला को अवार्ड व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उत्तम शोला पूर्व में कई वर्षों तक करनैलगंज रेलवे स्टेशन पर सेवा दे चुके हैं। मोहित जायसवाल, महेश तिवारी, ऋषभ जायसवाल, शिवम ओझा, नवनीत पारिक आदि ने बधाई दी है।

# कोविड टीका लगाने फिर से चलेगा सघन अभियान जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों का लिया जाएगा सक्रिय सहयोग

## कलेक्टर ने ली आकस्मिक बैठक झोंकी पूरी ताकत

**अभियान चलाकर हर व्यक्ति को लगेगा कोविड का मुफ्त टीकाः कलेक्टर**

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। कोविड के बढ़ते प्रकरण एवं टीकाकरण की धीमी प्रगति को लेकर को लेकर कलेक्टर सौरभ कुमार ने चिंता प्रकट की है। उन्होंने कहा कि कोविड से बचाव का एकमात्र उपाय टीकाकरण है। कलेक्टर ने मंथन सभा कक्ष में वैक्सीनेशन से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली तथा शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने हर व्यक्ति को कोविड टीका लगाने तथा अभियान चलाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियो को प्रोत्साहित किया इसके लिए उन्होनें विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों तथा जिले के विभिन्न विकास खंडों के चिकित्सा अधिकारी, शिक्षा अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायो के सीएमओ को सम्नवय से कार्य करते हुए शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी अस्पतालों में स्थाई टीकाकरण केंद्र के अलावा गांव-गांव में भी मोबाइल टीकाकरण दल पहुंचेंगे उन्होंने सभी आम एवं खास लोगों को टीका लगवाकर समाज मे एक सकारात्मक वातावरण निर्मित करने की अपील की




जिले में प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग के समन्वय से कोविड-19 टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है और टीकाकरण प्रगति की कोविड पोर्टल में एंट्री भी की जाती है। कलेक्टर सौरभ कुमार ने अपील की है कि जिले के ऐसे पात्र नागरिक जो कोविड-19 टीका नहीं लगवाये है। एवं जो द्वितीय डोज लगवा चुके है, वे निर्धारित ड्यू समय में नजदीकी टीकाकरण केंद्र में प्रिकॉशन डोज लगवा लें।

गौरतलब है कि कोविड-19 के प्रकरणों को देखते हुए नागरिको को प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा है। दूसरा टीका लगने के छः माह बाद प्रिकॉशन डोज लिया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 9 लाख 36 हजार से अधिक लोगों को कोविड का प्रिकॉशन डोज लगाया जायेगा। जिले के मस्तूरी विकासखण्ड में 2 लाख 928, बिल्हा विकासखण्ड में 1 लाख 80 हजार 579, तखतपुर में 1 लाख 71 हजार 569, कोटा में 1 लाख 6 हजार 758 तथा बिलासपुर नगरीय क्षेत्र में 2 लाख 76 हजार से अधिक लोगो को अभियान चलाकर प्रिकॉशन डोज लगाया जायेगा।

# राज्य शिक्षक अवार्ड 2022 के लिए आवेदन आमंत्रित

## -30 जुलाई तक आवेदन कर सकते है पात्र शिक्षक

नूंह जुबैर खान नूंह, 16 जुलाई। शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले योग्य शिक्षकों से राज्य शिक्षक पुरस्कार-2022 के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ कर दी है। योजना के तहत राज्य स्तर पर से-कंडरी शिक्षा में 20 पुरुष व 20 महिलाएं एवं प्राथमिक शिक्षा के तहत 25 पुरुष व 25 महिला शिक्षकों को इस पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा के सेकेंडरी शिक्षा विभाग ने राज्य शिक्षक पुरस्कार-2022 के लिए योग्य शिक्षकों से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 14 जुलाई से आवेदन आमंत्रित करने शुरू कर दिए है। आवेदनकर्ता शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा जारी इस लिंक 'http://14.192.19.188Stateaward2021' पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है। उपरोक्त लिंक पर स्वयं नामांकन करने के लिए आवेदक-शिक्षक का पासवर्ड एवं ओटीपी उसके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ही प्राप्त होगा। आवेदनकर्ता शिक्षक अपना पूरा विवरण तीन एमबी की पीडीएफ फाइल के साथ लिंक पर अपलोड कर सकता है। इससे अधिक एमबी की फाइल होने पर उसे गूगल ड्राइव पर अपलोड करना होगा। शिक्षक फाइल को अपलोड करने से पहले उसमें फेरबदल कर सकेंगे। अगर लिंक या पोर्टल में कोई तकनीकी दिक्कत आती है तो शिक्षक विभाग की ईमेल आईडी stateteacheraward2021@gmail.comपर अपनी शिकायत कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि शिक्षा विभाग की वेबसाइट schooleducationharyana.gov.in पर पुरस्कार के लिए निर्धारित मापदंड व अन्य विस्तृत जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए शिक्षकों का चयन पहले से अधिक एकरूपता और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। शिक्षकों के नाम की सिफारिश के लिए सरकार ने जिला स्तरीय समितियों को खत्म कर दिया है। शिक्षकों को पुरस्कार के दावे के लिए ऑनलाइन ही आवेदन करना होगा।

# खंड विकास अधिकारी ने पंचायत भवन के निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण,जारी किए दिशानिर्देश

शिवदयालगंज(गोंडा) क्षेत्र के कटरा भोगचंद गांव में निमार्णाधीन पंचायत भवन का औचक निरीक्षण खंड विकास अधिकारी डॉ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप हर गांव में पंचायत भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिन गांवों में पंचायत भवन पहले से हैं वहां भी सौन्दर्यीकरण और कम्प्यूटरीकरण जल्द से जल्द कराया जाना है। इसी क्रम में क्षेत्र के कटरा भोगचंद गांव में निमार्णाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान मौके पर मौजूद अवर अभियंता राजीव कुमार के द्वारा पंचायत भवन की माप भी कराई गई जोकि मानक के अनुसार पाई गई है।निर्माण में प्रयोग हो रही वस्तुओं की जांच की गई जोकि गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक पाई गई है साथ ही गांव के पंचायत सचिव पवन कुमार गौतम और ग्राम प्रधान गायत्री देवी को लिखित निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया है कि पंचायत भवन का निर्माण मानक के अनुसार और उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें यदि पंचायत भवन के निर्माण में किसी भी प्रकार की घटिया सामग्री का उपयोग किया गया तो कठोर कार्रवाई करते हुए उच्चाधिकारियों को कराया जायेगा। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि सुभाष यादव, नफीस बाबू, सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

# एक सप्ताह पूर्व गायब युवती व अबोध बच्ची को बरामद नही कर सकी कर्नलगंज पुलिस

## थाना कोतवाली कर्नलगंज से जुड़ा है मामला, पीड़ित पिता ने कप्तान से लगाई गुहार

कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय कोतवाली अन्तर्गत ग्राम कंजेमऊ निवासी लल्लू उर्फ रामलाल ने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमे कहा गया है कि उसने अपनी पुत्री आशा की शादी ग्राम कंजेमऊ निवासी बुधराम उर्फ घनश्याम के साथ किया था। आरोप है कि एक सप्ताह से उसके ससुराल वाले मायके से बाइक लाने की जिद पर अड़कर उसकी पिटाई करते चले आ रहे थे। पीड़ित ने बताया कि पुत्री की समस्या देखकर उसने बाइक देने की बात स्वीकार कर ली, फिर भी तत्काल बाइक न देने की वजह से उसकी प्रताड़ना बन्द नही हुई और आठ जुलाई को उसकी पुत्री आशा दस माह की अबोध बच्ची के साथ रहस्यमय ढंग से गायब हो गयी। जिसके संबंध में उसने नौ जुलाई को कोतवाली में तहरीर दिया लेकिन सात दिन बाद भी पुलिस उसकी पुत्री आशा व उसकी अबोध बच्ची को बरामद नही कर सकी है। पीड़ित ससुराल वालों पर दोनों की हत्या करके शव छुपाने की आशंका जाहिर की है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि युवती के साथ बच्ची की तलाश की जा रही है। दोनों पक्षों को उसकी तलाश करने में मदद करने को कहा गया है। शीघ्र ही प्रकरण का खुलासा हो जाएगा।

# टी एस सिंहदेव ने दिया छत्तीसगढ़ के पंचायत मंत्री के पद से इस्तीफा

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

रायपुर। छत्तीसगढ़ से सियासी गलियारों में हलचल पैदा करने वाली खबर सामने आ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने पंचायत विभाग के मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इस इस्तीफे बाद छत्तीसगढ़ की राजनीति में भूचाल आ सकता है।

दरअसल टी एस सिंहदेव बीते कई दिनों से सरकार के कामकाज को लेकर असंतुष्ट नजर आ रहे थे। हाल ही में उन्होंने हसदेव अरण्य में कोयला खनन और जंगल काटे जाने के खिलाफ चल रहे आदिवासियों के आंदोलन का समर्थन किया था। गौरतलब है कि त्रिभुवनेश्वर शरण सिंहदेव के पास पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीससूत्रीय, वाणिज्यिक कर (जीएसटी) का प्रभार है। उन्होंने



अपने इन विभागों में से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से इस्तीफा सौंप दिया है, सिंहदेव अपने प्रभार वाले बाकी विभागों में कैबिनेट मंत्री के रूप में बने रहेंगे।

### कांग्रेस आलाकमान को है जानकारी

अपने इस्तीफे के संबंध में सिंहदेव ने पत्रकारों से कहा कि जिस तरह की बातें चल रही थीं, यह एक दिन होना ही था। सिंहदेव ने अपने इस कदम की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से त्याग पत्र भेज दिया है। सिंहदेव के इस निर्णय से सरकार के अंदर चल रही खींचतान एक बार फिर उजागर हो गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सिंहदेव का त्यागपत्र स्वीकार करते हैं या नहीं यइसके लिए इंतजार करना होगा, लेकिन सिंहदेव के इस कदम से कांग्रेस सरकार और संगठन में हलचल मच गई है। खबर यह भी है कि सिंहदेव ने पंचायत विभाग छोड़ने के संबंध में अपने कारण कांग्रेस आलाकमान तक पहुंचा दिए हैं।

### विपक्ष ने ली चुटकी

इधर सिंहदेव के पंचायत विभाग छोड़ने की खबरों के बीच विपक्ष ने चुटकी ली है। पूर्व मंत्री और भाजपा प्रवक्ता राजेश मूणत ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि पद पर रहते हुए काम ना कर पाने से अच्छा है कि विभाग ही छोड़ दें। टी एस सिंहदेव ने पंचायत मंत्री का पद छोड़कर बड़ा जिगर दिखाया है। भूपेश बघेल जी आपसे भी सरकार नही सम्भल रही है थोड़ी हिम्मत दिखाइए।

# जिला के हर घर पर शान से लहराएगा 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा : सीइओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत

**- सीएम श्री मनोहर लाल ने वीडियो कांफ्रेंस से दिए निर्देश, हर घर तिरंगा को जन अभियान बनाकर राष्ट्रीय पर्व पर देशभक्ति का भाव करें जागृत**

**- सीइओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने दी जानकारी, जिला के दो लाख 60 हजार घरों पर 13-14-15 अगस्त को लहराया जाएगा राष्ट्रीय ध्वज**

नूंह, 16 जुलाई। आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत इस बार स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत नूह जिला में 2.60 लाख से अधिक घरों, सरकारी इमारतों, औद्योगिक व वाणिज्यिक इकाईयों व निजी संस्थानों पर 13-14-15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज लहराया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की शनिवार की सांय वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सीइओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने अवगत कराया।

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नूह सहित राज्य के सभी जिला के उपायुक्तों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम को जिला स्तर पर की गई तैयारियों की जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव व सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर सरकार के नवीनतम दिशा-निदेर्शों से अवगत कराया। वीडियो कांफ्रेंस के उपरांत सीइओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत जिला में हर घर तिरंगा को जन आंदोलन बनाने के लिए औद्योगिक व वाणिज्यिक संगठनों, राजनीतिक दलों, गैर सरकारी संस्थाओं, ईंट-भट्ठा व पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन आदि को भी इस पुनीत अभियान में भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला के सभी सरकारी भवनों विशेषकर पीएचसी, सीएचसी, आंगनवाड़ी केंद्रों, राशन की सरकारी दुकानों, ग्राम सचिवालयों आदि स्थानों पर 13 से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज लहराया जाएगा ' इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ सुभीता ढाका सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे '

# प्रताड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में कारगर साबित हो रहा वन स्टॉप सेंटर

नूंह जुबैर खान घरेलू हिंसा, दहेज प्रताडड्डा, बाल विवाह एवं पति की ओर से दूसरी शादी करने जैसे मामलों को लेकर होने वाले विवादों के निपटारे के लिए नूंह में चल रहा वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के लिए कारगर साबित हो रहा है। जिले में सितंबर 2019 से शुरू हुए वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं को न्याय दिलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य घरेलू हिंसा एवं महिला अत्याचार से संबंधित महिलाओं को निःशुल्क सहायता देना है। 2019 से अब तक जिले में 400 से अधिक महिलाओं को न्याय व अधिकार दिलाया जा चुका है। वन स्टॉप सेंटर में अभी तक कुल 450 मामले दर्ज किये गए। इनमें 50 को पुलिस सहायता व 15 मामलों में महिलाओं को कानूनी सहायता भी दिलाई है।




**कैंपों के माध्यम से किया जा रहा जागरूक :**

महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए केंद्र की और से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गांवों व शहरों में महिलाओं को जागरूक करने के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं। इससे अब महिलाओं में उनके अधिकारों के प्रति काफी जागरूकता पैदो हो रही है।

**महिलाओं को दिया जाता है आश्रय**

नूंह स्थित वन स्टाप सेंटर में हर महीने 3 से 4 महिलाओं को आश्रय दिया जा रहा है ये वो महिलाओं होती है जिनके पति या अन्य परिजनों द्वारा रात को घर से निकाला दिया जाता है जोकि यहां पर आकर रात में आश्रय लेती है। महिलाओं की देखभाल व सुरक्षा के लिए हर समय टीम के सदस्य मौजूद रहते हैं।

**मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं ज्यादा मामले :** वन स्टॉप सेंटर के प्रशासक मोहम्मद असफाक अली ने बताया कि घरेलू हिंसा के ज्यादातर मामले मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं। वहीं उच्च वर्गीय परिवार का जब मामला आता है तो उसे सुलझाने में भी ज्यादा समय लगता है। क्योंकि ऐसे घरों के मामले में दोनों पक्षों के लोग अपने इगो के साथ समझौता नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके यहां पर हर समय महिलाओं की सहायता की जाती है।

# पैतृक संपत्ति में हिस्सा दिलाने हेतु थाने में प्रार्थना पत्र देकर लड़कियों ने की मांग

कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ग्राम बिबिया पुर अवधूत नगर निवासिनी शीतल दूबे एवं कनक दूबे पुत्री बीरेंद्र कुमार दूबे ने थाना कोतवाली कर्नलगंज में प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पैतृक संपत्ति में हिस्सा दिलाने की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि प्रार्थिनीगण रामशंकर पुत्र लालता के लड़के वीरेंद्र कुमार की लड़की हैं व ग्राम बिबिया पुर अवधूत नगर की निवासिनी हैं। प्रार्थिनीगण के पिता वीरेंद्र कुमार व माता का स्वर्गवास हो चुका है। प्रार्थिनीगण बचपन से अपने ननिहाल में रहकर जीवन यापन कर रही हैं। प्रार्थिनीगण को उनके बाबा रामशंकर पुत्र लालता हिस्सा नहीं दे रहे हैं। जिसके बाबत प्रार्थिनीगण ने धारा 145 ू१स्रू के तहतदावा उपजिलाधिकारी महोदय कर्नलगंज के यहाँ प्रस्तुत किया। जिसका तामीला श्रीमान जी के अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के द्वारा कराया गया जिस पर प्रार्थिनी गण के पितामह (बाबा) ने हिस्सा देने के लिए पुलिस कर्मियों के सामने सुलह किया। किन्तु इसके उपरांत दिनांक 07/07/2022 को अपने खाते से छह बीघा जमीन का बैनामा किसी अन्य के पक्ष में लिख दिया। प्रार्थिनी गण को अभी भी विश्वास हिस्सा देने के लिए दिला दे रहे हैं किंतु मौके पर नहीं आ रहे हैं। जिससे प्रार्थिनी गण ने समस्या को दृष्टिगत रखते हुए हिस्सा दिलाने की मांग की है।

# योगा को गांव गांव तक पहुचाने व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बेहतरीन ढंग से मनाने के लिए प्रशासन का सहयोग , योग गुरुओ को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित।

करनैलगंज(गोंडा)। जिले में योग को गांव गांव पहुंचाने व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बेहतरीन ढंग से मनाने में प्रशासन का सहयोग करने के निमित्त एसडीएम ने योग गुरु आदर्श मिश्रा व उनके टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। शुक्रवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी हीरालाल की अध्यक्षता में योग प्रशिक्षक सम्मान समारोह में आयोजित हुआ। जिसमें एसडीएम ने योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। योगाचार्य आदर्श मिश्र ने ब्लॉक मुख्यालय पर 1 महीने योग प्रशिक्षण शिविर लगाकर न्याय पंचायत स्तर के ट्रेनर तैयार किए थे। योग प्रशिक्षकों ने अपने न्याय पँचायत में 1 सप्ताह निःशुल्क योग शिविर लगाकर ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया। उक्त कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक आदर्श मिश्र ने सम्बोधित करते हुए कहा कि योग आज हर क्षेत्र व हर उम्र के लोगो के लिये बहुत जरूरी होता जा रहा है, हम सभी को रोज सुबह उठकर सर्वप्रथम अपने शरीर के बाह्य व आंतरिक अंगों की सफाई योग अभ्यास व प्राणायाम के माध्यम से करना चाहिए। उपजिलाधिकारी ने सभी योग शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र दिया तथा योग की महत्ता को बताते हुए कहा कि योग से हम अपने रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास कर स्वयं को आने वाली बीमारियों से बचा सकते हैं। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी, सचिव दिनेश चंद्रा, गायत्री परिवार के कार्यकर्ता अमिताभ मिश्र, योग प्रशिक्षक आशुतोष पाण्डेय, अंकित, रूपेश, विक्रम, राहुल, भीम, अखिलेश, राजू, विक्रम सहित सभी न्याय पंचायत के योग प्रशिक्षक, ग्रामीण व योग साधक मौजूद रहे।



22 may 2022:Layout 1 7/17/2022 2:23 AM Page 6



## पुलिस वालों का हुआ स्थानांतरण

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ। निम्नलिखित मुख्य आरक्षी/आरक्षी नागरिक पुलिस को तत्कालिक प्रभाव से जनहित/अनुकंपा के आधार पर नवसृजित थानों के कुशल संचालन हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाता है।*

1. हे0कां0 राधेश्याम यादव थाना रानीगंज से हेड मोहर्रिर थाना देल्हूपुर
2. कां0 मनीष कुमार सिंह पुलिस लाइन से कां0 मु0 थाना देल्हूपुर
3. म0कां0 संगीता देवी थाना मांधाता से सीसीटीएनएस थाना देल्हूपुर
4. कां0 दिनेश कुमार थाना मानिकपुर से कां0 पैरोकार थाना देल्हूपुर

5. हे0 कां0 सत्यनारायण सिंह पीआरबी 2016 थाना पट्टी से हेड मोहर्रिर थाना लीलापुर 6. कां0 सतीश यादव पुलिस लाइन से कां0 मोहर्रिर थाना लीलापुर 7. कां0 प्रीति यादव पुलिस लाइन से सीसीटीएस थाना लीलापुर 8. कां0 भोला गौड़ अभियोजन कार्यालय से कांस्टेबल पैरोकार थाना लीलापुर 9. हे0 कां0 राजित राम गुप्ता पुलिस लाइन से थाना दिलीपपुर 10. कां0 महेंद्र पाल पुलिस लाइन से कां0मु0 थाना दिलीपपुर 11. म0 कां0 प्रीति तोमर थाना कंधई से सीसीटीएस थाना दिलीपपुर
थाना नवाबगंज से कां0 पैरोकार थाना दिलीपपुर

### अमेठी में पकड़ी गई अवैध असलहों की फैक्ट्री

## दो तस्कर गिरफ्तार, अगल-बगल के जिले के अपराधियों को थे बेचते

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

यूपी के अमेठी में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) टीम व शिवरतनगंज



पुलिस ने अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने 10 अदद अवैध तमंचे व 10 जिन्दा कारतूस और अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### शिवरतनगंज थाना क्षेत्र से हुई गिरफ्तारी

पुलिस कप्तान के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में आज यह गिरफ्तारी हुई। उपनिरीक्षक अमरेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष शिवरतनगंज व उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा एसओजी प्रभारी अमेठी वांछित की तलाश में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प सरैया सुल्तानपुर मोड़ के पास खण्डहर मकान के अन्दर अवैध शस्त्र बनाते हुए दो लोगो को गिरफ्तार किया।इनकी पहचाना कुलदीप तिवारी (27) पुत्र गिरधारी तिवारी निवासी जुगराजपुर थाना शिवरतनगंज व जिब्राइल (28) पुत्र कासिम निवासी कामापुर थाना मोहनगंज के रूप में हुई है।

### 10 तमंचा बरामद

पुलिस ने कुलदीप तिवारी के कब्जे से 2 तमंचा, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 3 तमंचा 8 जिन्दा कारतूस 12 बोर व अभियुक्त जिब्राइल के कब्जे से 5 तमंचा 315 बोर बरामद किया है। मौके से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण 1 भट्ठी लोहा, 1 प्लास, 2 पेचकस, 15 कील, 2 लोहे की आरी, 2 ट्रैगर, 1 हथौडी, 1 सम्सी, 4 स्प्रिंग, 11 लोहे की नाल आदि बरामद हुआ। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों लोग अवैध शस्त्र फैक्ट्री लगाकर तमंचा तैयार कर अगल-बगल के जनपदों के अपराधियों को बेच देते हैं।

## जामों विकास खंड में फिर गरजा बाबा का बुल्डोजर

### स्कूल व चकमार्ग की जमीन से हटा अतिक्रमण

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

गौरीगंज/अमेठी प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल में मशहूर बाबा का बुल्डोजर का असर जिले में भी पूरी तरह से दिखाई दे रहा है। जो आये दिन अवैध अतिक्रमणकारियो के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। विदित हो कि उपजिलाधिकारी राकेश कुमार तहसीलदार दिग्विजय सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार



आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में राजस्व कर्मियों की संयुक्त टीम मय पुलिस बल के साथ परगना गौरा जामों के हरकरनपुर पहुंची। चकमार्ग गाटा संख्या 540 व स्कूल गाटा संख्या 541 रकबा 0.123 हेक्टेयर जमीन पर गांव के ही दबंग मोहम्मद साकिर पुत्र मोहम्मद खलील पक्की दीवार बनाकर अवैध रूप से कब्जा किए थे। जिसकी शिकायत मिलने पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व कर्मियो की अगुवाई में भूमि की पैमाईश की गई। चिन्हित जमीन पर अवैध रूप से खड़ी दीवार को जे सी बी की मदद से गिराकर अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया। तहसील प्रशासन के इस कार्य की स्थानीय लोग बहुत ही सराहना कर रहे हैं। इस मौके राजस्व निरीक्षक मंजीत सिंह, लेखपाल राजेश कुमार आदि सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## निजी आई0टी0आई0 की बैठक सम्पन्न।

गोंडा ।राजकीय आई0टी0आई0 गोंडा परिसर में नोडल प्रधानाचार्य सभी



निजी आईटीआई के प्रबंधक प्रधानाचार्य के साथ एक मीटिंग आहूत की जिसमें परीक्षा से संबंधित दिशा निर्देश जारी किया एवं 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में सभी को अवगत कराया, 30 जुलाई को रोजगार मेला के बारे में भी सभी से कहा कि अपने-अपने आईटीआई के सभी छात्र छात्राओं को रोजगार मेला में प्रतिभाग कराएं अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएं सभी आईटीआई अपने अपने संस्थानों में भी रोजगार मेला का आयोजन करें एवं अपरेंटिस भी कराएं सूचना राजकीय आईटीआई में उपलब्ध कराएं इस बैठक में राजकीय आईटीआई की प्रधानाचार्य अनिल वर्मा, फोरमैन रिजवान, डी0पी0 आई0टी0आई0 के प्रबंधक राजीव कुमार पांडे, श्री मां आई0टी0आई0 प्रधानाचार्य हरीश पटेल, दीनदयाल आई0टी0आई0 प्रधानाचार्य हनुमंत लाल पांडे, आर0बी0टी0एम0आई0टी0आई0 के प्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी, मॉडर्न आईङ्कटीङ्कआईङ्क के प्रबंधक योगेंद्र सैनी, केवड़ा देवी आईङ्कटीङ्कआईङ्क के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, जनता आईटीआई के प्रतिनिधि एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (पीङ्कडीङ्कयूङ्क आईङ्कटीङ्कआईङ्क) विष्णुपुरी कॉलोनी गोंडा के प्रबंधक हरीश गुप्ता एवं समस्त निजी आईटीआई के प्रबंधक / प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## अघोषित बिजली कटौती से जनता में ,रोष

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़। बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बहोरिक पावर हाउस का मामला है जहां
भीषण गर्मी में उमस से लोग परेशान तो किसानों की फसलें भी सूख रहीं और धान की रोपाई भी नहीं कर पा रहे हैं। प्रदेश में कई क्षेत्रों में हो रही लगातार अघोषित बिजली कटोती से लोगों में आक्रोश बढने लगा है। बिजली कटौती के कारण इस भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही 10 से 14 घंटे की बिजली कटौती के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। साथ ही गांवों में लोग घरों में उमस से परेशान हो रहे हैं। किसानों को पर्याप्त लाइट न मिलने से उनकी फसलें सूख रही हैं।
विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि जब बिजली ही नही आ रही तो बिल कम होकर क्यों नही आ रहे है। ग्रामीण वासियों ने बताया कि अगर ऐसे ही हालात रहे तो विद्युत विभाग के विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा। लाइट कटौती की वजह से कार्य ठप पड़े है।
लाईट न मिलने पर पानी के लिए परेशान हो रहे है। गर्मी होने से मच्छर बढ़ रहे हैं, बीमारियां फैल रहीं है। घर के अंदर बैठ नहीं पा रहे हैं रात में भी लाईट न मिलने से घरों में नही सो पा रहे हैं।
झटके से लाइट आने से विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं। कटौती का पता होने से लाईट वाले कार्य शीघ्र पूर्ण कर लें, लेकिन कोई सूचना नहीं रहती। भीषण गर्मी में बुजुर्ग व बच्चों की हालात खराब है।
रात में अचानक ही बिजली गुल हो जाती है। इसके बाद लोग घरों से बाहर निकलकर बिजली आने का इंतजार करते रहते हैं। काफी देर इंतजार करने के बाद बिजली आती है, इसके बाद फिर गुल हो जाती है। मौसम में उमस होने से यह परेशानी और भी ज्यादा भयावह होने लगी है। बिजली की इस आंख मिचौली से रोजमर्रा की जिंदगी पटरी से उतरने लगी है, लेकिन बिजली विभाग इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने को गंभीर नहीं है न ही विभाग कर्मचारी व अधिकारी इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।

बिना किसी पूर्व सूचना के मेंटनेंस के नाम पर बिजली बंद करने वाले अब बिजली पहुंचाने में असक्षम नजर आ रहे। बिजली विभाग में शिकायत करने के लिए फोन लगाया जाता है तो वहां फोन ही नहीं लगता। जाने अनजाने में कभी फोन लग भी जाए तो बिजली विभाग के कर्मचारी संतोषजनक उत्तर देने की बजाय जल्द बिजली आएगी कहकर फोन काट देते हैं। विभाग की लचर व्यवस्था से लोगों को सही तरीके से बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। विभाग की इस अव्यवस्था से जहां आमजन परेशान है।

## मुख्य विकास अधिकारी अमेठी के निर्देशन में समूहों की दीदियों द्वारा बन रहा एक लाख राष्ट्रीय ध्वज

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी डॉ अंकुर लाठर मुख्य विकास अधिकारी अमेठी का प्रथम प्राथमिकता पर सदैव से ही महिलाओं को सशक्त/आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास रहा है इसी कड़ी में अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय ध्वज आम नागरिकों को उपलब्ध कराने के संबंध में शासन से निर्गत निदेर्शों का अनुपालन करते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित समूह की महिलाओं अथवा दीदियों के माध्यम से राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक भारतीय राष्ट्रीय झंडे का निर्माण कराया जा रहा है जिस का विवरण निम्न है:-
विकासखंड अमेठी की महिला शक्ति ग्राम संगठन समूह द्वारा 7500 राष्ट्रीय झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड बहादुरपुर नारी शक्ति प्रेरणा ग्राम संगठन समूह द्वारा 8000 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड भादर में कामयाब महिला ग्राम संगठन द्वारा 8000 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड भेटुवा शक्ति ग्राम संगठन समूह द्वारा 8000 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड गौरीगंज सभ्दावना ग्राम संगठन समूह द्वारा 7500 अंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड जगदीशपुर जाफर गंज प्रेरणा संकुल संघ समूह द्वारा 7500 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड जामो जय राघव दास ग्राम संगठन



समूह द्वारा 8000 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड मुसाफिरखाना इंसाफ महिला ग्राम संगठन समूह द्वारा 7500 का निर्माण किया जाएगा विकासखंड संग्रामपुर नारी शक्ति महिला ग्राम संगठन द्वारा 7500 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड शाहगढ़ सवेरा महिला संकुल संघ द्वारा 7500 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड शुकुल बाजार संगम क्रीडा संकुल संघ समूह द्वारा 8000 झंडे का निर्माण किया जाएगा विकासखंड सिंहपुर जागृति महिला ग्राम संगठन समूह द्वारा 7500 झंडे का निर्माण किया जाएगा एवं विकासखंड तिलोई मां दुर्गा प्रेरणा ग्राम संगठन द्वारा 7500 झंडे का निर्माण किया जाएगा इस प्रकार कुल 13 विकास खंडों के 13 समूहों द्वारा जनपद में 100000 भारतीय राष्ट्रीय प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण किया जाएगा जिसे जनपद के आम जनमानस को उपलब्ध कराया जाएगा इन समूहों द्वारा निर्मित झंडों को जिला पंचायत राज अधिकारी अमेठी कार्यालय द्वारा कर आयकर नियम अनुसार शासन के निदेर्शानुसार समूह के खाते में धन राशि हस्तांतरित कराई जाएगी इसके अतिरिक्त जनपद में उद्योग विभाग खाद्य विभाग आदि के माध्यम से भी झंडे का निर्माण कराया जा रहा है जिसे लाभार्थियों को अथवा जनपद वासियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

डॉ अंकुर लाठर मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा श्री सुनील कुमार तिवारी उपायुक्त स्वतःरोजगार निर्देश दिए गए हैं कि समूह की महिलाओं को समय-समय पर अन्य गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास इसी प्रकार होता रहे इस बात का विशेष ध्यान दिया जाए व ऐसी महिलाएं जो समूहों से जुड़ना चाहती हैं उन्हें नियमानुसार समूहों से जोड़ करके रिवाल्विंग फंड सीसीएल सीआईएफ बैंक क्रेडिट लिमिटेड आदि भी उपलब्ध कराते हुए उन्हें स्वरोजगार की दिशा में अग्रसारित भी कराना सुनिश्चित करें।

## तहसील मुसाफिरखाना में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**मुसाफिरखाना में 108 शिकायतें प्राप्त हुई तथा 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर करें निस्तारण डीएम गलत जाति प्रमाणपत्र निर्गत करने पर बूबूपुर के लेखपाल निलंबित**

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इस अवसर पर पुलिस से संबंधित प्रकरणों को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत ग्राम बूबूपुर में गलत जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का मामला प्रकाश में आने पर जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल अजीत सिंह को तत्काल निलंबित करने के निर्देश एसडीएम मुसाफिरखाना को दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं





पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील मुसाफिरखाना में कुल 108 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 40 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 69 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में 45 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर, प्रभागीय वनाधिकारी एम0एन0 सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दूबे, तहसीलदार मुसाफिरखाना संगीता पाण्डेय सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बुजुर्ग दंपत्ति हत्याकांड का हुआ खुलासा पड़ोसी निकले कातिल

इटियाथोक गोंडा, थाना क्षेत्र के बेलभरिया गांव में हुए दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने महज 42 घंटों में किया खुलासा। आला कत्ल के साथ हत्या आरोपितो को गिरफ्तार कर दर्ज मुकदमे के तहत माननीय न्यायालय किया रवाना। बताते चलें कि बृहस्पतिवार की रात्रि बेलभरिया गांव निवासी जाकिर मोहम्मद(75) पुत्र मोहम्मद सत्तार व उनकी पत्नी ननका(70) की घर के बाहर स्थित मड़हे में सोते समय सिर कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मृतक दंपति के पुत्र नासिर रजा पुत्र जाकिर की तहरीर पर स्थानीय थाने में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। हत्याकांड की सूचना पर पुलिस अधीक्षक गोंडा आकाश तोमर द्वारा डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की गई थी तथा घटना के सफल अनावरण हेतु टीमें गठित कर थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे को आरोपितों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुपालन में स्थानीय पुलिस, एसओजी व अन्य टीमें सुरागरसी व पतारसी में मामूर थे। इसी क्रम में शुक्रवार को स्थानीय पुलिस के द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर दोहरे हत्याकांड के आरोपितो मोहम्मद इसरार उर्फ कल्लू व शौकत अली को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही से आला कत्ल चारपाई की पाटी को बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों को दर्ज मुकदमे के तहत माननीय न्यायालय रवाना किया गया है।

## थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता मोहम्मद तारिक

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 बुद्धीलाल रावत थाना बाजारशुक्ल मय हमराही द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 104/22 धारा 376,363,366 भादवि व 5/6/16/17 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रंजीत पुत्र काशी प्रसाद नि0 ग्राम सत्थिन थाना बाजारशुक्ल



जनपद अमेठी को ग्राम नामदार पुर से गिरफ्तार किया गया । वथाना बाजारशुक्ल द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है

## एस आई अभिनेश कुमार का विदाई सम्मान समारोह आयोजित

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी मुसाफिरखाना स्थानीय कोतवाली मे कार्यरत रहे उप निरीक्षक अभिनेश कुमार का स्थानांतरण जनपद के टीकरमाफी चौकी इंचार्ज के रूप किया गया उनके सम्मान में स्थानीय कोतवाली परिसर में विदाई सम्मान समारोह आयोजित हुआ इस दौरान उनके कार्यों की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

उप निरीक्षक अभिनेश कुमार के स्थानांतरण होने पर स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित विदाई सम्मान समारोह में प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने एस आई



अभिनेश कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया हम सभी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं इस अवसर पर इंस्पेक्टर हंसराज कुशवाहा उप निरीक्षक संतोष मिश्रा इंग्लेश तिवारी का0ज्ञानेन्द्र सिंह अशोक सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बाघराय थाना के सिपाही के ईमानदारी की चर्चा जोरों पर

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

/प्रतापगढ़* जिले के बाघराय थाना के सिपाही सुरेश यादव के इमानदारी की चर्चा जोरों पर है जहां बड़ौदा ग्रामीण बैंक देवर पट्टी में रामदास पट्टी के झाझवारा गांव से आई महिला द्वारा पन्द्रह हजार बैंक से निकाला गया महिला द्वारा पैसा गिनने के उद्देश में महिला से पाँच हजार रुपये गिर गया और महिला अपने घर चलने लगी इसी बीच सिपाही सुरेश यादव की नजर गिरे पैसे पर पड़ी तो उन्होंने महिला को दौड़ कर बुलाकर गिरे हुए पांच हजार रुपये दे दिया बैंक में मौजूद लोगों ने ऐसे ईमानदार सिपाही की प्रसंशा भूरिभूरि की

### *गोवंश समेत ट्रक बरामद '*

लालगंज ,,उदयपुर पुलिस ने शुक्रवार की रात एस ओ अपने हमराहियो के साथ गस्त पर निकले थे रात लगभग साढे ग्यायरह बजे हाइबे से ननौती गाँव की तरफ जा रहे थे तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि राकी गाँव के पास बबूल के जंगल मे कुछ लोग ट्रक पर मवेसी लाद रहे है ' पुलिस वहां पहुंच कर चारो तरफ से घेर लिया ' पुलिस को देखते ही अरोपी अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गये ' वही ट्रक से दस बैल, आठ गाय, चार बछडा तथा एक बाइक बरामद किया ' पुलिस पशु कुरुरता अधिनियम के तहर अग्यात पर मुकदमा दर्ज कर दिया है '

## गाय की टक्कर से घायल युवक की मौत

समाज जागरण अरुण शुक्ल लालगंज

पूरे मदारी ओरीपुर नौगीर निवासी विवेक कुमार श्रीवाश्तव 24 वर्ष पुत्र स्व, रामप्रताप श्रीवाश्तव शुक्रवार की देर साम लगभग सात बजे बाइक से भैयापुर से घर लौटते समय पुरे मदारी गाँव के बाग मे अचानक सामने गाय के आ जाने से जोरदार टक्कर हो गया जिससे बाइक समेत युवक गिर कर घायल हो गया ' स्वजनो ने लखनऊ मेडिकल कालेज ले गये जहाँ शनिवार दोपहर लगभग बारह बजे मौत हो गयी ' मौत की सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया ' म्रतक माता पिता का अकेला सन्तान था और एक बहन है ' मर्तक दिल्ली शहर मे मजदूरी कर परिवार चालाता था '
पिता की पांच वर्ष पूर्व मौत हो गयी थी ' बहन रूपा की रो रो कर बुराहाल है

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये 222 प्रार्थना पत्र जिसमें 13 का तत्काल निस्तारण शेष शिकायतों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश-डीएम

गोण्डा। शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा समास्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। तहसील तरबगंज में कुल 222 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 13 प्रार्थना पत्र का निस्तारण मौके पर ही किया गया, शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित करते हुये निर्देशित किए हैं कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध करायें।

उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारिण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब, जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली के अतिक्रमण को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी भी करें। इसके साथ ही पूर्व में आयोजित तहसील



दिवस में प्राप्त हुए प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने तहसील तरबगंज में जनसुनवाई के दौरान कृषि विभाग के किसानों को ऊर्द, अरहर, धान, मक्का आदि बीजों के किट का वितरण किया।

वहीं संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील तरबगंज के तहसील परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु स्टाल भी लगाए गए जिसका *जिलाधिकारी ने जाकर सभी स्टालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। और कहा कि इसी प्रकार सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि इसका लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक जरूर पहुंचे*।

वहीं तहसील तरबगंज में जनसुनवाई के दौरान *भूगर्भ जल सप्ताह की गोष्ठी का भी आयोजन किया गया- *जन जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण अपनाना है, क्षिति जल पावक गगन समीरा, पंच रचित यह अघन सरीरा*। *भूगर्भ जल विभाग खंड देवीपाटन के द्वारा तहसील दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने सभी संबंधित को इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी* तथा *संपूर्ण समाधान दिवस के समापन के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील तरबगंज के परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण का दिया संदेश*।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक, परियोजना निदेशक डीआ-रडीए, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय, डी.सी. एनआरएलएम, उपनिदेशक कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिका-री मनोज कुमार सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कार्यकत्रियों ने मांगों को लेकर धरना देकर पीएम को संबोधित सौंपा ज्ञापन

गोण्डा । सीटू से संबंध आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन ने शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी आंदोलन के आह्वान पर विकास भवन स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया। और कार्यकताओं और सहायिकाओं ने सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप शुक्ल के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित 7 सूत्रीय व स्थानीय समस्याओं पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को अलग अलग मांग पत्र सौंपा।
ज्ञापन में कहा गया है कि देश के आठ करोड़ कुपोषित बच्चों व धात्री महिलाओं की सेवा में समर्पित 27





करोड़ कार्यकत्रियों व सहायिकाओं की स्थिति बदतर है। कोविड 19 एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहयोग देने वाली कार्यकत्रियों को विभिन्न प्रदेशों में छटनी व विकास ममद के बजट व अन्य सुविधाओं में कटौती की जा रही है। जबकि पिछले 22 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय में कार्यकत्रियों को ग्रेच्युटी व अन्य सुविधाओं का समुचित सुविधाओं का निर्माण हकदार माना है। ज्ञापन में कार्यकत्रियों को मोबाइल टेबलेट प्रदान करने, पूरे देश में एक समान सम्मानजनक मानदेय देने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए गए मांगपत्र में प्रोत्साहन राशि, गोद भराई का अनुदान, आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन के लिए भवन किराया व साज-सज्जा की धनराशि तथा पोषक खाद्यान्न सीधे केन्द्र पर उपलब्ध कराने की मांग की गई है। ज्ञापन देते समय आंगनबाड़ी यूनियन की मंडल अध्यक्ष रानी देवी पाल, मीनाक्षी खरे, गिरजावती मौर्य, सीता देवी, ममता, उत्तम, मुन्नी सिंह, किरण तिवारी, विमला, गिरजा शुक्ला एवं फूल देवी शामिल रहीं ।

22 may 2022:Layout 1 7/17/2022 2:23 AM Page 10



## जहानाबाद में 11 लोगो पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज।

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद बिजली विभाग के द्वारा बिजली चोरी करने वालो के खिलाफ पूरे जिले में तावरतोड़ छापेमारी अभियान चला रखा है। विभाग के द्वारा वकयादारो के खिलाफ भी लाइन काटने का अभियान निरंतर जारी है। इस आशय की जानकारी देते हुए विधुत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि जिले के मसूरचक, बलवा, सदासीचक, खिदारपुरा, किनारी, हेमराज, बिगहा आदि गांव में मीटर जांच अभियान चलाया गया। जहां एगारह लोगो को मीटर बाईपास एवं बिना वैध कनेक्शन लिए हुए बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया।



पकड़े गए लोगो में उमेश कुमार पर 36282 हीरा सिंह पर 18408 डब्लू केवट पर 15078 रंधीर कुमार पर 12444 बिमल कुमार पांडेय पर 13810 रामनरेश सिंह पर 13721 गजेंद्र सिंह पर 24155 अरविंद कुमार पर 23414 बिरजू पासवान पर 7943 कपिल कुमार पर 12733 एवं उदय कुमार पर 20057 रू का आर्थिक दंड लगाते हुए सम्बंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाया है। इस जांच अभियान मे सयाक बिधुत अभियंता राहुल कुमार कनीय विधुत अभिन्ता प्रदीप कुमार अभय कुमार सहित अन्य विधुत कर्मी शामिल थे।

## जहानाबादः इडेन आईएएस नई दिल्ली की ओर से सिविल सर्विसेज की तैयारी के प्रति आकर्षण बढ़ाने को लेकर दो दिवसीय जांच परीक्षा आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद इडेन आईएएस नई दिल्ली की ओर से कम उम्र के बच्चों को सिविल सर्विसेज की तैयारी के प्रति आकर्षण बढ़ाने के उद्देश्य से संजीव सर और एम कुमार सर द्वारा रविवार को आयोजित होने वाले सेमिनार से पहले दो दिवसीय जांच परीक्षा में 9वी, 10वी, 11वी और 12वी के लगभग 600 बच्चों ने भाग लिया। बता दें कि इडेन आईएएस संस्थान के इस सेमिनार में सिविल सर्विसेज तैयारी में एथिक्स और १२२१८ के जाने माने गुरु तीर्थंकर राय चौधरी और निदेशक अपूर्वा भार्गव जहानाबाद के बच्चों से रूबरू होंगे तथा उनका मार्गदर्शन करेंगे।ओम साई राम फिजिक्स क्लासेज के संजीव सर और एपेक्स क्लासेज के एम कुमार सर ने बताया कि लगभग 600 बच्चों ने जांच परीक्षा में भाग लिया है। जिसमें से सभी वर्गों के प्रथम,द्वितीय और तृतीय श्रेणी लाने वाले छात्रों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जहानाबाद में पहली बार सिविल सर्विसेज तैयारी के लिए कोई प्रसिद्ध मेंटर छात्रों को प्रोत्साहित करेंगे।कार्यक्रम में जिले के प्रमुख विद्यालयों के निदेशकों को भी आमंत्रित किया गया है।




## आयोजित जनता दरबार में 07 मामलों का किया निपटारा

सिरदला नवादा :- सिरदला थाना परिसर में भूमि विवाद संबंधित मामलों का निपटारा को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार आयोजन आरओ अमित कुमार तथा स आई जितेंद्र कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में की गयी। अंचलदंडा अधिकारी अमित कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार भूमि विवाद से सम्बंधित 07 मामलों का आदेवन प्राप्त हुए। सभी आवेदन के आलोक में दोनों पक्ष के प्रस्तुत कागजात का अवलोकन कर 04 मामलों का निपटारा ऑन द स्पोर्ट कर दिया गया। मौके पर अंचलकर्मी सहित पुलिसकर्मी इत्यादि उपस्थित थे।

## पीरी बाजार थाना में 5 मामले किए गए निष्पादित

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के पीरी बाजार थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया तथा जिसकी अध्यक्षता सूर्यगढ़ा राजस्व अधिकारी अजीत सिंह एवं पीरी बाजार थाना अध्यक्ष प्रजेश कुमार दुबे की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई जबकि जनता दरबार के आयोजन को लेकर थाना क्षेत्र अंतर्गत काफी संख्या में ग्रामीण थाना परिसर पहुंचे एवं शनिवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित कुल आठ मामले आए तथा आए हुए ग्रामीणों से जमीन संबंधित उनके कागजात और उनकी दलीलों सुनकर कुल आठ में से पांच मामले निष्पादित कर लिए गए



## ब्रह्मर्षि समाज का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित

**समाज जागरण**
**बिहार शरीफ (ए. स.)**

पावापुरी :समाज को सशक्त व संगठित करने के संकल्प के साथ भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट का एक दिवसीय सम्मेलन पावापुरी में हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता नालंदा जिला के फ्रंट के जिला अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिहार सरकार में पूर्व परिवहन मंत्री अजीत कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा, उपाध्यक्ष धर्मवीर कुमार , बीएन सिंह आजाद पंकज सिंह अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया । बैठक में राज्यस्तरीय भूमिहार ब्राह्मण फ्रंट के नेता बिहार सरकार में पूर्व मंत्री अजित कुमार ने कहा कि हमें अपनी सामाजिक गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए इस शिविर में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाएं। समय की मांग है कि हम पुरानी बातों को भुलाकर एक हों। हमारी एकजुटता न केवल अपने समाज के लिए बल्कि समाज के दूसरे वर्ग के लिए भी काफी सुखद होगा। उन्होंने कहा कि आज जो समाज की स्थिति है उस पर चिंतन करने की जरूरत है। आज भी ब्रह्मर्षि समाज के साथ सामाजिक शोषण किया जा रहा है। इसीलिए फ्रंट को पंचायत स्तर तक मजबूत बनाना है।इसके लिए सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा । इस अवसर पर सुधीर शर्मा, धर्मवीर शुक्ला , पंकज सिंह, पोखरपुर के पूर्व पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार, विशाल शंकर, अमित जी, संतोष जी, बिहारशरीफ प्रखंड अध्यक्ष गौरीशंकर के अलावे जिले के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## नालंदा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**समाज जागरण**
**बिहार शरीफ (ए. स.)**

नालंदा जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में आज हरदेव भवन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई।

सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के निकटतम आश्रितों को 15 सितंबर 2021 से बिहार मोटरगाड़ी (संशोधन-1) नियमावली-2021 के तहत बिहार वाहन दुर्घटना सहायता निधि से 5 लाख रुपये दिए जाने का प्रावधान है।इसके तहत जिला में अबतक 85 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 24 मामलों में भुगतान किया गया है। 9 अन्य मामलों में भुगतान के लिए आवंटन की मांग की गई है। अन्य मामले संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के यहां विभिन्न कारणों से लंबित हैं। लंबित सभी आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर सहायता राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आवेदकों के सहूलियत हेतु जिला परिवहन कार्यालय में भी आवेदन जमा करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिलाधिकारी ने जिला परिवहन कार्यालय में एक हेल्प लाइन नंबर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

सड़क दुर्घटना प्रवण हॉटस्पॉट को चिन्हित कर इसके निदान हेतु आवश्यक सुधारात्मक सुझाव के साथ संयुक्त रूप से सूची उपलब्ध कराने का निदेश संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दिया गया।

सभी चिन्हित हॉटस्पॉट्स के आसपास के नजदीकी गाँवों में स्थानीय सड़क सुरक्षा समिति का गठन संबंधित थाना प्रभारी द्वारा किया जाना है। इस समिति के अन्य सदस्य के रूप में पंच, वार्ड सदस्य, थाना के पदाधिकारी एवं संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी भी रहेंगे।अभी तक सरमेरा एवं अस्थावां थाना क्षेत्र में स्थानीय सड़क सुरक्षा समिति का गठन किया गया है।अन्य थाना क्षेत्रों में भी चिन्हित हॉटस्पॉट के अनुरूप स्थानीय समिति गठित करने का निदेश दिया गया।




सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक संसाधनों झ क्रेन,ट्रॉली आदि के क्रय हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजते हुए आवंटन की मांग करने का निदेश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटना की स्थिति में हाईवे पेट्रोलिंग/एम्बुलेंस सहायता के लिए टॉलफ्री नम्बर 1033 के माध्यम से सहायता प्राप्त की जा सकती है।

बगैर वैध ड्राइविंग लाइसेंस के निजी एवं विशेष रूप से सवारी वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निदेश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया।

बिहारशरीफ-राजगीर मार्ग (एनएच-82) पर कोसुक के समीप नवनिर्मित पुल से छोटे वाहनों का शीघ्र परिचालन शुरू करने का निदेश दिया गया।इस पुल से फिलहाल बड़े वाहनों के प्रवेश निषेध हेतु दोनों तरफ ऊंचाई बैरियर लगाने को कहा गया।

बख्तियारपुर-रजौली(एन एच-20) के निमार्णाधीन खंड में कम से कम एक लेन को सुचारू यातायात हेतु व्यवस्थित रखने का निदेश एनएचएआई को दिया गया।

जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस सिस्टम के तहत जिला में डिस्ट्रिक्ट रोलआउट मैनेजर को पदस्थापित किया गया है। उनके द्वारा सड़क दुर्घटना से संबंधित मामलों में ऑनलाइन डाटा एंट्री एवं एनालिसिस के क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण का कार्य किया जा रहा है। इनके द्वारा थाना, सड़क से संबंधित एजेंसी तथा परिवहन विभाग के समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण भी विभिन्न थाना स्तर पर दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उन्हें सड़क दुर्घटना से संबंधित डाटा के विश्लेषण के माध्यम से हॉटस्पॉट को चिन्हित कर सूची संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में नगर आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, विभिन्न सड़क निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का किया गया आयोजन

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर अखिलेश कुमार कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया तथा उक्त धरना प्रदर्शन में सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र के सभी वार्ड सदस्य एवं सदस्य शामिल हुए एवं जिसकी अध्यक्षता वार्ड संघ के अध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा किया गया एवं इस संदर्भ में वार्ड संघ के अध्यक्ष अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया गया कि 9 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया एवं 9 सूत्री मांगों को लेकर सूर्यगढ़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अखिलेश कुमार को ज्ञापन भी सौंपा गया है जिसमें सभी मांगे शामिल है उक्त मौके पर सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के वार्ड सदस्य मौजूद रहे




## मानिकपुर थाने में तीन मामले किए गए निष्पादित

**समाज जागरण लखीसराय**

शनिवार को लखीसराय जिले के मानिकपुर थाना परिसर में भूमि विवाद से संबंधित निपटारे हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया तथा जनता दरबार के आयोजन को लेकर सूर्यगढ़ा राजस्व अधिकारी राकेश रोशन भारती मानिकपुर थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई जबकि जनता दरबार के आयोजन को लेकर मानिकपुर थाना परिसर में थाना क्षेत्र अंतर्गत भूमि विवाद से संबंधित मामले को लेकर ग्रामीण पहुंचे आए हुए ग्रामीणों से जमीन विवाद संबंधित उनके कागजात तथा दोनों पक्षों की ओर से दी गई उनकी दलीलों को सुनकर कुल तीन में से तीन मामले निष्पादित कर लिया गया उक्त मौके पर थाना देश ब्रजेश कुमार राजस्व अधिकारी राकेश रोशन भारती तथा सहयोगी के रुप में राजू कुमार मौजूद रहे



## मारवाड़ी अथिति सदन फारबिसगंज में सावन मेला कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण फारबिसगंज।**

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा फारबिसगंज के द्वारा शनिवार को श्री मारवाड़ी अथिति सदन में सावन मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाएँ, बच्चे व पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन फारबिसगंज की पूर्व मुख्य पार्षद वीणा देवी, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष ई. आयुष अग्रवाल, सम्मेलन की अध्यक्ष सुधा अग्रवाल, सचिव अंजु गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया जिसके उपरांत सम्मेलन की तरफ से आगंतुक अथितियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

सावन मेला कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा कई प्रकार की प्रस्तुतियाँ की गई एवं विशेषकर बाबा भोलेनाथ की जीवनी व उनके भजनों पर विशेष कार्यक्रम किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षा सुधा अग्रवाल ने कार्यक्रम के बारे में विशेष रूप से बताते हुए कहा कि कार्यक्रम करने का उद्देश्य न सिर्फ. सावन मेला का आयोजन था बल्कि लोगों के साथ मिलना जुलना, कुछ समय अपनों के लिए निकालना व समाज में सभी को खासकर महिलाओं के बीच समाज के प्रति ज़िम्मेदारियों के लिए जागरुक भी करना है।



सचिव अंजु गोयल ने बताया कि प्रांतीय स्तर पर भी पिछले सत्र में कई प्रतियोगिताएँ हुई थी जिसमें फारबिसगंज शाखा के द्वारा कई स्तर पर शानदार जीत हासिल की गई एवं उन तमाम विजेताओं का सम्मान करना भी इस कार्यक्रम के माध्यम से करने का सौभाग्य मिला। दक्ष गोयल, प्रिसा अग्रवाल, जयेश चौधरी, लावण्या महेश्वरी व दर्जनों बच्चों के द्वारा दी गई फि ल्मी गानों पर प्रस्तुति लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा।

सावन मेला में कई खाने पीने के स्टाल के साथ इंडोर खेल जैसे ह्लबीट द डीलह्न, ह्ल7 अप 7 डाउनह्न व अन्य का भी स्टाल लगाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सम्मेलन की कोमल अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, रंजना राठी, श्यामा राठी, एकता गोयल, अनिता अग्रवाल, नीतू केडिया, प्रीति अग्रवाल, नीति फिटकरीवाला, ज्योति अग्रवाल, पूर्वी अग्रवाल, सिद्धी अग्रवाल, विनीता जैन, नीतू अग्रवाल व बड़ी संख्या में सभी समाज के लोग उपस्थित होकत सावन मेला के कार्यक्रम का आनंद लिया।

## आम आदमी पार्टी के नेता चंदन कुमार नें रोड मरम्म्ती को लेकर डीएम को दिया आवेदन

**समाज जागरण कुसाकाँटा।**

आम आदमी पार्टी के कर्मठ युवा नेता सह भावी प्रत्याशी लोकसभा अररिया के चंदन कुमार नें रोड मरम्मत करने के संबंध में जिलाधिकारी अररिया को आवेदन देकर माँग किया है ।दिये गए आवेदन में उन्हौनें

मेहंदीपुर पेट्रोल पंप से पश्चिम डोम सड़क में रोड बना हुआ है जो उत्तर साइड से जर्जर हो गया है। रोड टूट रहा है। जागीर परासी वार्ड नंबर 3 में यादव टोला ककुरवा गांव में पिचिंग रोड जो बाढ़ के कारण पहले पूरा टूट गया और पुल भी टूटने वाला है। उसका मरम्मत करना जरूरी है। शंकरपुर पंचायत वार्ड नंबर 4 में ततमा टोला करहिया गांव में रोड के बगल में पोखर है। जो कि 2 साल से बाढ़ का पानी के कारण रोड पोखर में जा मिला है। गाड़ी जाने में बहुत परेशानी होती है। गाड़ी जाती नहीं है और बगल में तम्कूरा स्कूल है। बगल में रास्ता नहीं बना है जाने के लिए।



जागीर परासी पंचायत नोनयारी सिलवारी गांव में भी सारा रोड बाढ़ के पानी जमाव से कीचड़ बना दिया है। 2 साल से कोई इस रोड का मरम्मत नहीं होता है।रोड मरम्मत होना चाहिए।उन्हौने जनहित में उपरोक्त सड़क की मरम्मती करने की मांग की है ताकि लोगों को आवाजाही में दिक्कत ना हो ।

## चापाकल से पानी भरने को लेकर विवाद में वृद्ध हुआ जख्मी

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत कटेहर गांव में चापाकल से पानी भरने के विवाद को लेकर एक वृद्ध के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया एवं अपने ऊपर मारपीट किए जाने को लेकर वृद्ध सूर्यगढ़ा थाना परिसर पहुंचा तथा मारपीट किए जाने पर वृद्ध महेंद्र साव पेशर बद्री साव के द्वारा बताया गया कि मेरे बथान पर खुशबू कुमारी और उनके परिजनों के द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया तथा खुशबू कुमारी एवं उनके परिजन मेरे बथान पर लगे चापाकल से पानी भरने बराबर आते हैं और चापाकल खराब होने पर पैसा नहीं देने पर मेरे द्वारा मना करने पर डंडे से प्रहार किया गया जिससे मेरा सर फट गया इन सभी बातों को लेकर वृद्ध महेंद्र साव के द्वारा सूर्यगढ़ा थाने में आवेदन दिया गया है

## बेखौफ अपराधियों ने मुर्गी फार्म संचालक की गोली मारकर की हत्या

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह** समस्तीपुर-जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जितवारपुर स्थित हाउसिंग बोर्ड के समीप शुक्रवार देर रात बेखौफ अपराधियों ने एक मुर्गी फार्म के संचालक को गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के लाटबसेपुरा वार्ड दो निवासी देव कुमार राय के 25 वर्षीय पुत्र चंद्रशेखर राय के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गोली मृतक के सिर के पिछले हिस्से में लगी है। मृतक शुक्रवार की शाम किसी काम के लिए घर से निकला था। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। वहीं पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज,जांच में जुट गई है।

## कजरा थाना में भूमि विवाद संबंधित पांच मामले किए गए निष्पादित

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के कजरा थाना परिसर में भूमि विवाद से संबंधित निपटारे हेतु जनता दरबार का आयोजन किया गया है तथा जनता दरबार के आयोजन को लेकर सूर्यगढ़ा अंचलाधिकारी सुमित आनंद राजस्व अधिकारी अजीत सिंह और कजरा थाना व संतोष कुमार सिन्हा की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई जबकि जनता दरबार के आयोजन को लेकर कजरा थाना क्षेत्र के भूमि विवाद संबंधित लोग काफी संख्या में थाना परिसर पहुंचे तथा जनता दरबार के आयोजन में कुल सात मामले आए जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से पांच मामले निष्पादित कर लिए गए उक्त मौके पर सूर्यगढ़ा अंचलाधिकारी सुमित आनंद राजस्व अधिकारी अजीत सिंह थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिन्हा मौजूद रहे

## दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को मिलेगा स्वर्ण पदक ,स्नातकोत्तर एवं पीएचडी वालों को मिलेगी उपाधि कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण स्वयं समारोह तैयारी की कर रहे हैं मोनिटरिंग

**समाज जागरण मधेपुरा ।**

आगामी तीन अगस्त को निर्धारित भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चौहान द्वारा विभिन्न विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने परीक्षा नियंत्रक प्रो. आर. पी. राजेश के हवाले से बताया कि दीक्षांत समारोह में प्रमाण पत्र के लिए शनिवार तक कुल 441 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें पीएचडी के 63 और स्नातकोत्तर के 379 आवेदन शामिल हैं।

**मिलेगा स्वर्ण पदक**

उन्होंने बताया कि सभी विषयों के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। लेकिन यह पदक तभी दिया जाएगा, जब विद्यार्थियों को कम-से-कम साठ प्रतिशत अंक प्राप्त होगा। पूर्व में यह निर्णय लिया गया था कि जिस विषय में दस से कम विद्यार्थी होंगे, उस विषय में स्वर्ण पदक नहीं दिया जाएगा। पूर्व के इस निर्णय को बदलते हुए सभी विषयों में स्वर्ण पदक देने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक शिक्षा संकायान्तर्गत एमएड के डेजी कुमारी को मिलेगा। वर्ष 2020 के लिए एमएड के यशवंत कुमार के अलावा एमएलआईएस के राहुल कुमार एवं एमडी/एमएस के पूजा मिश्रा को स्वर्ण पदक मिलेगा।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 के लिए शिक्षा संकायान्तर्गत एमएड के प्रदीप कुमार मेहता, एमएलआईएस के राहुल कुमार एवं एमडी/एमएस के पूजा मिश्रा और वाणिज्य संकायान्तर्गत वाणिज्य में प्रभु कुमार को स्वर्ण पदक मिलेगा। इस वर्ष विज्ञान संकायान्तर्गत भौतिकी में शिवम्‌ कृष्णा, रसायन शास्त्र में नेहा कुमारी, वनस्पति विज्ञान में अविनाश कुमार, जंतु विज्ञान में अंशु आनंद एवं गणित में श्रुति अग्रवाल को स्वर्ण पदक मिलेगा। इसमें सामाजिक विज्ञान संकायान्तर्गत भूगोल में अनीशा, गृह विज्ञान में कुमारी रेणुका रंजना, मनोविज्ञान में निशा कुमारी, समाजशास्त्र में प्रज्ञा गौतम, राजनीति विज्ञान में जयदीप मोनु, इतिहास में सुमित कुमार एवं अर्थशास्त्र में जूली कुमारी के नाम भी शामिल हैं। मानविकी संकायान्तर्गत दर्शनशास्त्र में अर्चना कुमारी, हिंदी में राधा कुमारी, अंग्रेजी में श्वेता कुमारी, उर्दू में सबा परवीन, मैथिली में संजय कुमार एवं संस्कृत में अर्चिता रानी को स्वर्ण पदक मिलेगा।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 के लिए वाणिज्य संकायान्तर्गत वाणिज्य में आर्यमन स्मित परयातियार को स्वर्ण पदक मिलेगा। इसमें विज्ञान संकायान्तर्गत भौतिकी की मणिकांत कुमार, रसायन शास्त्र श्यामा अहद, वनस्पति विज्ञान सपना कुमारी, जंतु शिखा रानी, गणित बिनित कुमार को स्वर्ण पदक मिलेगा। इस वर्ष सामाजिक विज्ञान संकायान्तर्गत भूगोल में मो. शाहनवाज, गृह विज्ञान में नेहा कुमारी, मनोविज्ञान में कविता कुमारी, समाजशास्त्र में रूचिका कुमारी, राजनीति विज्ञान में मुकेश कुमार, इतिहास में अवधेश कुमार अमन, अर्थशास्त्र में अनामिका कुमारी के नाम स्वर्ण पदक प्राप्तकताओं में शामिल हैं। स्वर्ण पदक की सूची में मानविकी संकायान्तर्गत दर्शनशास्त्र में जाह्नवी, हिंदी में सुजाता, अंग्रेजी में मीनाक्षी आनंद, उर्दू में मो. इम्तियाज आलम, मैथिली में मुकेश कुमार राय, संस्कृत में प्रीति कुमारी, बंगला में आलमगीर आलम के नाम भी शामिल हैं।



**सोमवार तक होगा आवेदन**

उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह है। विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय में लगातार आवेदन प्रपत्र जमा किया जा रहा है। 18 जुलाई (सोमवार) तक आवेदन प्रपत्र स्वीकार किया जाएगा। समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ संबंधित विभाग/ महाविद्यालय से अग्रसारित कराकर निर्धारित शुल्क के साथ शुल्क काउंटर पर जमा कराया जा सकता है। एमए, एमएससी एवं एमकॉम हेतु 12 सौ, एमएलआईएस एवं एमएड हेतु 15 सौ, पीएचडी हेतु दो हजार तथा एमएस एवं एमडी हेतु चार हजार शुल्क निर्धारित किया गया है।

**स्नातकोत्तर एवं पीएचडी वालों को मिलेगी उपाधि**

उन्होंने बताया कि चतुर्थ दीक्षांत समारोह में पीएच. डी. एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस निमित्त 14 दिसंबर, 2019 से अद्यतन पीएच. डी. डिग्री और स्नातकोत्तर 2016-18 एवं 2017-19, एमडी एवं एमएस 2020 (), एमएलआईएस 2019-20, एमएड 2017-19, 2018-20 एवं 2019-21 के विद्यार्थियों का प्रमाण पत्र बन रहा है।

**दिया जाएगा गार्ड आफ आनर**

उन्होंने बताया कि राज्यपाल सह कुलाधिपति के सम्मान में स्वागत एवं सम्मान में जगह-जगह तोरणद्वार लगाया जाएगा। उन्हें हेलीपैड एवं विश्वविद्यालय परिसर में गार्ड आफ आनर दिया जाएगा। मंच पर कुलपति उन्हें अंगवस्त्रम्, पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित करेंगे।

**निकलेगी शोभायात्रा**

दीक्षांत समारोह की विद्वत शोभा यात्रा में राज्यपाल सह कुलाधिपति सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं प्रतिभागी विशेष दीक्षांत परिधान में शामिल होंगे। इसमें कुलसचिव, संकायाध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक, प्रति कुलपति एवं कुलपति राज्यपाल सह कुलाधिपति की अगुवानी करेंगे। अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा पीला मालविया पगड़ी, लाल बॉडर वाला विश्वविद्यालय के मोनोग्राम अंकित पीला अंगवस्त्रम् उपलब्ध कराया जाएगा। छात्रों को खादी कपड़े में सफेद (उजला) कुर्ता एवं पजामा या उजली धोती एवं उजला कुर्ता स्वयं बनाना है। छात्राओं के लिए खादी सलवार (उजला) लेमन येलो कुर्ता या खादी की साड़ी लाल बॉडर के साथ, लाल ब्लॉज स्वयं बनवाना है।

**साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान**

राज्यपाल के आगमन के निमित्त साफ- सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पूरे परिसर को दुल्हन की तरह सजाने की योजना है। विश्वविद्यालय अतिथिगृह सहित सभी प्रमुख भवनों के रंग-रोगन का कार्य जारी है। मुख्य द्वार पर लाइट लगाने का प्रस्ताव है। दीक्षा मंच पर मधुबनी पेंटिंग लगाने और मंच को खुशबूदार फूलों से सजाने का निर्णय लिया गया है।

**कुलपति स्वयं कर रहे हैं तैयारी की निगरानी**

कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण स्वयं समारोह तैयारी की मोनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने सभी समितियों के संयोजकों, सचिवों एवं सभी सदस्यों को यह निदेशित किया है कि सभी कार्य ससमय पूरा किया जाए। समारोह को यादगार एवं शानदार बनाया जाए और इसमें कोई कमी नहीं रहने दिया जाए।

## वजीरगंज के बरौनी गाँव निवासी 28 वर्षीय वीरेंद्र ने दारोगा की परीक्षा पास कर क्षेत्र का मान बढ़ाया

**समाज जागरण**

सीटी रिपोर्टर/ वजीरगंज(गया) वजीरगंज प्रखंड के बरौनी गाँव निवासी स्व रामभजन प्रसाद एवं रूपा देवी के पुत्र वीरेंद्र कुमार ने दारोगा की परीक्षा पास कर अपने परिवार एवं वजीरगंज क्षेत्र का मान बढ़ाया॥

वीरेंद्र की माता रूपा देवी ने बताया कि पिता का साया उठने के बाद पुरा परिवार का बोझ वीरेंद्र के माथे पर आ गड्टा। काफी मेहनत करने के बाद इस बार दूसरे प्रयास मे सफलता हासिल कर हमलोगों को बड़ी खुशी हो रही है। वीरेंद्र ने बताया कि अगर दिल मे सच्ची लगन हो तो सफलता जरूर मिलती है।



वीरेंद्र के दारोगा का फाइनल रिजल्ट आने के प्रखंड के प्रबुद्धजनों एवं दोस्तो ने बधाई दी है॥ बधाई देने बालों मे पूनावा पंचायत के निवर्तमान मुखिया कुमार रूपेंद्र प्रताप,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व पशुपालन मंत्री अवधेश कुमार सिंह, समाजसेवी राम नरेश प्रसाद सिंह,शंभू शरण शर्मा, डॉ विनोद करुणाकर,आनंद मिलिंद,जुगेष्वर प्रसाद यादव, गणेश दास, बल्केस्वर यादव, दिवाकर कुमार साधु यादव सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।


22 may 2022:Layout 1 7/17/2022 2:23 AM Page 11



## सुपौल के एक स्कूल में कोरोना विस्फोट, एक साथ 16 स्टूडेंट हुए कोरोना पॉजिटिव

समाज जागरण बेतिया ब्यूरो (मुरारी कुमार)

सुपौल:सुपौल से आ रही खबर जहां एक बालिका स्कूल में कोरोना विस्फोट हुआ है। यहां स्कूल की 16 छात्राएं एक साथ कोरोना संक्रमित पाई गई हैं। एक साथ 16 छात्राओं के कोरोना संक्रमित होने से स्कूल प्रशासन और जिले के स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। मामला छात्रापुर प्रखंड के जीवछपुर पंचायत स्थित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय की है।



जानकारी के मुताबिक छात्रापुर के जीवछपुर स्थित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में एक के बाद एक कई छात्राओं के बीमार होने के बाद उनकी कोरोना जांच कराई गई थी। जांच रिपोर्ट आने के बाद स्कूल की 16 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। एक साथ इतनी संख्या में छात्राओं के कोरोना संक्रमित होने से हड़कंप मच गया है। छातापुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.शंकर कुमार ने बताया कि फिलहाल सभी छात्राओं की हालत ठीक है और सभी बच्चियां डॉक्टर की निगरानी में हैं।

बता दें कि बिहार में कोरोना की रफ़्तार लोगों को फिर से डराने लगी है। राज्य में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आशंका जताई जा रही है कि अगर राज्य में कोरोना की रफ्तार ऐसे ही जारी रही तो आने वाले समय में कोरोना फिर से भयावह रूप ले सकता है। राजधानी पटना में शुक्रवार को पटना में 202 जबकि पूरे राज्य में 460 कोरोना संक्रमित मिले। गुरुवार को पटना में कोरोना के 178 मामले सामने आए थे। शुकवार को संक्रमण से एक और मौत हुई है। राज्य में अब सक्रिय मामले 2640 हो गए हैं।

## स्नातकोत्तर प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति व पुरातत्व विभाग में एमए सेमेस्टर फोर सेसन 2018-20 के छात्रों का हुआ विदाई समारोह।

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।

विभाग के प्रोफेसर बिहारी लाल चौधरी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दिए शुभकामनाएं

भागलपुर।तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्नातकोत्तर प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एमए सेमेस्टर 4 के सेसन 2018- 20 के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।बताते चलें कि 2018-20 का सेशन कोरोना काल के चलते काफी लंबा अवधि तक रहा। इस विदाई समारोह कार्यक्रम में छात्रों में काफी उत्साह देखा गया। वहीं विदा होने वाले छात्रों के आंखें भी नम थे। आज के इस विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन सत्र 2019- 21 के एमए के सेमेस्टर 3 के छात्रों ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर कुलगीत से की गई एवं स्वागत गान व भाषण भाषण का कार्यक्रम हुआ। विभाग के प्रोफेसर बिहारी लाल चौधरी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

## अकीगतपुर पंचायत में 20 से 25 घरों पर चला बुलडोजर।

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।

भागलपुर जिला अन्तर्गत खरीक प्रखंड स्थित अकीगतपुर पंचायत वार्ड नंबर 6 में 20 घरों को हाई कोर्ट के निदेर्शानुसार अतिक्रमण मुक्त कराया गया।प्रारंभ में जितने भी लोग सड़क के किनारे घर बनाकर रह रहे थे उसने हंगामा किया।परंतु उनकी एक न चली क्योंकि तमाम लोगों को 3 दिन पूर्व ही घर खाली करने का नोटिस मिल चुका था। इस मौके पर नौगछिया एस डी पी ओ दिलीप कुमार, एस डी ओ यतेन्द्र कुमार पाल, खरीकअंचलाधिकारी निशांत कुमार सहित कई थानों की पुलिस प्रशासन मुस्तैद देखे गए।वहीं एसडीओ ने कहा कि उक्त जितने भी लोगों का घर हटाया गया है सभी बाढ़ विस्थापित लोग 2007 से इस जगह पर रह रहे थे। हाई कोर्ट के आदेशानुसार हमने इसे हटाया है लेकिन सबों को कहीं न कहीं सरकारी जमीन पर पर्चा बनाकर बसाया जाएगा। बहरहाल पीड़ित लोग घर उजड़ जाने से हताश हैं।अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कब तक इस बाढ़ विस्थापित लोगों को जमीन मिल पाती है।

## एक दिवसीय प्रदर्शनी क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन।

दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा

पटना से सटे बिहटा में शाहिल स्मृति एक दिवसीय प्रदर्शनी क्रिकेट मैच का आयोजन का किया गया वही इस क्रिकेट मैच के आयोजनकर्ता चीनी मिल नवयुवक संघ बिहटा रहे वही मुख्य अतिथि कुश कुमार ने कहा कि बिहटा नगर परिषद क्षेत्र में खेल का माहौल तैयार किया जायेगा बिहटा में बहुत प्रतीभा वही आपको बता दे की मौके पर मौजूद नगर परिषद बिहटा अध्यक्ष पद उम्मीदवार कुश कुमार रोहित कुमार, सचिन कुमार,छकन कुमार,नंदन शर्मा,चंदन कुमार, सुमीत, तन्मय सौरभ ,कुंदन किसन सुरज और लव मुख्य रूप से शामिल थे।



## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय परिसर, भोजपुर, आरा।

दैनिक समाज जागरण आरा,,अख्तर शफी निक्की

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर बाल विवाह निषेध पर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन दिनांक 16 जुलाई, 2022 को राजकीय गर्ल्स प्लस टू उच्च विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव- सह- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोजपुर श्री मिथिलेश कुमार को आमंत्रित किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मिथिलेश कुमार ने उपस्थित सभी छात्राओं को बाल विवाह निषेध से संबंधित बहुत सी बातों की जानकारी दी एवं इसका समाज पर क्या बुरा प्रभाव पर सकता है इस से अवगत कराया गया साथ ही उपस्थित सभी छात्राओं से इस पर डिबेट भी करने को कहा गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से पैनल अधिवक्ता श्री वासुदेव नारायण सच्चू, पारा विधिक स्वयंसेवक श्री आनंद कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवक, श्रीमती सीमा सिंह के साथ विद्यालय प्रचार्य श्री रंजन सिंह, शिक्षिका संगीता कुमारी देवंती कुमारी अनुपमा कुमारी वीणा कुमारी सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित थी।




## जिले में गहराता जा रहा है कोरोना का संकट, 42 पर पहुंची एक्टिव मरीजों की संख्या

### शुक्रवार को एक साथ संक्रमित 22 मरीज मिलने के बाद बढ़ी विभाग की चिंताएं

समाज जागरणअररिया ।

जिले में कोरोना का संकट फिर गहराने लगा है। जुलाई महीने में अब तक 31 हजार लोगों की हुई कोरोना संबंधी जांच में संक्रमण के 53 नये मामले मिले हैं। बीते गुरुवार जहां संक्रमण के 12 नये मरीज मिले थे। वहीं शुक्रवार को एक साथ 22 संक्रमित मरीज मिलने के बाद इसे लेकर विभागीय चिंताएं बढ़ गयी है। संक्रमित सभी मरीज होम आइसोलनेश में इलाजरत हैं। संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग कोरोना जांच व टीकाकरण पर विशेष जोर दे रहा है। सभी प्रखंडों को निर्धारित लक्ष्य के मुताबिक कोरोना जांच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

**सामूहिक सहयोग से संभावित खतरों से उबरना आसान :**

बढ़ते संक्रमण के मामलों पर चिंता जाहिर करते हुए सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने लोगों से जरूरी एहतियाती उपायों पर अमल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सर्दी-खांसी, बुखार सहित इससे जुड़ी मामूली शिकायत होने पर तत्काल कोविड जांच कराना जरूरी है। विभाग द्वारा जांच की सुविधा को बेहद सुविधाजनक बनाया गया है। सभी सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ प्रमुख रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, भीड़-भाड़ वाले अन्य स्थानों पर कोरोना जांच को लेकर कर्मी



प्रतिनियुक्त हैं। इसी तरह संक्रमण से बचाव को लेकर टीकाकरण को भी जनसुलभ बनाया गया है। संक्रमण के संभावित खतरों से उबरने के लिये उन्होंने सामूहिक सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

**संक्रमण के लिहाज से संवेदनशील हो चुका है फारबिसगंज प्रखंड**

डीआईओ डॉ मोईज ने कहा कि जिले में कोरोना को लेकर फिर एक बार आउटब्रेक की संभावना बन रही है। लिहाजा लोगों को विशेष सावधानी बरतते हुए ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि संक्रमण के लिहाज से फारबिसगंज ज्यादा संवेदनशील हो चुका है। संक्रमण के अधिकांश मामले फारबिसगंज ग्रामीण क्षेत्र से संबद्ध हैं। सिर्फ फारबिसगंज में ही कोरोना के 29 एक्टिव मरीज हैं। इसके अलावा अररिया शहरी क्षेत्र में 01, भरगामा में 01, रानीगंज में 01, कुसार्कांटा में 01 व नरपतगंज में फिलहाल संक्रमण के 09 मामले हैं। उन्होंने कहा कि हमें संक्रमण के खतरों को हल्के में लेने से बचना होगा। हम सख्ती पूर्वक इससे मुकाबला के लिये तैयार होना होगा। अब तक टीकाकरण कोरोना के खिलाफ जारी लड़ाई में सशक्त हथियार साबित हुआ है। इसलिये निर्धारित समय पर पूर्ण टीकाकरण को प्रमुखता देने की जरूरत है। साथ ही नियमित अंतराल पर हाथों की सफाई, शारीरिक दूरी का ध्यान, मास्क का उपयोग व भीड़-भाड़ वाले स्थानों से दूरी बनाने के कुछ आसान नियमों का हमें सख्ती पूर्वक अनुपालन सुनिश्चित कराना होगा।

## खजौली स्थित मध्य विद्यालय मनियरवा विद्यालय के सभागार में बिहार पंचायत नगर प्रारंम्भिक शिक्षक संघ मूल इकाई खजौली संध की बैठक का आयोजन किया गया

### प्रखंड़ इकाई शिक्षक संध मूल के दर्जनों शिक्षकों ने बैठक में भाग लेकर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की

दैनिक समाज जागरण संवाददाता- अमोद कुमार श्रीवास्तव, प्रतिनिधि, खजौली

प्रखंड़ क्षेत्र के मध्य मनियरवा विद्यालय के सभागार में शनिवार को बिहार पंचायत नगर प्रारंम्भिक शिक्षक संध मूल के प्रखंड़ अध्यक्ष सुरेश कुमार यादव के अध्यक्षता में शिक्षकों,शिक्षिकाएं की बैठक की गयी. इस बैठक का मंच संचालन वरीय प्रखंड़ उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद सिंह के द्वारा किया गया.इस बैठक के दौरान बिहार पंचायत नगर प्रारंम्भिक शिक्षक संघ मूल के अध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने उपस्थित सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं को कहा कि संगठन की मजबूती को लेकर संध की सदस्यता विस्तार करने हेतु सभी लोगो को कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी.उन्होंने कहा कि जब संध मजबूती रहेगी तब ही सभी शिक्षक को प्रखंड़ बीआरसी से लेकर जिला स्तर पर शिक्षकों को काम की निपटारा होगी.उन्होंने कहा कि संध में जुड़ने के लिए सदस्यता अभियान जोर,शोर से चलाया जाएगा.उन्होंने कहा कि प्रखंड़ बीआरसी के कर्मियों के द्वारा शिक्षक के हित मे कार्य नही कर पर उनका मनमानी के विरोघ में शिक्षक संध मूल में शामिल सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं आवाज बुलंद कर उनके विरुध्द आंदोलन किया जाएगा.वही शिक्षक संध मूल के



जिला प्रभारी शिक्षिका गीता कुमारी ने कहा कि बीआरसी कर्मियों द्वारा महिला शिक्षकों को सम्मान नही कर उनके साथ भेद भाव की नीति अपनाकर उन शिक्षिकाएं को सम्मान देने की आवाज बुलंद की. उन्होंने कहा कि छूटे हुए सेवा सर्त पूर्व प्रशिक्षित शिक्षकों को वेतन फिक्सेशन करने की बात पर चर्चा की गयी. वही बिहार पंचायत नगर प्रारंम्भिक शिक्षक संध मूल के वरीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षकों को परिसीमन को लेकर बीआरसी द्वारा भेद भाव को लेकर उपस्थित सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं के बीच चर्चा कर बीआरसी के विरोध आवाज बुलंद करने पर सभी शिक्षक संध मूल के सभी सदस्य एक जुट होकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है.इस बैठक के मौके पर शिक्षक संध मूल के सदस्य प्राथमिक विद्यालय महुआ एकडारा के प्राधानाध्यापक व महिला संध प्रखंड़ अध्यक्ष रेणु कुमारी, अंचला चौधरी,चंचला झा,रूबी कुमारी,पूजा सिन्हा, अंशु चंद्रा, लक्ष्मी कुमारी,तनुजा रिंकी,कुमारी प्रभा,संगीत कुमारी,ममता कुमारी,निर्मला कुमारी, नूतन कुमार प्रजापति, गीता कुमारी,शिक्षक प्रदीप कुमार यादव, पवन कुमार यादव,अवधेश कुमार,ललन साफी,हरि नारायण, अनवारुल हक,राकेश कुमार,विजय कुमार,शैलेन्द्र चौधरी,कामेश्वर सिंह,संजय कुमार यादव सहित दर्जनों शिक्षक,शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

## सर्किट हाउस आरा में श्री सुदामा प्रसाद माननीय सदस्य बिहार विधानसभा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर के साथ तरारी विधानसभा

दैनिक समाज जागरण आरा,अख्तर शफी निक्की

अंतर्गत आने वाले कुल 47 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यपकों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुदामा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र में जाते वक्त गांव-गांव से स्कूलों के बारे में जनता की विभिन्न तरह की शिकायते आ रही थी। इसलिए जबसे मैं विधायक बना मेरी कोशिश रही कि इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित स्कूलों के शिक्षकों प्रधानाध्यापकों के साथ मिल बैठ कर स्कूलों की समस्याओं का समाधान निकाला जाये आज सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्रओं के नामांकन की संख्या घट रही है। फंड रहने के बावजूद भी स्कूलों के भवनों, चाहरदिवारियों, पानी, शौचालय साफ-सफाई की स्थिति बेहद हीं खराब है। स्कूल से बच्चे हीं नहीं शिक्षक भी अनुपस्थित रह रहे हैं। बिना आवेदन, और अवकाश का नियम, को शिक्षक ठेंगा दिखा रहे हैं। इस अवसर पर निम्न निर्देश विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को दिये गयें।

1- सभी माध्यमिक उच्च माध्यमिक विद्यालयों में प्रबंध कार्यकारिणी समिति का गठन एक सप्ताह के अंदर किया जाये।

2- विकास कोष से प्राथमिकता के आधार पर विद्यालय का जिर्णोद्धार / सौंदर्यीकरण कराया जाये।



3- सभी निमार्णाधीन योजनाओं की सूचना तथा फंड की जानकारी और विद्यालय में हो रहे काम की जानकारी माननीय को दी जाये।

4- माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रयोगशाला, पुस्तकालय का प्रबंधन को दुरूस्त किया जाये और इसका पूर्णरूपेण उपयोग करना सुनिश्चित की जाये।

5- साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और शौचालय की व्यवस्था एक सप्ताह के अंदर ठीक किया जाये।

6- अवकाश के नियम का पूर्णरूपेण पालन किया जाये और बिना छुटटी लिये स्कूल से अनुपस्थित नहीं रहा जाये।

7- बच्चों का नामांकन अपने स्तर से विद्यालय के पोषक क्षेत्र में अनामांकित बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाये।

साथ ही, उपरोक्त सभी बातों के साथ सभी निजी कोचिंग संस्थान को सरकारी विद्यालयों के शिक्षण कार्य के समय बंद रखने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी स्तर से निर्देश दिया जाये। इस बैठक में तरारी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित लगभग सभी माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। बैठक में समग्र शिक्षा अभियान भोजपुर के सहायक अभियंता श्री नेहाल भी उपस्थित थे।

## विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा निर्मित काँवर भजन आज एस-सीरिज फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले जारी की गई.

दैनिक समाज जागरण आरा, प्रतिनिधि

आज मोजाहिदपुर स्थित एस-सीरिज फिल्म प्रोडक्शन हाउस के कार्यालय में धूमधाम व भक्ति भाव से "नाचता काँवरिया करके शोर" कैसेट का लोकार्पण किया गया।

अल्बम के बोल "नाचता काँवरिया करके शोर" जिसे अपनी मधुर स्वर से सजाया है गायक राजू राजा ने। इस दौरान मौके पर उपस्थित भागलपुर नगर निगम के भावी महापौर प्रत्याशी कुणाल सिंह ने कहा कि अंग क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है बस उसे सही प्लेटफॉर्म की. रेशम नगरी भागलपुर भी फिल्म इंडस्ट्री का हब बन सकता है.



एस-सीरिज फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस पिछले डेड़ दशक से भागलपुर में स्थापित है.

मौके पर निमार्ता/निर्देशक सह जदयू नेता संजीव सुमन, राजू राजा, आलोक चौधरी, अब्दुल जैकी, सरजी शर्मा, नवीन, राहुल, काजल, प्रीति आदि दर्जनों कलाकार उपस्थित थे.

## बीएलएस कॉलेज के शिक्षकों ने कहा, नहीं मिली अनुदान की राशि तो करेंगे आंदोलन।

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।

भागलपुर नवगछिया बीएलएस कॉलेज के अनुदान की राशि से वंचित शिक्षकों ने एक प्रेस वार्ता कर कहा है कि अगर उनलोगों को जल्द से जल्द अनुदान की राशि नहीं मिली तो वे लोग आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे. महाविद्यालय के शिक्षक डॉ रणविजय यादव ने कहा कि 12 शिक्षक और चार शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को पिछले आठ साल से अनुदान नहीं मिला है. अनुदान की आशा में दो शिक्षकों दिलीप कुमार और कुमारी शांति सिन्हा का निधन हो गया. शिक्षकों ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा बनायी गयी कमेटी के द्वारा अब तक जांच नहीं किया गया है, जिस कारण शिक्षक मायूस हैं. शिक्षकों ने आरोप लगाया कि सिंडिकेट द्वारा कई फर्जी शिक्षकों को बहाल कर दिया गया है, जिन्हें अनुदान की राशि दी जा रही है. शिक्षकों ने कहा कि अगर इसी तरह उनलोगों के साथ विश्वविद्यालय और महाविद्यालय प्रशासन द्वारा भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया गया तो वे लोग आए दिन लोकतांत्रिक तरीके से पुरजोर विरोध करने. पहले चरण में काला बिल्ला लगा कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा. इस अवसर पर डॉ रणविजय सिंह, डॉ चंदेश्वरी पंडित, अशोक प्रसाद यादव, अनिल कुमार शर्मा, तरुण कुमार सिन्हा, मो आरिफ अंसारी, रवि कुमार सिन्हा, वीरेंद्र कुमार सिंह, घुघली साह समेत अन्य भी प्रेस वार्ता में मौजूद थे.।

## बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के विधायक मीणा कामत के अनुसंसा पर भकुआ मुश्लिम टोला के पास धौरी नदी में कटाव निरोधक कार्य चालू

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अमोद कुमार श्रीवास्तव

धौरी नदी कटाव स्थल पर जूनियर अभियंता मनोज कुमार के देख रेख में गुणवक्ता पूर्ण कटाव निरोधक कार्य करते संवेदक आशुतोष झा.

प्रखंड़ क्षेत्र के मटीहवा भकुआ मुश्लिम टोला के पास धौरी नदी में कटाव स्थल पर बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के विधायक मीणा कामत के अनुसंसा पर कटाव निरोधक कार्य गुणवक्ता पूर्ण चालू किया गया है.इस कटाव स्थल पर फ्लड विभाग के जूनियर अभियंता मनोज कुमार के देख रेख में एस्टिमेट के अनुसार धौरी नदी के पुरव साइड में लगभग 150 मीटर से ज्यादा में धौरी नदी के पानी के सतह के नीचे से बॉस की पाइलिंग कर बॉस बल्ला लगाकर पोली वैग में बालू भरकर प्लास्टिक की जाली में सभी पोली वैग को रखकर कटाव स्थल पर बिछाया जा रहा है.इस कटाव स्थल पर कटाव निरोधक कार्य होने से धौरी नदी किनारे बसे लगभग दर्जनों



अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो को नदी में विलीन होने से बचाया गया.वही विधायक मीना कामत ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मटीहवा भकुआ मुश्लिम टोला के लोगो की शिकायत पर धौरी नदी के कटाव स्थल पर पहुँच कर निरीक्षण के दौरान कटाव निरोधक कार्य के लिए फ्लड कंट्रोल विभाग को लिखित अनुसंसा पर कार्य को चालू करवाया गया.वही विधायक ने कहा कि चतरा गोबरौरा उत्तरी पंचायत के तुलसियाही उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास धौरी नदी में कटाव स्थल पर कटाव निरोधक कार्य की अनुसंसा की.उन्होंने कहा कि विभाग त्तपरता से कटाव निरोधक कार्य मे तेजी लाकर कार्य को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया. वही विधायक मीणा कामत ने फ्लड कंट्रोल विभाग जयनगर के कार्यपालक अभियंता को सख्त निर्देश दिया कि कटाव निरोधक कार्य मे कोताही बरतने पर शख्त करवाई को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष शिकायत की जाएगी.

## जिला पार्षद दीपक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नितीश कुमार को एक पत्र भेजकर महाराजपुर एव चंद्रडीह के बीच कमला नदी पर एक और पुल निर्माण मांग की थी

दैनिक समाज जागरण, खजौली, संवाददाता - अमोद कुमार श्रीवास्तव,प्रतिनिधि, खजौली

मुख्यमंत्री सचिवालय पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में बिहार राज्य पुल निगम पटना द्वारा पुल निर्माण को लेकर सर्वे के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया.

,बिहार राज्य पुल निगम पटना के जूनियर अभियंता कुंदन कुमार ने दूरभाष पर पुल निर्माण को लेकर सर्वे के लिए प्रस्ताव सरकार के पास भेजने की पुष्टि की है.

प्रखंड़ क्षेत्र के महाराजपुर एव चंद्रडीह गांव में कमला नदी पर एक पुल का निर्माण होगा.इस पुल निर्माण को लेकर पुल निर्माण निगम ने सरकार से सहमति मिलते ही पुल निर्माण को लेकर स्थलीय सवेक्षण का कार्य प्रारंम्भ होगा.इसकी पुष्टी करते हुए पुल निर्माण निगम पटना के जूनियर अभियंता कुंदन कुमार ने दूरभाष पर बताया कि क्षेत्र संख्या- 22 के जिला पार्षद सदस्य दीपक कुमार सिंह के द्वारा एक पत्र मुख्यमंत्री को भेजा था. जिसके आलोक में मुख्यमंत्री ने जीप सदस्य श्री सिंह के पत्र को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री सचिवालय पटना से एक पत्र प्राप्त हुआ था.जिसके



आलोक में पुल निर्माण को लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है.विदित हो कि पूर्व प्रमुख सह जिला पार्षद सदस्य दीपक कुमार सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जनहित में प्रखंड़ के दो पंचायत चंद्रडीह एव चतरा गोबरौरा दक्षिण पंचायत कमला नदी के दो भागों में बट जाने को लेकर पंचायत के लोगो को एक वार्ड से दूसरे वार्ड में जाने के लिए उत्तर दिशा में 25 किलोमीटर सुक्की साईफन पुल एव दक्षिण दिशा में 20 किलोमीटर दूरी पिपराघाट पुल से पार होकर जाना पड़ता है.वही जिप सदस्य ने जनहित में देखते हुए बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के दर्जनों गांव को महाराजपुर ,चंद्रडीह एव चतरा घाट से मटीहवा मुख्य कोशी नहर चौक तक और एक पुल निर्माण होने से लाभावित नेपाल बॉर्डर से सीधा चतरा, मैनापट्टी, सोहरवा, पटवारा, सोहराथान, राजनगर होते हुए मधुबनी जाने के लिए उपयोगी होगी.वही महाराजपुर,चंद्रडीह गांव में कमला नदी पर पुल के लिए लोकेलेशन सड़क चंद्रडीह, तिरहुता, सलखनिया घाट,डलोखर, खाजेडीह, लदनियां,खुटौना एव लौकहा नेपाल बॉर्डर तक के सैकड़ो ग्रामीण लोग इस पुल से जिला हेडक्वाटर जाने में सहूलियत होगी.

## नौ सूत्री मांगो को लेकर वार्ड सदस्य महासंघ का प्रखण्ड कार्यलय पर धरना शिष्टमंडल के द्वारा बीडीओ को सौंपा गया मांग पत्र ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण जयनगर, शिव कुमार, मधुबनी

मधुबनी जिला के जयनगर प्रखण्ड सह अंचल कार्यलय परिसर में वार्ड सदस्य महासंघ के तत्वावधान में नौ सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। मांगो को लेकर प्रखण्ड स्तरीय स्तरीय वार्ड सदस्य महासंघ धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश यादव और संचालन गंगा चौधरी एवं श्याम साह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आयोजित धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पंचायत के वार्ड की जनता हम वार्ड सदस्यों पर भरोसा कर के हमे वार्ड में विकास कार्यों के लिए जीता कर जनप्रतिनिधि के रूप में भेजी है। लेकिन हम लोग चुनाव जीत जाने के बाद भी अधिकारियों, पदाधिकारियों एव कर्मियों और पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा हम सभी वार्ड सदस्यों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अधिकारीयों की उदासीनता के कारण अब तक हमें हमारा हक नहीं मुहैया कराया गया है। अपने अधिकारों को लेकर पूर्व में वार्ड सदस्य संघ के सदस्यों के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिल कर अपनी बातें रखीं। लेकिन अधिकारियों ने अब तक रुचि नहीं दिखायी है। वार्ड के लोग वार्ड में विकास कार्यों के लिए वार्ड सदस्य के पास आते हैं। हर वर्तमान वार्ड सदस्यों को प्रभार लेने के लिए बीडीओ के द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। वार्ड सदस्यों ने कनीय अभियंता पर अवैध उगाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हर पीएम आवास योजना समेत अन्य योजनाओं से वंचित लोगों लाभ देने, बकाया मानदेय का भुगतान करने समेत अन्य मांग शामिल है।

मौके पर सूर्यनाथ महासेठ, राम सोगारथ यादव, बेचन कामत, संजय




वार्ड के वार्ड सदस्यों को हर घर नल जल योजना में फंसाने का काम किया जा रहा है। वार्डो में विकास कार्य रुका हुआ है। मांगों में पुराने वार्ड सदस्य वर्तमान वार्ड सदस्यों के द्वारा अविलंब प्रभार दिया जाये जिससे ताकि वार्ड में रुके विकास कार्यों में गति आ सके।

वार्डो सदस्यों के द्वारा अनुरक्षक ,अनुरक्षण का राशि खाते में देने, पन्द्रहवी योजना की राशि, वार्ड सदस्यों को पाँच रुपैया मानदेय देने, मनरेगा योजना में वार्ड सदस्य की भूमिका देने, पंचायत स्तर पर योजनाओं का शिलान्यास में वार्ड सदस्यों का नाम शिलापट पर देने, यादव, विजय साह, राम सकल यादव, मीरा देवी, जगत नारायण यादव, इंद्रजीत कुमार ठाकुर, आरती देवी, चंदा देवी, सोनी देवी, मीना देवी, सोनू झा, वकिल बैठा, संतोष राउत, नरेश यादव, जगत यादव समेत अन्य सदस्यों ने संबोधित किया और कार्यक्रम में कई वार्ड सदस्य मौजूद थे। संघ के द्वारा राज्यपाल व जिला पदाधिकारी के नाम नौ सूत्री मांगों का ज्ञापन वार्ड सदस्य संघ के एक शिष्टमंडल के द्वारा बीडीओ उमा भारती को सौंपा गया। मांगे पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन करने की घोषणा की गई। वही धरना कार्यक्रम में कई वार्ड सदस्यों ने भाग लिया।

## डबल मर्डर केश में गवाही के लिए डॉ को वारंट।

दैनिक समाज जागरण

केशव कुमार सिंह/ अनिल कुमार मिश्र, ब्यरोचीफ औरंगाबाद

औरंगाबाद (बिहार) 16 जुलाई 2022 :-व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एडिजे पन्द्रह अमित कुमार सिंह ने मदनपुर थाना कांड संख्या 154/21 में साक्ष्य पर सुनवाई करते हुए नहीं आ रहे डॉ आलोक रंजन पर साक्ष्य के लिए वारंट जारी किया है और

अगली तिथि 25/07/22 निर्धारित किया गया है अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस वाद में आठ अभियुक्तों में अभी भी चार अभियुक्त जेल में बंद हैं

30/06/21 को सूचक दीपक रिकियासन के सामने अभियुक्तों ने उसके माता पिता का गला काट कर हत्या कर दिये थे,इस वाद में साक्ष्य केलिए डॉ आलोक रंजन की गवाही आवश्यक है इससे पूर्व जिला अभियोजन कार्यलय ने इस मामले में पत्राचार कर सिविल सर्जन से 12/07/22को साक्ष्य उपलब्ध कराने की तिथि 15/07/22 बताया था

22 may 2022:Layout 1 7/17/2022 2:23 AM Page 12



## संक्षिप्त खबरें

### आंगन में थूकने के बाद हुआ ऐसा बवाल कि चलने लगे लाठी-डंडे, मारपीट में 13 घायल

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह हरदोई।कोतवाली शहर क्षेत्र के एक गांव में घर के आंगन में थूकने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जिसमें दोनों पक्षों से लाठी-डंडे और ईट पत्थर चले। मारपीट में दोनों पक्षों से 13 लोग घायल हो गए।




घटना की जानकारी पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है।शहर क्षेत्र के ग्राम बहलौली के अमर सिंह ने बताया कि घर की छत पर बच्चे धीरज, रूप सिंह, निरंकार आदि लेटे हुए थे। रूपसिंह में पड़ोस में रहने वाले अरुण के घर के आंगन में थूक दिया, जिसको लेकर विवाद हो गया। अरुण और उनके परिवार के लोगों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया विरोध करने पर एक पत्थर और लाठी डंडे से हमला कर दिया, जिसमें रूपवती, धीरज, रूप सिंह, लक्ष्मी, निरंकार और वह घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के अरुण सिंह ने बताया कि बेटी जूली घर के बाहर खड़ी थी।अमर सिंह के परिवार के रूप सिंह धीरज और निरंकार ने बेटी को पकड़ भी खींच लिया विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों और एक पत्थर से हमला कर दिया जिसमें उनके पक्ष के आकाश, अरुण, रोली, जूली, लालू, रत्ना और वह घायल हो गए। शहर कोतवाल संजय पांडे ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ सिटी विनोद द्विवेदी जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से घटना के संबंध में जानकारी ली। सीओ ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

**दोनों परिवारों में बंटवारे को लेकर चल रही है रंजिश :**

अरुण सिंह और अमर सिंह दोनों भाई हैं दोनों परिवारों में बंटवारे को लेकर रंजिश चल रही है और उसी रंजिश के चलते मामूली सी बात पर शुक्रवार रात विवाद में जमकर लाठी-डंडे चले।

### पुजारी ने गला काटकर दे दी जान सुसाइड नोट में नहीं बताया किसी को जिम्मेदार

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह हरदोई'फल मंडी के पीछे स्थित हरीपुरवा में शुक्रवार की रात पुजारी ने अपना गला काटकर जान दे दी। उन्होंने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें मौत का किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है।संजय द्विवेदी प्राइवेट नौकरी करते थे, लेकिन दो वर्ष से उन्होंने छोड़ दी और घर पर अपनी पत्नी अनीता और तीन पुत्र हिमांशू, अनुज व अभिषेक व एक पुत्री अंशू के साथ रहते थे। घर के ऊपर एक कमरे में उन्होंने मंदिर बनवा रखा था और उसी में ज्यादातर रहते। शुक्रवार की रात भी वहीं पर थे, काफी देर तक कोई आहट न मिलने पर उनकी पत्नी ऊपर गईं तो कमरा बंद था। जैसा कि पत्नी ने बताया कि उन्होंने अपने बड़े पुत्र को फोन कर बुलाया तो वह आया और दरवाजा तोड़ा तो उनका शव पड़ा मिला। गला कटा था और पास में ही एक कटर (लोहे की सरिया काटने वाला) पड़ा था। उन्होंने शोर मचाया तो अन्य लोग पहुंच गए। संजय द्विवेदी के पास एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें उन्होंने लिखा है कि सावन का माह है और महाकाल बुला रहे हैं। सीओ सिटी विनोद द्विवेदी ने बताया कि सुसाइड नोट कब्जे में ले लिया गया है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रमोद की दुकान पर जमा हैं 3200 रुपये संजय द्विवेदी ने पूरे होश में जान दी। उनके पास मिला सुसाइड नोट इसकी गवाही दे रहा है, जिसमें उन्होंने लिखा कि 3200 रुपया प्रमोद की दुकान पर जमा हैं, ले लेना। सुसाइड नोट के अंत में उन्होंने तिथि भी लिखी, जिसमें माह गलत हो जाने पर उसे सही भी किया।



### दुर्घटना में घायल नसीरपुर निवासी वृद्ध की इलाज के दौरान हुई मौत

***गुरु पूर्णिमा पर गंगा स्नान को जाते वक्त हुआ था हादसा***

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह पाली, हरदोई। दुर्घटना में घायल नसीरपुर निवासी वृद्ध की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। वृद्ध गुरु पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान को जा रहा था तभी वह फरुर्खाबाद जिले के मनकापुर स्थित एक कालेज के सामने दुर्घटना का शिकार हो गया था।



जानकारी के अनुसार पचदेवरा थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव निवासी हरिबक्स सिंह (60) पुत्र दफेदार गुरु पूर्णिमा के दिन पड़ोसी जनपद फरुर्खाबाद के पांचाल घाट पर गंगा स्नान को जा रहे थे। तभी फरुर्खाबाद की ओर से आ रही रोडवेज बस ने मनकापुर के कॉलेज के सामने हरिवक्श सिंह को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने थाना राजेपुर पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने हरिवक्श सिंह को एंबुलेंस की सहायता से डॉ राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल फरुर्खाबाद में भर्ती कराया। हरिवक्श सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए परिजनों ने फरुर्खाबाद के ही एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भी इलाज कराया, पर शुक्रवार देर शाम को इलाज के दौरान हरिवक्श सिंह की मौत हो गई। हरिवंश सिंह की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### खेत से घर जा रही युवती के बाइक चालक ने मारी टक्कर, जिला अस्पताल रेफर



**दैनिक समाज जागरण बेंहदर हरदोई।** खेत से घर जा रही एक युवती के सामने से तेज रफ्तार में बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल युवती को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां से युवती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तथा बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

कासिमपुर थाना क्षेत्र के सिरौली गांव के निवासी राजा द्विवेदी पुत्र राजकुमार द्विवेदी ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम को करीब पांच बजे मेरी पुत्री दीपा अपने खेत से घर जा रही थी।

तभी रास्ते में भालू पुत्र रघुवर निवासी अज्ञात ने सामने से लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार में दीपा के टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में घायल युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवती के पिता राजा द्विवेदी ने बताया कि बाइक चालक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

## सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराकर कड़ी कार्यवाही करें-डीएम

***गरीबों की शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष एवं न्याय पूर्ण ढ़ग से करायें- अविनाश कुमार चौकीदार एवं बीट सिपाहियों के माध्यम से प्रत्येक दिन गांव की गतिविधियों की जानकारी लें-एसपी***

**दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह**

हरदोई।तहसील सण्डीला में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित कानूनगो एवं लेखपालों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की चकरोड़, खेल मैदान, तालाब, ऊसर भूमि आदि समस्त सरकारी भूमि तथा गरीबों के पट्टे की भूमि को तत्काल कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वालों के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही कड़ी कार्यवाही करें।

समाधान दिवस में विद्युत, पेंशन, राशन वितरण आदि विभागों की 197 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से 10 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया शेष शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान एवं थाना समाधान दिवस में आने वाली फरियादियों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुने और शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष एवं न्याय पूर्ण ढ़ग से करायें। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करें और गांव की छोटी-मोटे विवादों को ग्राम प्रधान आदि सम्मानित लोगों की उपस्थित में आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराना सुनिश्चित करायें। उन्होने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र के दबंग, आसामाजिक व अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें और गांव के चौकीदार एवं बीट सिपाहियों के माध्यम से प्रत्येक दिन गांव की गतिविधियों की जानकारी लें।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सण्डीला देवेन्द्र पाल सिंह, जिला विकास अधिकारी, डीडी कृषि, जिला विद्यालय निरीक्षक वीके दुबे, क्षेत्राधिकारी सण्डीला महावीर सिंह सहित सभी जिलास्तरीय अधिकारी, ईओ, बीडीओ, सीडीपीओ, पूर्ति निरीक्षक, एमओआईसी आदि अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सदर तहसील में एडीएम वंदना त्रिवेदी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

## विधायक रानू सिंह ने किया छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण

सवायजपुर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वितरित किए गए टैबलेट




दैनिक समाज जागरण/ विष्णुकांत बाजपेई

पाली/ हरदोई। प्रदेश की योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के तहत सवायजपुर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू के द्वारा छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए।

विधायक रानू सिंह ने कहा कि इन टैबलेट की सहायता से विद्यार्थियों को अध्ययन में सहूलियत होगी। उनमें तकनीक का इस्तेमाल करने की क्षमता बढ़ेगी, और प्रधानमंत्री मोदी का डिजिटल इंडिया का सपना भी साकार हो सकेगा। विधायक ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार भी युवाओं को कौशल विकास के जरिए आत्मनिर्भर बनाने की कवायद में जुटी हुई है । उन्होंने कहा कि विद्यार्थी टेबलेट के प्रयोग से डिजिटल लेनदेन भी कर सकते हैं। छात्र-छात्राएं अपने उज्जवल भविष्य के लिए इस तकनीक का प्रयोग करें तो बेहतर रहेगा। विधायक ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के दूरगामी परिणाम होंगे । उन्होंने टैबलेट प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश गन्ना संघ के डायरेक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी, प्रधानाचार्य आरएस यादव, अनुदेशक द्वारिका प्रसाद, अंशुल यादव, सुमित सक्सेना, केएल चौरसिया, दिलीप बर्मा एवं मंडल अध्यक्ष केपी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## आजादी का अगृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक मनाया जायेगा स्वतन्त्रता सप्ताह

### हर घर तिरंगा कार्यक्रम के भव्यतापूर्ण सफल क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह

हरदोई। जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित स्वर्ण जयन्ती सभागार में ह्णआजादी का अगृत महोत्सव की राष्ट्रीय क्रियान्वयन समितिह्न के निदेशार्नुसार स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त तक मनाये जा रहे स्वतन्त्रता सप्ताह में देश के हर घर में तिरंगा फहराने की योजना ह्नहर घर तिरंगाह्न का जनपद में भव्यतापूर्ण सफल क्रियान्वन किये जाने हेतु गैर आवासीय भवनों में व्यापक कार्यक्रम में जनपद की विभिन्न सामाजिक,शैक्षणिक,औद्योगिक,व्यावसायिक ,वाणिज्यिक संस्थाओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा झण्डा उत्पादन, वितरण, फहराने हेतु जनसामान्य को प्रेरित करने एवं उक्त हेतु सीएसआर ससांधनों की उपलब्धता एवं उपयोग आदि के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रमुख सचिव संस्कृति अनुभाग, लखनऊ के निदेशार्नुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम सरकारी अधिकारी/कर्मचारी, शिक्षकगण, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों, विभिन्न वाणिज्यक एवं व्यवसायिक समूहों एवं संगठनों आदि के सहयोग से नगरीय निकायों के सीमान्तर्गत आने वाले समस्त सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, वाणिज्य एवं व्यवसायिक समूहों, गैर सरकारी संगठनों, रेस्टोरेन्ट, मॉल, शॅपिंग काम्प्लेक्स, थाना पुलिस चौकी, समस्त प्रमुख चौराहों, नदियों के घाटों, तालाबों इत्यादि को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से झण्डा फहराये जाने हेतु प्रेरित किये जाने एवं विभिन्न तिथियों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम यथा तिरंगा रंगोली तिरंगा मेला, तिरंगा खेल महोत्सव, घाटों पर उत्सव, पार्को में तिरंगा मिलन समारोह, वृक्षारोपण, सफाई, निबन्ध प्रतियोगिता राष्ट्रीय गीत/कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के आयोजन करने तथा ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भवनों/इमारतों, चौराहों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आयोजनों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिवारीजनों, भूतपूर्व सैनिकों, पुलिस कर्मियों /अधिकारियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करते हुए एवं उन्हें सार्वजनिक रूप से सम्मानित किये जाने हेतु बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी,पर्यवेक्षकों नामित करने के भी निर्देश दिये गये तिरंगा रंगोली, देशप्रेम,राष्ट्रीयकता को प्रोत्साहित करने वाले उद्बोधन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल आयोजन किये जाने व शासन द्वारा दिये गये अन्य निदेर्शों के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रयोग कर उस पर देश भक्ति के गीत चलाये जाने तथा प्रदूषण प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक, संचारी रोग पर नियंत्रण, स्वच्छता, पर्यावरण सरंक्षण, वृक्षारोपण तथा पौध रोपण से लाभ के बारे में जनसामान्य को जागरूक किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत आदि एवं अन्य अधिकारीगणों द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया।




### भाविप विवेकानंद शाखा बरवाला ने अनाथ आश्रम में वितरित किए फल और बिस्कुटे

हिसार (राजेश सलूजा) : समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला द्वारा संस्कृति सप्ताह के तहत मॉडल टाउन बरवाला में स्थित अनाथ आश्रम में फल और बिस्कुट वितरित किए गए। पूर्व महिला अध्यक्ष आशा चुघ ने बताया कि इस प्रोजेक्ट मे मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अलका सरदाना ने शिरकत की और अध्यक्षता प्रधान वीरभान मिडडा ने की। मुख्य अतिथि नगरपलिका चेयरमैन प्रतिनिधि अलका सरदाना ने अपने संबोधन में कहा कि अनाथ आश्रम में जरूरतमंद लोगों की सेवा करना वास्तव में ही प्रभु सेवा है। इस पुण्य के कार्य में प्रत्येक इंसान को अपना योगदान देना चाहिए। इस पुण्य कार्य को करने से मन को बड़ी प्रसन्नता मिलती है। उन्होंने सभी को इस तरह के पुण्य कार्य समय-समय पर करते रहने का आह्वान किया ताकि जरूरतमंदों की सेवा की जा सके। इस अवसर पर अध्यक्ष वीरभान मिडडा, सचिव सतबीर नेहरा, उपाध्यक्ष हरबंस वधवा, पूर्व महिला अध्यक्ष कुमारी आशा चुघ, संजीव भाटिया, उपाध्यक्ष सुबे सिंह शेखावत, महिला अध्यक्ष सुदेश चहल पुनिया, नीलम सलूजा, प्रांतीय संयोजिका सुनीता मनचंदा, ओमप्रकाश मनचंदो महेश कपिल, प्रकाश चंद्र पूनिया, मास्टर सुदर्शन खुराना, सुनीता वधवा, संजय मेहता, मंजू मेहता, गरिमा, राज मिडडा व श्याम चुघ समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



### तहसील सभागार में एनडीआरएफ के जवानों संग हुई बैठक

***दैवीय आपदा और बाढ़ से निपटने के लिए आपदा मित्रो को दिया प्रशिक्षण***

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी निघासन खीरी ---नगर पंचायत निघासन के तहसील सभागार मे उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में एनडीआरएफ के अधिकारियों और शासन द्वारा नियुक्त आपदा मित्रो को बाढ़,आग,एवं भूकंप आदि से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया गया जिसमें मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी निघासन राजेश कुमार की मौजूदगी मे निघासन शासन द्वारा नियुक्त किए गए आपदा मित्रो को एनडीआरएफ की टीम के कमांडर कमल किशोर गुप्ता के द्वारा तहसील सभागार में ग्रामीण इलाकों में दैवीय आपदा से घटित होने वाली घटनाओं जैसे बाढ़,आग,एवं भूकंप आदि जैसी आपदाओं से निपटने के लिए बचाव के गुण सिखाते हुए मौके पर ही प्राथमिक उपचार के लिए प्रशिक्षण दिया गया ।इस मौके पर तहसीलदार भीमचंद सहित एनडीआरएफ टीम के एसआई जितेंद्र सिंह यादव,अजय कुमार, रंजन जायसवाल, परमजीत सिंह, लोकेश चौहान, सत्यपाल, नितिन कुमार, सहित इन्द्रजीत आपदा मित्र, सचिन गुप्ता, राकेश गुप्ता, आदि तहसील से नियुक्त समस्त आपदा मित्र, कर्मचारी और, प्रशासनिक अधिकारी निघासन सभागार में इस बैठक में उपस्थित रहे

### बजाज चीनी मिल पलिया के अधिकारियों और किसानों के साथ हुई बैठक

***गन्ने की पैदावार अधिक हो गन्ने की फसल में रेड रॉड और अन्य रोग से बचें उप गन्ना प्रबंधक***

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

निघासन खीरी---ब्लाक निघासन के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बम्हपुर के निकट ग्राम रामपुर में बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड चीनी मिल पलिया से आए अधिकारियों द्वारा सिद्ध पीठ गायत्री चेतना केन्द्र रामपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गन्ना कैन जीएम राजीव तोमर जी की उपस्थिति में उप गन्ना प्रबंधक अशोक मौर्य ने कीट फंगस और रेड रॉड साथ ही बहुत से अन्य रोगों के बारे में जानकारी दी। साथ ही कैन जीएम तोमर जी के द्वारा बताया गया गन्ने का बीज लेते समय रोग ग्रसित गन्ने का बीज न ले जिससे खेतो में रोग आसानी से ज्यादा फैलता है। रेड रॉड जैसी और कई अन्य बीमारियां गन्ने को कमजोर बनाती है जिससे गन्ने की फसल को काफी नुकसान होता है। और किसानों को काफी छती पहुंचती है इस लिए समय समय पर उपचार और दवा छिड़काव करना जरूरी हो जाता है। साथ ही रोगों के बचाव के लिए कई उपाय बताए साथ ही किसानों और मिल प्रशासन के बीच समंजस बना के रखना जरूरी है जिससे सही समय पर हमारे किसान भाईयों को नए बीज और साथ ही छिड़काव हेतु कीट नाशक दवाओ की जानकारी मिलती रहेगी। बजाज मिल पलिया के प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह वरिष्ठ गन्ना अधिकारी हरद्वारी लाल, रोशनलाल, आदि लगभग आधा दर्जन अधिकारी गण इस बैठक मे मौजूद रहे। जीएम साहब द्वारा गन्ना मूल्य भुकतान को लेकर जनकारी दी गई गन्ने की सीजन चलने से पहले हम अधिकारियों द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है कि लगभग 80%गन्ना भुकतान करा सके।क्षेत्र से आए किसान रविंद्र राठौर, श्री राम राठौर, डा. छत्रपाल, मूल चंद्र, मुन्ना लाल , प्रदीप, संतोष मौर्य, मेवालाल, काशी राम, रामसरूप पाल, लखविंदर सिंह, रामाकांत दीक्षित, मगन बिहारी रामप्रवेश, रामविलास, राजेश, विजय मौर्य, आदि अनेक क्षेत्रीय किसान इस बैठक में उपस्थित रहे।




## जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन पॉलीटेक्निक, वर्कशाप, छात्रावास एवं जीआईसी कालेज का निरीक्षण किया

***शेष निर्माण कार्यो को निर्धारित समय में मानक के अनुसार गुणवत्ता परक पूर्ण करायें-अविनाश कुमार***

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह हरदोई। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने आज सण्डीला-बेनीगंज मार्ग पर निमार्णाधीन राजकीय पॉलीटेक्निक, वर्कशाप, बालिका छात्रावास एवं बेगमगंज में निमार्णाधीन राजकीय इण्टर कालेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पॉलीटेक्निक निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शेष कार्यो को निर्धारित समय में मानक के अनुसार पूर्ण करायें। निरीक्षण में अलमारियों की खराब गुणवत्ता पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अलमारियों का कार्य सही कराये। राजकीय इण्टर कालेज के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने समस्त कक्षों का निरीक्षण किया तथा कुछ कमियां पाये जाने पर संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिये कि समस्त कार्यो को गुणवत्ता परक समय सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कालेज में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक वीके दुबे, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, प्रधानाचार्या आदि उपस्थित रहे।



### प्रशासन का सहयोग करें अतिक्रमण न करें - उप जिलाधिकारी सदर

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह हरदोई।उपजिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन ने बताया है कि अतिक्रमण मुक्त अभियान के अंतर्गत ईओ नगर पालिका व पुलिस टीम के साथ मिलकर उन्होंने नगर पालिका परिषद हरदोई के वार्ड संख्या दो सिविल लाइन पूर्वी में पुलिस लाइन के सामने से रंजना होटल से होते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा तक ब्रान अभियान चलाकर अतिथि होटल,तिरुपति होटल व अन्य नागरिकों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाते हुए 10 हजार रुप का जुमार्ना किया गया तथा लोगों को अतिक्रमण ना करने की बात कही तथा सभी से अपील की प्रशासन का सहयोग करें अतिक्रमण ना करें अपने जनपद को साफ सुथरा अतिक्रमण मुक्त करे। इस मौके पर उनके साथ उप जिलाधिकारी सदर न्यायिक अभिषेक सिंह ,अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला क्षेत्राधिकारी अंकित मिश्रा आदि मौजूद रहे।



### पत्रकार से अभद्रता कर दबंग हेड कांस्टेबल ने मारने के उद्देश्य से उठाया डंडा!

दैनिक समाज जागरण /अक्षय त्रिपाठी टड़ियांवा। थाना क्षेत्र के गाँव बरबटापुर मजरा टड़ियावां के निवासी आनंद राव को बीते दिन हेड कांस्टेबल मोती कुशवाहा ने बेवजह माँ बहन की गाली गलौज कर मारने के उद्देश्य से डंडा उठाया,आखिर किसके संरक्षण में टड़ियावां पुलिस आम नागरिकों सहित पत्रकार से अपराधियों जैसा कर रही व्यवहार।



थाना क्षेत्र टड़ियावां के गाँव बरबटापुर निवासी आनंद राव ने सीएम से की ऑनलाइन शिकायत में बताया कि वह पेशे से एक पत्रकार हैं एवं एक सीधा व स्वच्छ छवि का व्यक्ति है। बीते वर्ष एक सड़क हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हुआ था। सिर में अधिक चोट आने के कारण कोमा में चला गया था। काफी इलाज के बाद चार माह पूर्व वह कोमा से बाहर आया है जिसका इलाज अभी भी चल रहा है।

बीते शुक्रवार के दिन थाना टड़ियावां के हेड कांस्टेबल मोती कुशवाहा उसके गाँव आये पीड़ित उस दौरान अपने घर के बाहर गेट पर बैठा था। हेड कांस्टेबल मोती कुशवाहा आये और पड़ोस में रहने वाले युवक के घर न मिलने पर कहा यह नम्बर लो और तेरे पड़ोसी आये तब उनको दे देना पीड़ित ने कहा कि हां दे देंगे,उक्त हेड कांस्टेबल ने पुनः कहा कि साले नम्बर तेरे पास है या नही तब पीड़ित ने कहा जो नम्बर प्रभारी निरीक्षक का मेरे पास है वही नम्बर हम पड़ोसी के आने पर उसे दें देंगे। इतने में ही उक्त हेड कांस्टेबल अपनी दबंगई दिखाते हुए माँ बहन की गन्दी गन्दी गालियां देने लगे और पीड़ित के द्वारा गाली देने से मना किया गया,पीड़ित के घरवालों ने पीड़ित की बीमारी के बारे में उक्त हेड कांस्टेबल को बताया फिर भी उक्त हेड कांस्टेबल उग्र होकर गाली गलौज करते हुए डंडा लेकर पीड़ित को मारने दौड़े तब पीड़ित की बहन आ गयी और जैसे तैसे उक्त हेड कांस्टेबल के हाथ जोड़ कर पीड़ित को घर के अंदर भेजा। अब सोचनीय विषय यह है कि जब सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने लोगो को बेवजह परेशान न करने की हिदायत के साथ पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक हरदोई ने भी सभी पुलिस कर्मियों को बेवजह किसी को परेशान न करने के साथ सभी नागरिकों से अच्छा व्यवहार रखने के निर्देश दे रखे उसके बाद भी यहां टड़ियावां पुलिस के हेड कांस्टेबल मोती कुशवाहा आखिर किसके संरक्षण मे पत्रकार व आम जनमानस के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं।

### गंगा दूतों के प्रशिक्षण के दौरान मनाया गया भूगर्भ जल सप्ताह

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह हरदोई। नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत ग्राम स्तरीय गंगा दूतों का प्रशिक्षण साण्डी ब्लॉक के छोछपुर पंचायत भवन में भूगर्भ जल सप्ताह के उद्घाटन के साथ आरम्भ किया गया। प्रशिक्षण में साण्डी के गंगा किनारे के 6 गांवों- कटरी छोछपुर, मंसूरपुर, नगरा साहसी, छोछपुर, उमरौली हैदर और तेरा पुरसोली से गंगा दूत उपस्थित रहे। साथ ही सभी युवाओं का उत्साहवर्धन करने हेतु सभी गांवों के ग्राम प्रधान भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने भूगर्भ जल सप्ताह का मुख्य विचार जन-जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण अपनाना है को आम जनमानस तक पहुंचाया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को बताया कि भूजल हमारे जीवन का अमूल्य धन है, हमे इसका अनुपयुक्त दोहन नही करना चाहिए। स्पीअरहैड कैलाश चंद्र और जितेंद्र कुमार वर्मा ने भूजल संचयन के तरीकों पर विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से प्रशिक्षुओं को संचयन के तरीके बताए। स्पीअरहैड भवानी प्रसाद शर्मा ने उपस्थित ग्रामवासियों को तमाम सरकारी योजनाओं जैसे कैच द रेन, हर घर जल, नमामि गंगे परियोजना आदि के विषय मे बताते हुए कहा कि इन सभी योजनाओं की जरूरत हमे आज इसलिए पड़ रही है क्योंकि हमने भूजल और इसकी स्वच्छता को कभी गंभीरता से नही लिया, उन्होंने कहा कि यदि सरकार, प्रशासन और विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं इसके लिए कार्य कर सकती हैं तो प्रत्येक नागरिक के यह कर्तव्य बनता है कि वह इस महाभियान का अंग बने।

इस मौके पर स्पीअरहैड प्रियंशु अवस्थी, सुषमा वर्मा, संदीप, नीतू, सीवी ने भी भूजल दोहन विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। दो दिवसीय प्रशिक्षण का कल द्वितीय दिवस है।